**3** | **राजधानी** लग सकता है रात का कर्फ्यू

**6** | **अभिमत** पश्चिम बंगाल का पुनर्जीवन

**10** | **स्पोर्ट्स** रोहित के बिना उतरेगी टीम इंडिया

**11** | **विदेश** ट्रंप ने पूर्व एनएसए माइकल फ्लिन को दी माफी

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 23
नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 नवंबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




ग्रैमी से कुपित हुए जस्टिन बीबर
विविध-12

www.dailypioneer.com

# दिल्ली कूच कर रहे किसानों और पुलिस के बीच झड़प

- हरियाणा में आंसू गैस, पानी की बौछार, बैरिकेडिंग को तोड़ आगे बढ़े आंदोलनकारी, ईंट पत्थर भी चले
- भिड़ंत में एक दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मी जख्मी

**शिखा शर्मा**। चंडीगढ़



हरियाणा में गुरुवार को दिल्ली कूच कर रहे किसानों को रोकने के लिए पानी की बौछार करती पुलिस।

**कृषि** कानूनों के विरोध में दिल्ली कूच कर रहे किसानों पुलिस के साथ जमकर झड़प हुई। किसान हरियाणा पंजाब बार्डर की बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए दिल्ली की सीमा में पहुंच गए हैं। किसानों के को रोकने के लिए अंबाला, जींद, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल व रोहतक में पानी की बौछारें की गई और आंसू गैस छोड़ी गई। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में किसानों ने पथराव भी किया, जिसमें एक दर्जन से ज्यादा पुलिस कर्मी चोटिल हो गए। गुरुवार को दिनभर किसानों का जोशीले अंदाज में दिल्ली कूच जारी रहा। पानी की बौछारें व आंसू गैस भी किसानों को जोश को कम नहीं कर पाई। दिल्ली कूच को लेकर दिनभर हरियाणा-पंजाब सीमाओं पर तनाव की स्थिति रही तो दिल्ली में सिंघू बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। दिल्ली में पड़ाव को लेकर पिछले दो दिनों से किसान आगे बढ़ रहे हैं। पंजाब से सटे जिले की सीमाओं पर डटे किसानों ने योजनाबद्ध तरीके से बैरिकेडिंग तोड़कर दिल्ली की ओर कदम बढ़ाया।

हरियाणा के शंभू बार्डर पर दिनभर स्थिति तनाव की स्थिति रही। अंबाला-पटियाला बार्डर पर किसान उग्र हो गए और पुलिस की बैरिकेंडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए वाटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में किसानों ने पथराव भी किया। वहीं हरियाणा के मोहड़ा से चला किसानों का जत्था मोहड़ा, शाहाबाद व पिपली की नाकेबंदी को लांघकर पानीपत जिले की सीमा में प्रवेश कर गया। किसान पूरा राशन-पानी व तमाम बंदोबस्त करके दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं। अंबाला में पंजाब-हरियाणा के सादोपुर बार्डर पर दिल्ली जाने पर अड़े किसानों ने बैरिकेड और पुलिस नाका तोड़ने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने हल्का लाठी चार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। इस दौरान पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार भी की। बाद में पंजाब के किसानों को आगे बढ़ने की अनुमति दे दी गई।

कैथल में किसानों पर लाठीचार्ज किया गया। इसके बावजूद किसान नहीं रुके और आगे बढ़ते गए। किसानों की भारी संख्या को देखते हुए पुलिस बल को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। किसान नहीं मानें और बैरिकेड हटाकर आगे बढ़ने लगे। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने उन पर वॉटर कैनन से पानी की बौछार की। बावजूद किसान आगे बढ़ने लगे तो उन पर लाठीचार्ज शुरू कर दिया। किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए रोहतक में पुलिस ने पूरी बल प्रयोग किया। रोहद टोल पर पुलिस ने किसानों को गिरफ्तार कर लिया गया। किसानों ने इसका विरोध भी किया और हंगामा हो गया। पुलिस ने कुछ किसान नेताओं को पहले ही गिरफ्तार कर जेल में बंद दिया है, वहीं चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में गुरुवार को हजारों की संख्या में किसानों ने पंजाब शंभू बेरिकेडिंग को तोड़ते हुए जिले की सीमा में प्रवेश किया, लेकिन शाहाबाद के त्योड़ा थेह पर किसानों को रोक लिया गया। जहां पंजाब के किसान संगठनों ने बलबीर सिंह राजोवाल के इशारे पर त्योड़ा थेह के बेरिकेट को तोड़कर दिल्ली की ओर कूच किया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी की अगुवाई में राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते किसानों का जत्था दिल्ली कूच कर रहा है। किसानों के जत्थे को करनाल जिले की सीमा में रोक लिया गया। किसानों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश तो पुलिस ने पानी की बौछारें छोड़ी थी। इसके बाद किसान बैरिकेडिंग तोड़ते हुए आगे बढ़े। किसानों के दिल्ली कूच को लेकर सोनीपत में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। कुंडली बॉर्डर पर कड़ी नाकेबंदी की गई है। ड्रोन से हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है। केंद्र से रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 5 कंपनियां कुंडली बार्डर पर तैनात की गई हैं। इसके साथ ही सिरसा, अम्बाला, जींद में पंजाब बॉर्डर और सोनीपत में दिल्ली बॉर्डर पर भी अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां तैनात हैं। पुलिस की 14 अतिरिक्त कंपनियां भी लगाई हैं।

## छावनी में तब्दील हुईं दिल्ली की सीमाएं

- वाहनों की जांच के चलते नोएडा, गुरुग्राम की सीमा पर वाहनों का लगा लंबा
- ट्रैक्टरों को रोकने के लिए पुलिस ने सिंघू सीमा पर पहली बार रेत से भरे ट्रक किए खड़े
- जंतर-मंतर पर जुटे 70 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया, बाद में छोड़ा



फोटोः रंजन डिमरी

नई दिल्ली में कृषि कानून के विरोध में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर जाती पुलिस।

**शेखर सिंह**। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी की सीमाओं पर तैनात दिल्ली पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच भारी जद्दोजहद चल रही है। किसान विभिन्न स्थानों पर हरियाणा पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड को पार कर दिल्ली में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्र के कृषि सुधार बिलों के विरोध में पंजाब के किसानों ने 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक 70 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। इसमें अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस, लेफ्ट ट्रेड यूनियन, एसएफआई और जेएनयू के छात्र शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि ये सभी जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए इकट्ठा हुए थे। उन्हें चेतावनी दी गई तथा उन्हें यह बताया गया कि उन्हें यहां प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। लेकिन उन्होंने इसको मानने से इनकार कर (शेष पेज 9)

### एनसीआर से दिल्ली की ओर आज नहीं चलेगी मेट्रो

**नई दिल्ली**। केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च को देखते हुए दिल्ली मेट्रो की सेवाएं शुक्रवार को पड़ोसी शहरों से राष्ट्रीय राजधानी तक स्थगित रहेंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेट्रो सेवाएं हालांकि दिल्ली से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के हिस्सों के लिए उपलब्ध होंगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने ट्विटर पर कहा कि कल (शुक्रवार) के लिए अपडेट। दिल्ली पुलिस की सलाह के अनुसार, मेट्रो सेवाएं केवल दिल्ली से एनसीआर हिस्से की ओर उपलब्ध होंगी। हालांकि, सुरक्षा कारणों से एनसीआर स्टेशनों से दिल्ली की ओर सेवाएं अगली सूचना तक उपलब्ध नहीं होंगी।'

## पाक आतंकियों ने जो घाव दिए देश उसे कभी नहीं भूलेगाः मोदी



- प्रधानमंत्री ने इस्लामाबाद को दिया कड़ा संदेश, 26/11 मुंबई हमले के शहीदों की दी श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा**। केवडिया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत 26 नवंबर के मुंबई आतंकवादी हमले के जख्म को कभी नहीं भूल सकता तथा देश एक नई नीति और एक नई प्रक्रिया के साथ आतंकवाद से मुकाबला कर रहा है।

मुंबई आतंकवादी हमले की 12वीं बरसी पर मोदी ने कहा, उस आतंकवादी हमले में कई लोग मारे गए और कई देशों के लोग इसके शिकार हुए। मैं उन सभी को श्रद्धांजलि देता हूं। मैं उन सुरक्षाकर्मियों को नमन करता हूं जिन्होंने उस हमले में अपनी जान गंवा दी। मोदी यहां वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों के 80वें अखिल भारतीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। दो दिन का यह सम्मेलन बुधवार को शुरू हुआ था जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत अब नई नीति और नई प्रक्रिया के साथ आतंकवाद से लड़ रहा है।

उन्होंने आतंकी साजिशों को नाकाम करते हुए आतंकवाद से लड़ने वाले, भारत के सुरक्षा बलों की भी सराहना की। मोदी ने कहा, मैं 26 नवंबर के मुंबई हमले जैसे बड़े आतंकी हमलों को नाकाम करने वाले अपने सुरक्षा बलों को नमन करता हूं। वे आतंकवाद को करारा जवाब दे रहे हैं और (शेष पेज 9)

## आतंकी हमले में सेना के दो जवान शहीद

**पायनियर समाचार सेवा**। श्रीनगर, जम्मू

**जम्मू**-कश्मीर में श्रीनगर के बाहरी हिस्से परिम्पुरा इलाके में आतंकवादियों ने सेना की त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) पर बृहस्पतिवार को हमला कर दिया, जिसमें दो जवान बलिदान हो गए। पुलिस ने बताया कि परिम्पुरा के भीड़-भाड़ वाले खुशीपुरा इलाके में दोपहर के समय वैन में सवार दो-तीन आतंकवादियों ने क्यूआरटी टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। उन्होंने बताया कि हमले में दो जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए और उन्हें नजदीकी शरीफाबाद शिविर में सेना के अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया, उन्हें (घायल जवानों) को नजदीकी चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। बहरहाल, दोनों ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हमलावरों का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और खोज अभियान शुरू कर दिया है। प्रवक्ता ने बताया, भीड़-भाड़ वाला इलाका होने की वजह से हमारे जवानों ने संयम बरता ताकि कोई आम (शेष पेज 9)

## निवार तूफान से तमिलनाडु में गई पांच लोगों की जान

- 130 किमी रफ्तार से चली हवाओं ने उखाड़े पेड़ बिजली और टेलीफोन के खंभे, भारी बारिश

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**गंभीर** चक्रवाती तूफान निवार से तमिलनाडु में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। तूफान गुरुवार तड़के करीब 2.30 बजे 130 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं के साथ पुडुचेरी तट से टकराया।

बेहद तेज हवाओं की जद में आए पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जबकि जोरदार बारिश से तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई इलाकों में बाढ़ आ गई। हवाई यातायात, मेट्रो रेल और बस परिवहन करीब 14 घंटे के बाद दोबारा शुरू हुआ। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक और कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इससे तमिलनाडु में 29 नवंबर से फिर भारी बारिश होने की संभावना है। तूफान की तीव्रता गुरुवार दोपहर तक कमजोर पड़ गई। इसके बाद पुडुचेरी में धारा 144 हटा ली गई है। दोनों प्रभावित राज्यों के कई इलाकों में रेल, हवाई और सड़क यातायात खोल दिया गया। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, तूफान और भारी बारिश से दक्षिणी राज्यों में हजारों एकड़ धान की फसलें नष्ट हो गई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान के कारण कम से कम पांच लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए, जबकि पुडुचेरी से किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। तूफान से तमिलनाडु के कुड्डलोर, मारक्कणम और कहीं-कहीं पुडुचेरी में घरों को नुकसान पहुंचा है। पेड़ और बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। आंध्र प्रदेश से भी एक व्यक्ति की मौत की खबर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तूफान प्रभावित तमिलनाडु और पुदुचेरी के मुख्यमंत्रियों से बात की और उन्हें केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। आईएमडी ने ट्वीट कर कहा (शेष पेज 9)

## एस्ट्राजेनेका ने गलती मानी, टीके के शुरुआती नतीजों पर उठे प्रश्न

**एपी**। लंदन

**एस्ट्राजेनेका** और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने एक विनिर्माण त्रुटि को स्वीकार किया है जिससे कोविड-19 के प्रायोगिक टीके के शुरुआती नतीजों पर सवाल उठ रहे हैं। एक बयान में बुधवार को गलती के बारे में बताया गया है। इससे कुछ दिन पहले कंपनी और विश्वविद्यालय ने कहा था कि प्रायोगिक टीका बेहद प्रभावी है। लेकिन इसमें इस बात का उल्लेख नहीं किया गया था कि अध्ययन में हिस्सा लेने वाले कुछ प्रतिभागियों को टीके की दो खुराकों में से पहली वाली में उतनी मात्रा में टीका क्यों नहीं दिया गया, जितना अपेक्षा के अनुसार दिया जाना था। आश्चर्य की बात है कि अध्ययन में स्वेच्छा से हिस्सा ले रहे लोगों के जिस समूह को टीके की कम खुराक दी गई थी, वे उस समूह से अधिक बेहतर सुरक्षित लगते हैं जिन्हें पूरी खुराकें दी गई हैं। एस्ट्राजेनेका ने कहा कि कम खुराक लेने वाले समूह में टीका 90 प्रतिशत तक असरदार प्रतीत होता है, जबकि जिस समूह को पूर्ण दो (शेष पेज 9)

## देसी टीके कोवैक्सीन का तीसरा ट्रायल एम्स में शुरू

- संस्थान के न्यूरोसाइंस सेंटर के प्रमुख और तीन अन्य स्वयंसेवियों को दी गई पहली खुराक
- अंतिम ट्रायल के दौरान एम्स में 15,000 और देशभर में 28,500 लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**हैदराबाद** स्थित भारत बायोटेक के स्वदेशी टीके कोवैक्सीन का तीसरे चरण का ट्रायल गुरुवार से यहां एम्स में शुरू हो गया। न्यूरोसाइंस सेंटर के प्रमुख डॉ. एमवी पद्म श्रीवास्तव और तीन अन्य वॉलंटीयर्स को पहली खुराक दी गई। अगले कुछ दिनों के दौरान एम्स में लगभग 15,000 स्वयंसेवकों को यह टीका लगाया जाएगा। भारत बायोटेक को ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने कोवैक्सीन के तीसरे चरण के ट्रायल की अनुमति दे दी है। एम्स के अधिकारियों ने बताया कि 0.5 मिलीलीटर इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन की पहली खुराक चार स्वयंसेवकों को दी गई। चारों लोगों को दो (शेष पेज 9)

### प्रधानमंत्री कल सीरम इंस्टीट्यूट का करेंगे दौरा

**पायनियर समाचार सेवा**। पुणे

**पीएम** नरेन्द्र मोदी शनिवार को पुणे स्थिति सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) का दौरा करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कोविड-19 के टीके के लिए एसआईआई ने वैश्विक दवा निर्माता एस्ट्राजेनका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी की है। केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन ने (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,259 | ↑ 431 | |
| निफ्टी | 12,987 | ↑ 128 | |
| सोना | 48,457 | ↑ 17 | /10g |
| चांदी | 59,513 | ↑ 28 | /kg |

### क्विक न्यूज

**लालू प्रसाद यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**

**पटना**। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां एक भाजपा विधायक ने प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिन्हें कथित तौर पर लालू ने विधानसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में राजग उम्मीदवार को हराने में मदद करने के बदले मंत्री पद देने की पेशकश की थी। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने मंगलवार रात अपने ट्विटर अकाउंट से उस कथित फोन कॉल का विवरण साझा किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर विधायक ललन कुमार पासवान द्वारा दायर प्राथमिकी की प्रति के साथ यह जानकारी साझा की। दूसरी ओर इसी मामले में लालू यादव को रांची में रिम्स के निदेशक के बंगले से वापस अस्पताल के पेइंग वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों पर 31 दिसंबर तक बढ़ी रोक

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस महामारी के मद्देनजर कमर्शल अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 31 दिसंबर तक निलंबित रहेंगी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गुरुवार को कहा कि जरूरत के आधार पर सिर्फ चुनिंदा रूटों पर ही विमान उड़ान भरेंगे। हालांकि, ये प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय ऑल-कार्गो संचालन और डीजीसीए द्वारा मंजूरशुदा उड़ानों पर लागू नहीं होंगे। कोरोना वायरस के चलते बीते 26 जून को उड़ानों पर रोक लगाई गई थी। डीजीसीए ने गुरुवार को इसमें आंशिक सुधार करते हुए अंतरराष्ट्रीय कमर्शल यात्री उड़ानों पर प्रतिबंध आगे बढ़ा दिए हैं और आगामी 31 दिसंबर की आधी रात यानी 11 बजकर 59 मिनट तक लागू रहेंगे। डीजीसीए ने इससे पहले अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालन (शेष पेज 9)

## संगीता फौगाट व पहलवान बजरंग ने शुरू की जीवन की नई पारी

- कोरोना संकट के चलते सादगीपूर्ण माहौल में कुश्ती जगत के दोनों दिग्गजों ने रचाई शादी
- दंपति ने आठवां फेरा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संकल्प के रूप में लिया

**पायनियर समाचार सेवा**। चंडीगढ़



एक दूजे के हो गए संगीता फौगाट और बजरंग पूनिया

**दंगल** गर्ल गीता और बबीता फौगाट की छोटी बहन तथा द्रोणाचार्य अवार्डी कुश्ती कोच महावीर फौगाट की बेटी संगीता फौगाट और पद्मश्री पहलवान बजरंग पूनिया परिणय सूत्र में बंध गए। बुधवार देर रात चरखी दादरी जिले के गांव बलाली में शादी सादगीपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। इसमें दोनों ओर से मेहमानों की संख्या काफी सीमित थी। कोरोना वायरस के संक्रमण के मद्देनजर लागू गाइडलाइन के कारण शादी समारोह में मेहमानों की संख्या सीमित रखी गई थी। शादी के बाद कुश्ती क्षेत्र के दोनों दिग्गज जीवन की अपनी नई पारी को लेकर काफी खुश दिखे। गांव खुड्डन के मूल निवासी तथा वर्तमान में सोनीपत में रहने वाले पहलवान बजरंग पूनिया केवल 31 बारातियों को साथ लेकर बुधवार रात संगीता के संग सात जन्मों के बंधन में बंधने और उनकी डोली अपने घर ले जाने के लिए पहुंचे। जैसा कि पहले ही दोनों परिवारों ने कहा था कि कोविड-19 की गाइडलाइनों के चलते वैवाहिक आयोजन बेहद सादगीपूर्ण माहौल में होगा, उसी के अनुरूप गांव बलाली में दोनों तरफ से कुल 50 लेकर 60 तक ही मेहमान बुलाए गए थे।

तमाम पारिवारिक, सामाजिक, लोक परंपराओं से जुड़ी रस्मों जैसे लग्न, गोरवा, घुड़चढ़ी, वरमाला इत्यादि के बाद संगीता व बजरंग ने सात की बजाय आठ फेरे लिए। बड़ी बहन गीता व बबीता फौगाट की तरह संगीता ने भी आठवां फेरा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संकल्प के रूप में लिया। पहलवान महावीर फौगाट का कहना है कि वैसे तो उन्हें अपनी बेटी को घर से विदा करते समय काफी पीड़ा हो रही है लेकिन संसार के नियमों को निभाना जरूरी है। इसके साथ-साथ उन्हें खुशी है कि उनकी बेटी संगीता पहलवान बजरंग पूनिया जैसे अच्छे युवक और उसके संस्कारित परिवार में जा रही है।

## 'पायनियर' लखनऊ के स्थानीय संपादक को भातृ शोक

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**पायनियर** के स्थानीय संपादक विजय प्रकाश सिंह के बड़े भाई शिव प्रकाश सिंह (62 वर्ष) का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। कोरोना (कोविड-19) पॉजिटिव होने के बाद बीते 17 नवंबर की रात उन्हें लखनऊ के एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे पत्नी और दो बेटों का परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना ही है। साथ ही शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रगट की है। तमाम पत्रकारों, राजनीतिक संगठनों और गणमान्य लोगों ने भी शोक जताते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को सुबह 10 बजे भैंसाकुंड श्मशान घाट पर किया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 नवंबर 2020



# किसान आंदोलन के चलते लगा लंबा जाम

## नोएडा-दिल्ली बॉर्डर पर पुलिस के जवानों के साथ सीआरपीएफ की भी लगी ड्यूटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा-दिल्ली बॉर्डर पर कड़ी चौकसी के चलते लंबा ट्रैफिक जाम लगा रह जो खबर लिखे जाने तक बना रहा। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के दिल्ली चलो विरोध मार्च को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी सख्त कर रखी थी। इससे डीएनडी और दूसरे सभी बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी।

पुलिस ने कहा कि सीमा पर दिल्ली पुलिस ने किसानों द्वारा संचालित ट्रैक्टरों की आवाजाही रोकने के लिए रेत से भरे ट्रकों को खड़ा किया हुआ है। यह पहला मौका है जब शहर की पुलिस ने सीमा पर रेत से भरे ट्रकों को खड़ा किया था। पुलिस ने बताया कि सीमा को सील नहीं किया गया है लेकिन वे राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की जांच कर रहे हैं।



नोएडा बॉर्डर पर लगी वाहनों की कतारें। फोटो : दीपक यादव

पुलिस उपायुक्त पूर्वी दिल्ली जसमीत सिंह ने कहा, हमारा मुख्य ध्यान गाजीपुर सीमा, चिल्ला सीमा और डीएनडी पर है। वहां पहले से ही पुलिस कर्मियों की भारी तैनाती की गई जो चौबीसों घंटे मुस्तैद रहेंगे। साथ ही बॉर्डर पर अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया है। पुलिस जिले की अन्य छोटी सीमाओं की भी जांच करेगी। सभी सीमाओं पर पुलिस को सक्रिय कर दिया गया है।

इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने 26 और 27 नवंबर को केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन करने के विभिन्न किसान संगठनों के अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया था। पुलिस ने मंगलवार को कहा था कि अगर वे कोविड-19 महामारी के बीच किसी भी सभा के लिए शहर में आते हैं तो विरोध करने वाले किसानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ● दोपहर तक मेट्रो सेवा भी रही प्रभावित

किसानों के मार्च को देखते हुए दिल्ली मेट्रो सेवा भी खबर लिखे जाने तक प्रभावित रहीं। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने कहा कि इस अवधि में आनंद विहार से वैशाली और न्यू अशोक नगर से नोएडा सिटी सेंटर तक कोई मेट्रो सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। सुल्तानपुर और गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशनों के बीच भी मेट्रो सेवा उपलब्ध नहीं थी।

## दिल्ली जा रहे भाकियू कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाते समय पुलिस ने मोहन नगर चौराहे पर रोक दिया। जिसके बाद भाकियू अम्बावत के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लाए नए कृषि कानून के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के प्रदेश महासचिव मुकेश सोलंकी ने बताया कि केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में वह दिल्ली में कार्यकर्ताओं के साथ जतंर-मंतर पर धरना देने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें मोहननगर चौराहे पर ही रोक दिया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद शर्मा, गाजियाबाद जिला अध्यक्ष अमित कसाना, गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष विकास यादव, विधान सभा अध्यक्ष वीनू आधान समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सौ बेड के अस्पताल बनाने को भी मिली मंजूरी

# यमुना एक्सप्रेसवे पर बनेगा ट्रामा सेंटर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर जनपद के निवासियों के लिए बड़ी खबर है। यमुना एक्सप्रेसवे पर जिले के पहले सरकारी ट्रामा सेंटर को मंजूरी मिल गई है। यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे प्रस्तावित ट्रामा सेंटर के साथ 100 बेड का अस्पताल भी बनेगा। इसके लिए यमुना प्राधिकरण स्वास्थ्य विभाग को 6 एकड़ जमीन निशुल्क देगा। इसके निर्माण का पूरा खर्च उत्तर प्रदेश सरकार उठाएगी। जेवर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक ठाकुर धीरेन्द्र सिंह ने इसका प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया था।

ट्रामा सेंटर बनने से यमुना सिटी के लोगों, औद्योगिक इकाइयों और यमुना एक्सप्रेस वे पर होने वाले हादसों में घायल लोगों को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। ट्रामा सेंटर के साथ 100 बेड के अस्पताल की सैद्धांतिक सहमति स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने दे दी है। जेवर में एयरपोर्ट का काम जल्दी शुरू होने वाला है। यमुना सिटी में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयों का निर्माण शुरू हो रहा है। शहर के आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों में आकर बसने वालों को यह अस्पताल सुविधाएं देगा।

**घायलों को त्वरित इलाज मिलेगा**

यमुना एक्सप्रेस वे पर होने वाले हादसों में घायल लोगों के त्वरित इलाज के लिए ट्रामा सेंटर की मांग की जा रही थी। प्रदेश सरकार ने गौतमबुद्धनगर जनपद में पहला सरकारी ट्रामा सेंटर बनाने की मंजूरी दे दी थी। इसके लिए यमुना प्राधिकरण ने 2 हजार वर्ग मीटर जमीन निशुल्क देने का फैसला किया।

जमीन देने का प्रस्ताव अपनी बोर्ड बैठक में पास कराने के साथ ही शासन को भेज दिया था। सरकार ने इस दिशा में आगे कार्रवाई शुरू की तो जेवर के विधायक ठाकुर धीरेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उनसे ट्रामा सेंटर के साथ अस्पताल बनाने की मांग की। यमुना सिटी की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए ट्रामा सेंटर के साथ 100 बेड का अस्पताल बनाने की मांग को मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया। अब स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी।

**जिले के बड़े सरकारी अस्पताल**

| अस्पताल का नाम | बेड |
|---|---|
| राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान | 300 |
| जिला अस्पताल | 100 |
| शिशु अस्पताल | 100 |
| ईएसआई | 200 |

## संक्षिप्त समाचार



तेंदुए को पकड़ने के लिए मंगाया गया विशेष जाल।

### तेंदुए को पकड़ने की कोशिशें जारी

**गाजियाबाद।** पॉश कॉलोनी राजकुंज में देखे गये तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने गुरुवार को भी अपनी कोशिशें जारी रखीं। वन विभाग की ओर से इंग्राहम इंस्टीट्यूट के जंगलों में विशेष पिंजरा भी लगाया है। लेकिन 56 घंटे से ज्यादा वक्त गुजर जाने के बाद भी न तो तेंदुआ पकड़ में आया और न ही उसकी निशानी मिली। तेंदुए के नहीं पकड़े जाने से राजकुंज एवं आसपास की कॉलोनियों के लोग अभी भी दहशत में हैं। वन विभाग के सूत्रों का कहना है कि तेंदुआ अभी भी इंग्राहम इंस्टिट्यूट के जंगल एवं उसके आसपास कहीं हो सकता है। उसे पकड़ने के लिए तमाम तरह के बंदोबस्त किये जा रहे हैं। मेरठ से विशेष प्रकार का बना पिंजरा मंगाया गया है। जिसे इंग्राहम इंस्टीट्यूट के जंगल में लगाया गया है। रात के समय निगरानी के लिए विशेष प्रशिक्षित गार्डों की तैनाती की गई है। सहारनपुर से विशेष ट्रैंकुलाइजेशन गन भी मंगाई गई है।




बैठक करते राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### 26/11 के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने 26/11 मुंबई के आतंकी हमले में शहीद हुए पुलिसकर्मियों व लोगों को श्रद्धांजलि दी। रमते राम रोड पर आयोजित बैठक में सर्वप्रथम मुंबई हमले के शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर पंडित अशोक भारतीय ने कहा कि आतंकियों की कमर तोड़ने के लिए सरकार को सबसे पहले अपने खुफिया और सुरक्षा तंत्र दोनों के साथ-साथ जांच एजेंसियों व निगरानी तंत्रों के नेटवर्क को बेहद मजबूत करना होगा। मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क को पूरी तरह से समाप्त करना होगा। बैठक में दहशत गर्दो से टकराने के लिए पुलिस को अच्छी तरह प्रशिक्षित करने व उन्हें अच्छा साजो समान उपलब्ध कराने की केंद्र सरकार से मांग भी की। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्कैनर लगाने की मांग की गई। इस दौरान मुख्य रूप से प्रवीण बत्रा, हरीश वर्मा, वीरेंद्र कंडेरे, अकबर खान, कुणाल चिटकारा, रिजवान, दीपक चिटकारा आदि उपस्थित थे।

### मोबाइल फोन का टावर लगाने के नाम पर ठग

**नोएडा।** मोबाइल फोन का टावर लगाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की ठगी करने के आरोप में एक महिला समेत दो लोगों को थाना फेस - 2 पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। थाना फेस-2 की प्रभारी निरीक्षक अनीता चौहान ने बताया कि भंगेल गांव में रहने वाले सुमित वर्मा ने थाना फेस-2 पुलिस से शिकायत की थी कि मोबाइल फोन का टावर लगाने के नाम पर उनसे लाखों रुपए की ठगी की गई है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
कार्यालय महाप्रबंधक, मुख्य प्रशासनिक कॉम्प्लैक्स, सैक्टर-6, नौएडा, जी.बी. नगर (उ.प्र.)
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता हैं एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बंधी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.com एवं UPLC की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

(ग) 1. 10/जी0म/एओ/एस.एम.(जल-बां0सं0)/20-21, एस0टी0टी-123 पर बने यू0जी0आर0 पर लगी बूस्टिंग मोटरों की दो वर्ष हेतु मरम्मत का कार्य) नौएडा। धनराशि रु. 11.45 लाख

जिन्हें दिनांक **03.12.2020 को 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **04.12.2020 को प्रातः 11.00 बजे** खोली जाएंगी।

महाप्रबंधक, नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

## नाले में मिला शव शिनाख्त नहीं

**गाजियाबाद।** रावली रोड़ स्थित नाले में एक युवक का शव मिलने से लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा शव की पहचान के लिए प्रयास कर रही है।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि रावली रोड़ स्थित इंद्रापुरी कॉलोनी के नाले में एक 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है । पुलिस ने मृतक की तलाशी ली लेकिन, ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके।

# स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त रखने को नियुक्त किए प्रभारी अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

त्योहारी सीजन के बाद कोविड-19 के मामलों की संख्या बढ़ने की आशंका के चलते प्रशासन अलर्ट हो गया है। एक ओर जहां मॉस्क के इस्तेमाल और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वालों की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं वहीं दूसरी ओर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ और सुचारू रखने के लिए चार प्रशासनिक अधिकारियों को अलग-अलग अस्पतालों का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।

डीएम ने चारों प्रभारी अधिकारियों को नियमित रूप से

### ● दवा की उपलब्धता पर रखेंगे नजर

प्रतिदिन संबंधित अस्पताल का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि कोविड-19 और दूसरी बीमारियों उपचाराधीनों को किसी प्रकार की दवा की अनुपलब्धता या अन्य कोई समस्या न हो। जिलाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि प्रभारी अधिकारी संबंधित अस्पतालों में भर्ती मरीजों की देखरेख, दवा की समुचित व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराएंगे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**गाजियाबाद।** गांव दुहाई के निकट ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें युवक की मौत हो गई । पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

गाजियाबाद के मसूरी स्थित जाफर कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय शोएब पुत्र रहीसूद्दीन बुधवार देर शाम को ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस- वे पर बाइक से मसूरी घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर गांव दुहाई के निकट पहुंचा तो पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

# एनसीआर की आबोहवा हुई खराब गाजियाबाद सबसे ज्यादा प्रदूषित

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद जनपद की वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार को भी खराब की श्रेणी में रही और यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382 रहा। वायु प्रदूषण सूचकांक ऐप समीर के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह गाजियाबाद में एक्यूआई 382 रहा, जो खराब की श्रेणी में आता है।

दिल्ली का एक्यूआई 367, नोएडा में एक्यूआई 360, ग्रेटर नोएडा में 356, हापुड़ में 272, फरीदाबाद में 344, गुरुग्राम में 293, आगरा में 316, बल्लभगढ़ में 146, भिवानी में 336 और मेरठ में 288 रहा। क्षेत्रीय प्रदूषण



अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि वायु प्रदूषण को रोकने के लिए प्रदूषण विभाग, नोएडा प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन लगातार कदम उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके तहत कई लोगों के खिलाफ बुधवार को तथा बृहस्पतिवार को कार्रवाई की गई तथा अर्थदंड वसूला गया।

# शिवशक्ति धाम डासना में बनेगा अध्यात्म का विश्वविद्यालय

## युवाओं को दी जायेगी सनातन धर्म के मूल्यों से जुड़े धर्मग्रंथों और रहस्यों की शिक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर भारत के प्रमुख सिद्धपीठ शिवशक्तिधाम डासना में सनातन धर्म और अध्यात्म की शिक्षा देने के लिए एक बड़ा विश्वविद्यलाय बनाया जायेगा। यह घोषणा शिवशक्तिधाम डासना के फायरब्रान्ड हिन्दू संत नरसिंहानन्द सरस्वती महाराज ने मंदिर परिसर में आयोजित एक समारोह में की।

उन्होंने कहा कि हमारे सनातन धर्म और अध्यात्म के मूल्यों के बारे में युवा पीढ़ी अनभिज्ञ हैं। इसलिए मंदिर की समिति ने सनातन धर्म से जुड़े विषय को लेकर विश्वविद्यालय बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के निर्माण की नींव बहुत जल्द मंदिर परिसर में रखी जायेगी।

मंदिर समिति के पास जमीन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि इस विश्वविद्यालय में सनातन धर्म के गूढ़ रहस्यों और मूल्यों से जुड़े धर्म ग्रन्थो के बारे में युवाओं को शिक्षित किया जायेगा, ताकि आने वाले समय में युवावर्ग अपनी संस्कृति और धर्म के बारे में जान सके।

यतिमहाराज ने कहा कि जिस तरह से दूर-दूर के हिन्दू महानुभाव शिवशक्ति डासना को अपना धार्मिक केन्द्र मानने लगे हैं उससे यह स्पष्ट है कि बहुत जल्द यह केन्द्र सनानत धर्म के धार्मिक और अध्यात्मिक ज्ञान का सबसे बड़ा केन्द्र होगा।

यति महाराज ने कहा कि इसके निर्माण पर जो खर्चा आयेगा वह मन्दिर समिति और हिन्दू श्रद्धालु वहन करेंगे। इस मौके पर दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री व भाजपा नेता कपिल मिश्रा का महंत यति संत नरसिंहानन्द सरस्वतीजी महाराज ने परम्परागत ढंग से उन्हें केसरिया पटका और रूदराक्ष की माला पहनाकर सम्मनित किया। कपिल मिश्रा ने कहा कि उन्हे शिवशक्ति डासना के इतिहास के बारे में नहीं मालूम था, यहां आकर उन्हें इस पवित्र स्थल के बारे में मालूम चला।

मिश्रा ने कहा कि डासना सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म की रक्षा का सबसे मजबूत केन्द्र बनता जा रहा है। यहां की आध्यात्मिक उर्जा बहुत ही प्रचंड है। इस मौके पर आचार्य दीपक तेजस्वी, अनिल यादव, ब्रजमोहनसिंह, सुप्रीमकोर्ट के अधिवक्ता पृथ्वीराज चौहान, पीयूष सिंह, मोहित बजरंगी, अमित त्यागी, पूजा त्यागी तथा अन्य मंदिर के भक्तगण उपस्थित थे।



शिवशक्ति धाम डासना में बैठक को संबोधित करते हुए संत नरसिंहानन्द सरस्वती व दिल्ली के पूर्व मंत्री कपिल मिश्रा।

# कार्तिक पूर्णिमा : गंगनहर पर स्नान के लिए रहेगा प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गंगनहर में गंगा स्नान पर श्रद्धालू स्नान नहीं कर सकेंगे। कोरोना संक्रमण को बढ़ता देख पुलिस-प्रशासन ने गंगनहर पर श्रद्धालू के स्नान पर प्रतिबंध लग दिया है। थाना प्रभारी ने गंगनहर पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के लिए उच्चाधिकारियों से मांग की है।

बता दें कि दिल्ली-मेरठ रोड़ स्थित गंगनहर पर हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, मेरठ, मोदीनगर, गाजियाबाद से हजारों श्रद्धालू स्नान करने आते हैं तथा इस बार गंगा गढ़मुक्तेश्वर मेला व बृजघाट पर श्रद्धालूओं को जाने से रोकने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है। इसलिए वहां पर श्रद्धालू नहीं पहुंच सकेंगे। पुलिस-प्रशासन को आशंका हैं कि गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट में प्रतिबंधित से श्रद्धालू मुरादनगर दिल्ली-रोड स्थित गंगनहर पर आ सकते हैं। इसलिए पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की है।

## भट्टे पर लगी आग, कीमती मशीन जलकर राख

**गाजियाबाद।** एसआर ब्रिक फील्ड की जिंग जैक पोल्युसन मशीन में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिसमें लाखों रूपये की कीमत की मशीन जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ की शिकायत है।

जानकारी के अनुसार गांव भिक्कनपुर निवासी रूस्तम का मुरादनगरथाना क्षेत्र के गांव सुलन्तान नगर झज्जपुर में एस आर ब्रिक फील्ड के नाम से भट्टा है। भट्टे पर जिंग जैक पोल्युसन मशीन है। बीती रात मशीन में अचानक आग लग गई। मशीन में आग लगी देख भट्टे पर रह रहे लोगों ने घटना की सूचना भट्टा मालिक रूस्तम को दी।

# दिल्ली हाट की तर्ज पर बनेगा बुनकर मार्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली हाट की तर्ज पर जीडीए की मधुबन-बापूधाम योजना में लगभग 250 करोड़ की लागत से बुनकर मार्ट का निमार्ण किया जा रहा है। यदि सबकुछ ठीक ठाक रहा तो नववर्ष की पहली तिमाही तक बुनकर मार्ट तैयार हो जायेगा। बुनकर मार्ट बनने के बाद देश विदेश के बुनकरो को पहली बार देश की राजधानी दिल्ली से सटे मधुबन बापूधाम में अपनी कला दिखाने का एक बड़ा मंच मिल जायेगा।

इसके साथ ही गाजियाबाद को भी एक नयी पहचान मिलेगी। हालांकि बुनकर मार्ट का निर्माण कार्य

**मधुबन बापूधाम योजना**

### ● निर्माण पर खर्च होंगे 250 करोड़ रुपए

पिछले लगभग दो वर्षो से चल रहा है। इसकी इमारत और परिसर को और आकर्षक बनाने के लिए इसके मॉडयूल में परिवर्तन करके कुछ और निर्माण कार्यो को बढ़ाया गया है। जीडीए ने म्यूजियम और बाहर से आने वाले लोगों के ठहरने के लिए होटल निर्माण के साथ-साथ यहां कॉन्फ्रेन्स हॉल भी बनाने का निर्णय किया है। इससे बनुकरों के उत्थान के अलावा टूरिज्म के बिजनेस को भी बढ़ावा मिलेगा।

जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा ने बताया कि पहले 2773 वर्ग में बन रहे ऑडिटोरियम और कन्वेशन हॉल को अब 13 हजार 740 वर्ग मीटर में बनाया जायेगा। इसके अलावा 1740 वर्ग मीटर में बन रहा एक्सपो मॉल को कॉरपेट एरिया भी बढ़कर 6 हजार 80 वर्ग मीटर हो जायेगा। जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि जिस समय यह मार्ट तैयार हो जायेगा उस समय यह प्रोजेक्ट खुद अपना खर्चा निकाल लेगा और इसे बढावा देने के लिए किसी भी प्रकार की सब्सिडी भी सरकार को नहीं देनी पड़ेगी।

# नोएडा में प्लास्टिक वेस्ट से सड़क बनाने का काम शुरू

## सीईओ ने की परियोजना की शुरूआत, देश में ऐसा करने वाला पहला शहर बना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जनपद में वेस्ट प्लास्टिक से सड़क बनाने का काम शुरू किया गया है। देश में नोएडा प्लास्टिक वेस्ट से सड़क बनाने वाला पहला शहर बन गया है। गुरुवार सुबह नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु महेश्वरी ने इस परियोजना की शुरुआत की है। पहले चरण में 500 मीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है। जिसमें 35 मीट्रिक टन प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। यह काम भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के सहयोग से नोएडा विकास प्राधिकरण कर रहा है।

नोएडा के महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण में प्लास्टिक वेस्ट मॉड्यूल का प्रयोग किया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले चरण में 500 मीटर



हरी झंडी दिखाकर परियोजना का शुभारंभ करतीं नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी।

लंबी सड़क बनाई जा रही है। इसके लिए भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के साथ एक एग्रीमेंट किया गया है। इस एग्रीमेंट के तहत नोएडा में सेक्टर-129 के सामने ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के समांतर यह सड़क बनाई जा रही है। इस सड़क की चौड़ाई 45 मीटर है और अभी 500 मीटर लंबी सड़क का निर्माण प्लास्टिक वेस्ट से किया जा रहा है।

राजीव त्यागी ने बताया कि गुरुवार की सुबह नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु महेश्वरी ने इस प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। पहले चरण में कुल 6000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग करके सड़क बनाई जाएगी। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में शहर की दूसरी सड़कों का निर्माण भी इसी तरह किया जाएगा।

राजीव त्यागी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन ने 450 गुना 450 मिलीमीटर साइज के प्लास्टिक मॉड्यूल शीट उपलब्ध करवाए हैं। यह सभी वेस्ट प्लास्टिक से बने हुए हैं। सड़क पर सबसे पहले इन मॉड्यूल को बिछाया जाएगा। इनके ऊपर 40 मिलीमीटर और 50 मिलीमीटर साइज की 2 लेयर बिटुमिन कंक्रीट बिछाई जाएगी। इस 500 मीटर सड़क के निर्माण पर लगभग 35 मीट्रिक टन वेस्ट प्लास्टिक का प्रयोग होगा।

# ट्रक ने कार में मारी टक्कर महिला की मौत-कई जख्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गांव दुहाई के निकट विपरित दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में जहां एक महिला की मौत हो गई वहीं एक दूसरी महिला व बच्चा समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया भर्ती कराया है तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के गांव महरौली निवासी गौरव परिवार सहित बीती रात करीब

### ● शादी समारोह से लौट रहा था परिवार

तीन बजे मेरठ से शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव लौटे रहे थे। जैसे ही वह दिल्ली-मेरठ रोड़ स्थित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस- वे के निकट पहुंचे तभी विपरित दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला राजबीरी की मौत हो गई । जबकि बच्चा धैर्य, महिला शीतल व गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# किसान विरोधः राजमार्गों पर जल्द ट्रैफिक होगा सुचारूः पुलिस आयुक्त

● बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात, आने वाले वाहनों की हो रही जांच

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस आयुक्त एस एन श्रीवास्तव ने सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा, कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के तहत यहां राजनीतिक सभा की अनुमति नहीं है और इसीलिए किसानों के अनुरोध को मंजूर नहीं किया गया। अगर वे अभी भी सीमा में प्रवेश का प्रयास करते हैं, तो उन्होंने बार्डर पर जवानों को तैनात किया है ताकि उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश न करने दिया जा सके।

वह पंजाब और हरियाणा पुलिस के संपर्क में भी हैं। दैनिक यात्रियों के हो रही परशानी बारे में पूछे जाने पर श्रीवास्तव ने कहा कि विरोध कर रहे किसानों ने पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया है, इसलिए कुछ समस्याएं होने वाली हैं, लेकिन हम इसे सुलझाने की कोशिश करेंगे और यातायात जल्द सुचारू होगा।

राजधानी में आने के बजाय, उन्हें वापस जाना चाहिए और किसी दिशानिर्देश का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। पुलिस ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन के लिए विभिन्न किसान संगठनों से मिले सभी अनुरोधों को खारिज कर दिया था। पंजाब के किसान 30 किसान संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों को काबू में करने के लिए पुलिस ने पूरी तरफ मस्तैद है। जगह-जगह बेरीकेड लगाए गए।


राजधानी के हाइवे पर लगा लंबा जाम। फोटोः रंजन डिमरी

## किसानों को प्रदर्शन करने से रोकना गलतः केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि कानूनों के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने से किसानों को रोकना और उन पर पानी की बौछार करना बिल्कुल गलत है।

विरोध प्रदर्शन के तहत किसानों ने बुधवार को अपने ट्रैक्टर-ट्रेलर के साथ पंजाब से दिल्ली की ओर कूच किया जिसे रोकने के लिए हरियाणा में सीमा पर अवरोधक लगाए गए। प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने और उन्हें दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए कम से कम दो बार पानी की बौछार का इस्तेमाल किया गया। केजरीवाल ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना किसानों का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने ट्वीट किया, केंद्र सरकार के तीनों खेती बिल किसान विरोधी हैं। ये बिल वापिस लेने की बजाय किसानों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने से रोका जा रहा है, उन पर पानी की बौछार की जा रही है। किसानों पर ये जुल्म बिल्कुल गलत है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन उनका संवैधानिक अधिकार है। हरियाणा सरकार ने बृहस्पतिवार को पंजाब से लगती अपनी सीमा को पूरी तरह सील कर दिया।


सिंधू बॉर्डर पर तैनात पुलिस बल।

# नवंबर में कोरोना ने छीन ली 23 सौ जिंदगियां

● सर्वाधिक मौत (131) की संख्या बुधवार को दर्ज हुई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में 28 अक्टूबर से अब तक कोविड-19 से 2,364 मरीजों की मौत हुई और इस दौरान प्रतिदिन सामने आने वाले संक्रमण के मामले पहली बार पांच हजार के आंकड़े को पार कर गए। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। बुधवार को कोविड-19 से 99 और मरीजों की मौत हो गई जिसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 8,720 पर पहुंच गई।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शहर में 19 नवंबर को 98 मौत, 20 नवंबर को 118 मौत, 21 नवंबर को 111 मौत, 22 नवंबर को 121 मौत, 23 नवंबर को 121 मौत और 24 नवंबर को 109 मरीजों की कोविड-19 से मौत हुई। कोविड-19 से प्रतिदिन होने वाली मौत की सर्वाधिक संख्या (131), 18 नवंबर को दर्ज की गई थी और 11 नवंबर को संक्रमण के सर्वाधिक 8,593 मामले सामने आए थे। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में बृहस्पतिवार को 7,546 मामले, शुक्रवार को 6,608 मामले, शनिवार को 5,879 मामले, रविवार को 6,746 मामले, सोमवार को 4,454 मामले, मंगलवार को 6,224 मामले और बुधवार को 5,246 मामले सामने आए।

आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़कर 5,45,787 हो गए जिनमें से 4,98,780 लोग ठीक हो चुके हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अस्पताल पहुंचने में देर होना, आईसीयू बिस्तरों की कमी, खराब मौसम और प्रदूषण में वृद्धि से दिल्ली में कोविड-19 से होने वाली मौत की संख्या बढ़ रही है।



## लग सकता है रात का कर्फ्यू

● हाईकोर्ट में दिल्ली सरकार ने कहा, कोरोना की स्थिति पर करेंगे फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली में रात का कर्फ्यू लगाया जा सकता है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने गुरुवार को उच्च न्यायालय के पूछे जाने पर कहा कि इस बारे में विचार किया जा रहा है।

अदालत जानना चाहती थी कि क्या सरकार रात या सप्ताह के अंत में कर्फ्यू लगाने की कोई योजना है। इस पर दिल्ली सरकार की ओर से बताया गया कि किसी तरह के कर्फ्यू पर अभी फैसला नहीं हुआ है। लेकिन इसपर गंभीरता से बात हो रही है। अगर कोरोना के मामले बढ़ना जारी रहते हैं तो दिल्ली में कुछ पाबंदियां फिर से लगाई जा सकती हैं। कोविड-19 जांच बढ़ाने की मांग की याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को स्टेटस रिपोर्ट में उचित जानकारी नहीं देने पर फटकार लगाई। न्यायालय ने कहा कि वे बेड की कुल संख्या नहीं पढ़ सकते हैं। महत्वपूर्ण जानकारी को मिटा दिया गया है। कोविड हेल्थकेयर सेंटर में ऐसे समय में बेड्स क्यों खाली हैं।

इस पर सरकार ने कहा कि सभी जानकारी दिल्ली फाइट कोरोना वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस पर कोर्ट ने कहा हर किसी के लिए यह अनुकूल नहीं है। अदालत यह जानना चाहती है कि सरकार ने हेल्पलाइन और अन्य माध्यम से बेड की उपलब्धता की जानकारी मुहैया कराने के लिए क्या किया है।

हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस और प्रशासन कोविड-19 दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के मामले में नकद जुर्माना वसूलने से बचें और आप सरकार इसके लिए एक पोर्टल बनाए। विवाह समारोह में शामिल होने वाले लोगों की संख्या फिर से कम करके 50 किए जाने पर अदालत ने पूछा कि इस नियम को कैसे लागू किया जा रहा है और इसे लागू करने के लिए क्या प्रोटोकॉल बनाए गए हैं क्योंकि इस सीजन में बड़ी संख्या में विवाह समारोह होते हैं।

## 'दिल्ली की समूची आबादी का एक महीने में हो सकता है टीकाकरण'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के लिए दिल्ली तैयार है और अगर अस्पताल के कर्मचारियों और नर्सों को भी अभियान में शामिल कर लिया जाए तो एक महीने में समूची आबादी का टीकाकरण हो सकता है।

दिल्ली के टीकाकरण अधिकारी सुरेश सेठ ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। सेठ ने कहा, हमारे पास कोल्ड स्टोरेज के लिए 600 स्थान हैं और बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम के लिए करीब 1800 संपर्क स्थल हैं। टीका के लिए हमारे पास समुचित उपकरण हैं और दो से आठ डिग्री तथा जरूरत पड़ने पर शून्य से 15 डिग्री या 25 डिग्री नीचे के तापमान पर इसे रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि शून्य से 70 डिग्री सेल्सियस नीचे के तापमान में टीका को रखने के लिए उपकरण और आधारभूत ढांचा नहीं हैं लेकिन हमें नहीं लगता है कि इस संबंध में कोई दिक्कत होगी क्योंकि चरणबद्ध तरीके से टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जाएगा। अगर हम अस्पताल के कर्मचारियों और नर्सों आदि को शामिल कर लें तो हम एक महीने में समूची आबादी का आसानी से टीकाकरण कर सकते हैं।

## वेंटिलेटर के साथ केवल 205 आईसीयू बेड उपलब्ध

● गुरुवार को 91 मौत, 5,475 नए मामले सामने आए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में कोरोना वायरस से संक्रमण के मामलों और मृत्यु दर में वृद्धि होने के बीच नगर में बृहस्पतिवार को वेंटिलेटर से लैस उपलब्ध गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) बेड की संख्या घटकर 205 रह गई वहीं कम से कम 60 अस्पतालों में कोई बेड खाली नहीं है।

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को संक्रमण के 5,246 नए मामले दर्ज किए गए। इस बीच तापमान में कमी होने तथा हवा की गुणवत्ता खराब होने से श्वसन संबंधी बीमारियों के बढ़ने की आशंका है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि शहर में कोविड-19 मरीजों के लिए बेडों की संख्या नौ से 26 नवंबर के बीच 16,172 से बढ़कर 18,252 हो गई है।

मंत्री ने ट्विटर पर कहा, पिछले 15 दिनों में दिल्ली के अस्पतालों में कोविड मरीजों के लिए 1359 आईसीयू बेड सहित 2080 बेड बढ़ाए गए हैं। ट्वीट में दिए गए आंकड़ों के अनुसार वेंटिलेटर के साथ 211 आईसीयू बेड बढ़ाए गए हैं और इस तरह के बेडों की कुल संख्या 1,264 से बढ़कर 1,475 हो गई है। दिल्ली सरकार के ऑनलाइन कोरोना डैशबोर्ड के अनुसार बृहस्पतिवार शाम 5.10 बजे, शहर में वेंटिलेटर वाले 205 कोविड आइसीयू बेड खाली थे।

जिन अस्पतालों में कोई स्थान खाली नहीं है, उनमें बेस अस्पताल दिल्ली कैंट, उत्तर रेलवे अस्पताल, सर गंगाराम अस्पताल, बत्रा अस्पताल, विम्हांस और इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल शामिल हैं।

शहर में कोविड का इलाज मुहैया कराने वाले 100 से अधिक अस्पतालों में, कम से कम 30 में पांच से कम खाली बेड हैं। इनमें लोक नायक अस्पताल, राम मनोहर लोहिया




अस्पताल, दीप चंद बंधु और मैक्स स्मार्ट गूजरमल मोदी अस्पताल शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार नगर में कोविड-19 मरीजों की मौतों में वृद्धि के लिए आईसीयू बेड की कमी प्रमुख कारणों में से एक है। ज्ञात हो दिल्ली में लगातार मामले बढ़ रहे है। गुरुवार को राजधानी में 91 मौत, 5,475 नए मामलों सामने आए।

## पर्यावरण मंत्री गोपाल राय कोरोना पॉजिटिव, मैक्स अस्पताल में भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए। इसके बाद पहले उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया था। उन्हें मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। संक्रमित होने की जानकारी राय ने खुद ट्वीट कर दी।

गोपाल राय बृहस्पतिवार को ट्वीट कहा कि शुरुआती लक्षणों के बाद उन्होंने कोविड-19 की जांच कराई जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। पिछले कुछ दिनों में जो लोग भी उनके संपर्क में आए हैं। उनसे अनुरोध है कि वो अपना ध्यान रखें और जांच करा लें। एक अधिकारी ने बताया कि राय ने दिवाली पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी। तबीयत ठीक न होने के चलते राय वह सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हुए थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोविड-19 की स्थिति पर 19 नवंबर को बैठक बुलाई गई थी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय पिछले कुछ दिनों से प्रदूषण को लेकर लगातार बैठक कर रहे थे और अधिकारियों से मिल रहे थे। बुधवार देर शाम भी उन्होंने एक डिजिटल प्रेस कॉन्फ्रेंस किया था।

## कीर्ति नगर में 50 झोपड़ी जलकर खाक

● आग से कई एलपीजी सिलेंडर फटे, कोई हताहत नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के कीर्ति नगर क्षेत्र में बुधवार देर रात को आग लग गई जिससे कम से कम 50 झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने की सूचना रात 12 बजकर 40 मिनट पर मिली और तत्काल 12 दमकल गाड़ियों को रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि 50 झोपड़ी जलकर खाक हो गई। कई एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट हो गया था इसलिए आग बुझाने में समय लगा। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। अधिकारी ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन झोपड़ियों में रहने वाले लोगों के सामान का भारी नुकसान हुआ है। एक अन्य घटना में दक्षिण पूर्वी दिल्ली में गोविंदपुरी इलाके में स्थित एक दुकान में आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अनुसार आग लगने की सूचना तड़के चार बजकर 46 मिनट पर मिली जिसके बाद दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

## आप का स्थापना दिवस केजरीवाल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के आठवें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश और मानवता बेहद कठिन दौर से गुजर रही हैं और पार्टी के कार्यकर्ताओं को लोगों की यथासंभव मदद करनी चाहिए।

केजरीवाल ने ट्वीट किया, आज आप के आठवें स्थापना दिवस पर आप सभी को बधाई। देश और मानवता इस वक्त बेहद कठिन दौर में है। मेरी हर कार्यकर्ता से अपील है कि लोगों की खूब मदद करें। मास्क बाँटें, बीमार को अस्पताल पहुँचाएं, भूखे को रोटी दें। इस वक्त कोई राजनीति नहीं। सबको साथ लेकर चले।

## 80% आईसीयू बेड आरक्षित करने के फैसले को चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के मामलों को चिंताजनक बताया। कोरोना वायरस के मरीजों के लिए शहर के 33 निजी अस्पतालों में 80 प्रतिशत आईसीयू बेड आरक्षित करने के दिल्ली सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की।

न्यायमूर्ति नवीन चावला ने कहा, वर्तमान में जितने मामले हैं, वह चिंताजनक हैं। मामले पर आगे नौ दिसंबर को सुनवाई होगी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक बुधवार को कोविड-19 के 5246




मामले आने से संकमितों की संख्या 5.45 लाख हो गई तथा 99 और मरीजों की मौत हो गई। अदालत एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में दिल्ली सरकार के 12 सितंबर के उस आदेश को निरस्त करने का अनुरोध किया गया है जिसमें शहर में 33 निजी अस्पतालों में कोविड-19 के मरीजों के लिए 80 प्रतिशत बेड को आरक्षित करने का आदेश दिया गया था। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने कहा कि सरकार समय-समय पर स्थिति का आकलन कर रही है और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने दिल्ली के संबंध में हालात की समीक्षा हाल में की है।

### स्कूल खोलने की योजना नहीं : जैन

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन ने कहा कि जब तक सरकार छात्रों की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हो जाती, तब तक राष्ट्रीय राजधानी में स्कूल नहीं खोले जाएंगे। जैन ने पत्रकारों से कहा, (दिल्ली में) स्कूल दोबारा खोलने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। उम्मीद है कि जल्द ही टीका उपलब्ध हो जाएगा। जब तक सरकार छात्रों की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हो जाती, तब तक स्कूल दोबारा नहीं खोले जाएंगे। ोविड-19 की रोकथाम के लिए केन्द्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के तहत देशभर में 16 मार्च से विश्वविद्यालय और कॉलेज बंद हैं।

## दिल्ली दंगेः जांच से संबंधित रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को शहर की पुलिस को जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एक छात्र का कबूलनामा मीडिया में लीक होने के आरोपों की जांच से संबंधित रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।

छात्र को फरवरी में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान उत्तरी-पूर्वी दिल्ली में हुई सांप्रदायिक हिंसा के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति विभु बाखरू ने पुलिस से यह भी कहा है कि वह इस संबंध में आगे उठाए जाने वाले कदमों का स्थिति रिपोर्ट में जिक्र करे। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अधिवक्ता अमित महाजन ने अदालत को बताया कि केस डायरी से कबूलनामा लीक होने के मामले की सर्तकता जांच पूरी हो गई है। उन्होंने इस संबंध में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का समय मांगा। उच्च न्यायालय जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र आसिफ इकबाल तन्हा की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें पुलिस पर बयान मीडिया में लीक होने के मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है।

अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि दस्तावेजों के लीक होने के संबंध में पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में पूछे जाने के अलावा एक संज्ञेय अपराध भी हुआ है और इस मामले में उचित कार्रवाई करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे दस्तावेज मीडिया में लाया जाना कार्यक्रम संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने इस संबंध में लिखित बयान दाखिल करने के लिए समय मांगा है।

## जुए की वेबसाइटों पर प्रतिबंध को लेकर याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर केंद्र को यह निर्देश देने की मांग की गई है कि वह जुआ, सट्टेबाजी और बाजी लगाने से जुड़ी वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगाने के लिए कदम उठाए।

याचिका में कहा गया कि विभिन्न राज्यों द्वारा ऐसी गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के लिए कई कानून बनाए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में वेबसाइट जुआ लगाने के खेल की सुविधा देती हैं और भारत में उनतक पहुंच सहज है। अविनाश मेहरोत्रा की तरफ से दायर याचिका में कहा गया है, सभी गतिविधियां यद्यपि कानून द्वारा निषिद्ध हैं लेकिन कानूनों को प्रभावी तरह से लागू नहीं किए जाने की वजह से बदस्तूर जारी हैं। दावा किया गया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी प्रणाली अनियमित है और यह हवाला संचालन, धनशोधन को अंजाम देने के लिए उपयुक्त जगह है।

## जल्द शुरू होगा पप्पनकलां सीवेज ट्रीटमेंट

● दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष राघव चड्ढ़ा ने 40 एमजीडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष राघव चड्ढ़ा ने द्वारका के 40 एमजीडी पप्पनकलां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के फेज एक और दो का दौरा किया। साथ ही फेज-एक को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इंटरसेप्टर सीवर प्रोजेक्ट से 100 फीसदी नालों का कनेक्शन होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो कि सारे सीवर का पानी एक साथ इकट्ठा करके एसटीपी में पहुंचाया जा सके।

पप्पनकलां एसटीपी में 2 बायोडाइजेस्टर हैं जिसका फेज दो काम कर रहा है लेकिन इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल काम पूरा होने के बावजूद फेज एक में काम शुरू नहीं हुआ है। काम में देरी की वजह का पता चलने पर चड्ढ़ा ने फेज एक का काम करने वाले ठेकेदार को फटकार


पप्पनकलां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा करते राघव चड्ढा।

लगाई और कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि फेज एक का अधूरा काम 30 दिनों के अंदर पूरा किया जाए। इसके बाद काम पूरा होने की रिपोर्ट जमा की जाए।

पप्पनकलां एएटीपी में लगे दोनों बायोडाइजेस्टर को मिलाकर 15,000 यूनिट कैप्टिव बिजली का उत्पादन होना था लेकिन फेज एक के काम नहीं करने से सिर्फ 8900 यूनिट कैप्टिव बिजली का ही उत्पादन हो पाया। राघव चड्ढा ने इसका संज्ञान लेते हुए कहा जल्द से जल्द काम पूरा किया जाए ताकि सीवेज ट्रीटमेंट के साथ बिजली का उत्पादन उम्मीद के मुताबिक होता रहे। इन बायोडाइजेस्टर से उत्पन्न बिजली का उपयोग यहां के संयंत्र के अन्य कामों के लिए किया जाता है।

इस दौरान उन्होंने सभी उपकरणों का निरीक्षण किया। इनलेट चेंबर, ग्रिट क्लासिफायर, प्राइमरी सेटलिंग टैंक, बायोडाइजेस्टर, वायु मिश्रण टैंक समेत अन्य मशीनरी की जांच की। वायु-मिश्रण टैंक के कुछ हिस्से में खराबी थी जिसकी वजह से ये टैंक पूरी क्षमता पर काम नहीं कर पा रहा था। इस पर उन्होंने अधिकारियों को इस खामी को जल्द दूर करने को कहा।

# अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली संविधान की शपथ

## डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव ने नगर निगम कर्मचारियों को दिलाई शपथ




नगर निगम में संविधान की शपथ लेते अधिकारी एवं कर्मचारी। शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते एसडीएम डॉ. नरेश कुमार।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन में पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया था। गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया।संविधान दिवस पर गुरुवार को नगर निगम के डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा, राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर कार्य करने की शपथ ली।

# मुंबई हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**तावडू।** संविधान दिवस पर एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने अपने कार्यालय स्टाफको संविधान दिवस की शपथ दिलाई व अपने कर्मियों को संविधान के मार्ग पर चल राष्ट्र व समाज को उन्नत बनाने की अपील की। वहीं एसडीएम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में मौजूद शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी।डॉ. नरेश कुमार ने अपने स्टाफ से कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। उन्होंने कहा कि इस दिन को राष्ट्रीय कानून दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में सभी वर्गों के हितों के मद्देनजर विस्तृत प्रावधानों को शामिल किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय की विभिन्न व्याख्याओं के माध्यम से भी बदलती परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न अधिकारियों को इसमें सम्मिलित किया गया है। इस अवसर पर बीईओ रमेश मलिक, स्कूल प्राचार्य मुकेश शर्मा, ब्लॉक कॉर्डिनेटर सक्षम तावडू अजयपाल सहरावत, बिजली निगम के एसडीओ देशदीप के अलावा स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# देशव्यापी हड़ताल में शामिल हुए श्रमिक, निकाला जुलूस




गुरुग्राम में देशव्यापी हड़ताल के दौरान जुलूस निकालते श्रमिक।



हड़ताल में भाग लेने के बाद विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## श्रमिक और किसान विरोधी कानूनों को वापिस लेने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मजदूर** व किसान विरोधी कानूनों को निरस्त कराने को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल की गई। विभिन्न श्रमिक संगठनों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर सिविल लाइंस क्षेत्र से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन करते हुए महावीर चौक पर इसका समापन भी किया।

श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव अनिल पंवार, सीटू के सतबीर सिंह, एचएमएस के जसपाल राणा, कंवरलाल यादव का कहना है कि केंद्र सरकार ने श्रमिकों व किसानों का शोषण करने के लिए जो कानून बनाए हैं उनको निरस्त कराने के लिए बड़ी संख्या में श्रमिक संगठनों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों व मजदूर विरोधी कानूनों को वापस लिया जाए, न्यूनतम वेतन 24 हजार किया जाए, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों का निजीकरण बंद किया जाए, छंटनीग्रस्त श्रमिकों व कर्मचारियों का रोजगार बहाल किया जाए, श्रमिक कल्याण बोर्ड से लाभ लेने की औपचारिकताओं में ढील दी जाए, केंद्र व प्रदेश सरकार की मजदूर विरोधी कार्यवाही पर रोक लगाई जाए, श्रमिकों का शोषण कर रहे प्रतिष्ठानों की प्रबंधन पर लगाम लगाई जाए।

प्रदर्शन में शामिल श्रमिक सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। उन्होंने आंदोलन कर रहे किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए गिरफ्तार किए गए किसान नेताओं को रिहा करने की मांग भी की। अपने हाथों में मांगों से संबंधित बैनर लिए श्रमिक प्रदर्शन में शामिल हुए। इस प्रदर्शन में श्रमिक नेता कामरेड बलवान सिंह, एसएन दहिया, बजीर सिंह, वीएस यादव, सतपाल नैन, खुशीराम भी श्रमिकों के साथ शामिल हुए। प्रदशज़्न में नपीनो ऑटो, मुंजाल शोवा, परपटी, पीएन राइटर, लूमेक्स, हीरो मोटोकॉर्प, मारुति सुजूकी, सुजूकी पॉवर ट्रेन, एमके ऑटो, सुब्रोस, सत्यम ऑटो, टालब्रोस, बेलसोनिका आदि प्रतिष्ठानों की श्रमिक यूनियनों ने भी भाग लिया। जिला प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए हुए थे, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो सके।

**सर्व कर्मचारी संघ ने दिखाई ताकत** : बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय परिसर में सर्व कर्मचारी संघ के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक प्रधान रामलाल की अध्यक्षता में एकजुट हुए। यहा पर नगरपरिषद से यूनिट प्रधान महेन्द्र सिंह, अग्निशमन विभाग से यूनिट प्रधान नरेश कुमार, जनस्वास्थ्य विभाग की तरफसे जिला प्रधान रविन्द्र शर्मा अपने-अपने कार्यकर्ताओं को धरना पर लेकर पहुंचे।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल का रहा मिलाजुला असर, हड़ताली कर्मियों ने भरी हुंकार

**सोहना।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल का गुरुवार को मिलाझूला असर रहा। हड़ताल में शामिल 60 फीसदी कर्मचारियों ने राज्य व केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन करते हुए मांगों को पूरा करने की मांग की। वहीं हड़ताल से दूर रहने वाले सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने अपना रोजाना की तरह से कार्यालय में कामकाज किया। गुरुवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आम जनजीवन पर कोई विशेष प्रभाव नहीं हुआ है, लेकिन राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने वाले अलग-अलग विभागों के कर्मचारियों ने सर्व कर्मचारी संघ तथा कर्मचारी महासंघ के बैनर नीचे बैठकर राज्य व केन्द्र सरकारों के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन करने वालों में नगर परिषद के स्थाई व अस्थाई सफाई कर्मचारी, बिजली निगम, अग्निशमन विभाग, सिंचाई विभाग, नहरी विभाग, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, टूरिज्म निगम आदि विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। जबकि हरियाणा रोडवेज, स्वास्थ्य विभाग, मार्केट कमेटी विभाग, पंचायत विभाग, एसडीएम कार्यालय आदि कार्यालयों के कर्मचारियों ने हड़ताल से तालमेल नहीं रखा।

**कर्मचारी महासंघ ने भी किया प्रदर्शन :** जनस्वास्थ्य विभाग के बिल ब्रांच कार्यालय परिसर में कर्मचारी महासंघ के ब्रांच यूनिट प्रधान नरेश शर्मा की अध्यक्षता में इक्कठें हुए। वक्ताओं ने सरकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को पूरा करने की मांगें रखी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल आने को नागरिक सहयोग करें



गुरुग्राम में स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर बैठक लेते नगर निगम के संयुक्त आयुक्त स्वच्छ भारत मिशन धीरज कुमार।

## नगर निगम के संयुक्त आयुक्त धीरज कुमार ने ली बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) धीरज कुमार ने नगर निगम की स्वच्छता शाखा के अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम इस बार नागरिकों के सहयोग एवं समर्थन से स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में 62 से नंबर-1 का सफर तय करेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 में गुरुग्राम को स्वच्छता रैंकिंग में 62वां स्थान प्राप्त हुआ था। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नगर निगम गुरुग्राम का उद्देश्य देश में नंबर-1 स्वच्छता रैंकिंग प्राप्त करना है, जो गुरूग्राम के नागरिकों के सहयोग एवं समर्थन से प्राप्त किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के नागरिक प्राथमिक स्तर पर कचरे को अलग-अलग करके, होम कंपोस्टिंग करके तथा अपने आसपास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का ध्यान रखकर स्वच्छता में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा नागरिकों को कचरा अलगाव के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से थ्री-बिन सेल्फी ड्राईव की भी शुरूआत की गई है, जिसमें 20 बेहतरीन सेल्फी को पुरस्कार देने के साथ ही ड्राईव में भागीदारी करने वाले प्रत्येक नागरिक को प्रमाण-पत्र भी जारी किया जाएगा।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने यहां तीन डस्टबिन रखें तथा हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा, नीले रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा तथा पीले रंग के डस्टबिन में घरेलू हानिकारक व मेडिकल वेस्ट अलग-अलग रखें। नगर निगम द्वारा संचालित डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन गाड़ी में इस कचरे को अलग-अलग की डालें।

# तावडू में हड़ताल का रहा आंशिक असर

## प्रशासन और पुलिस रही अलर्ट मोड पर



पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**राष्ट्रव्यापी** हड़ताल का तावडू में मिला जुला असर देखा गया। जहां बिजली, नपा, अग्निशमन विभाग सहित जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी महकमों के कुछ कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को हड़ताल का समर्थन कर कामकाज ठप्प रखा, वहीं अन्य महकमों में सुचारू रूप से कामकाज जारी रहा। इस दौरान स्थानीय प्रशासन व पुलिस सहित खुफिया विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा।

एसडीएम ने जहां कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया, वहीं पुलिस अधिकारियों ने पेट्रोलिंग सहित नाकों को चेक किया। जबकि खुफिया विभाग के कर्मचारी अपने आकाओं को पल-पल की रिपोर्ट प्रेषित कर रहे थे। एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल में कार्यालयों के निरीक्षण में पाया कि बिजली निगम, नगरपालिका अग्निशमन विभाग सहित जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कुछ कर्मी हड़ताल पर हैं।

इन विभागों के काफी कर्मचारी व अधिकारी हड़ताल पर नहीं हैं व सुचारू रूप से कार्य करते मिले। वहीं तावडू सदर थाना के एसएचओ व ट्रेनिंग आईपीएस हेमेंद्र मीणा ने बताया कि तावडू में हड़ताल का खास असर नहीं देखा गया। वहीं दिल्ली में किसानों के प्रदर्शन में यहां से किसान नहीं गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल में तावडू में पूरी तरह शांति व्यवस्था रही।

# लूट की योजना पर बनाते तीन युवक अवैध तमंचा समेत गिरफ्तार

**तावडू।** गांव राहडी से धुलावट गांव जाने वाले कच्चे रास्ते पर लूट की योजना बना रहे तीन युवकों को अपराध शाखा तावडू ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफविभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

संदीप कुमार उप सहायक निरीक्षक अपराध शाखा तावडू ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक पर सवार तीन युवक अवैध हथियार के बल पर गांव राहडी से गांव धुलावट जाने वाले कच्चे रास्ते पर आने जाने वाले राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने तीनों युवकों को अवैध तमंचा व चोरी की बाइक साथ काबू कर लिया। तावडू सदर थाना प्रभारी आईपीएस हेमेंद्र मीणा पुलिस ने आरोपी सौहिल निवासी गांव बावला, वसीम उर्फ नन्नी निवासी गांव सिलखो व नेहना उर्फ रहमुदीन निवासी गांव पचगांवा थाना तावडू के खिलाफ विभिन्न धाराओ में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गुरुग्राम नगर निगम : 10 विकास कार्य प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

## मेयर मधु आजाद ने विकास कार्यों में गुणवत्ता का भी ख्याल रखने के दिए निर्देश



गुरुग्राम में वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक लेती मेयर मधु आजाद।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुवार** को नगर निगम गुरुग्राम की वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में विभिन्न 10 विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे गए, जिन पर विचार-विमर्श करने उपरान्त सभी को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

इन विकास कार्यों में 2.20 करोड़ रूपये की लागत से सेक्टर-23 के 11 पार्कों का विकास एवं नवीनीकरण करने, 2.12 करोड़ रूपये की लागत से गांव चौमा स्थित हरीजन चौपाल का पुनर्निर्माण करने, 2.42 करोड़ रूपये की लागत से सेक्टर-23 में बैडमिंटन, कब्बडी, कुश्ती, बॉक्सिंग व टेबल टेनिस आदि खेलों के लिए इंडोर स्टेडियम का निर्माण करने, 1.70 करोड़ रूपये की लागत से गांव चौमा स्थित वाल्मिकी चौपाल का पुनर्निर्माण करने तथा 1.63 करोड़ रूपये की लागत से सेक्टर-40 में फुटपाथ एवं सिविल कार्य करने संबंधी कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही गांव कार्टरपुरी स्थित नन्दीधाम गौशाला में मौजूदा शैड, क्वार्टर, अस्पताल, वाटर टैंक स्टोरेज का नवीनीकरण एवं न्यू कैटल शैड के निर्माण के लिए 2.41 करोड़ रूपये, कार्टरपुरी स्थित कामधेनू गौशाला में मौजूदा शैड, क्वार्टर, अस्पताल, वाटर टैंक स्टोरेज का नवीनीकरण एवं न्यू कैटल शैड के निर्माण के लिए 2.48 करोड़ रूपये, सेक्टर-23 में मौजूदा फुटपाथों का नवीनीकरण तथा नए फुटपाथ बनाने के लिए 2.37 करोड़ रूपये, सेक्टर-42 स्थित नगर निगम जोनल कार्यालय में स्टोरेज उद्देश्य के लिए शैड का निर्माण करने के लिए 1.41 लाख रूपये तथा लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया राजकीय कन्या विद्यालय में सिविल कार्यों, पलम्बिंग एवं इलेक्ट्रिकल कार्यों के लिए 1.17 करोड़ रूपये के प्रस्तावों को भी वित्त एवं संविदा कमेटी ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की।

# डांस मेरे जीवन का हिस्सा ही नहीं जीवन भी है : टाइगर पॉप

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## इंडियाज बेस्ट डांसर रियलिटी शो की ट्रॉफी विजेता ने खास बातचीत में कहा




रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर की विजेता ट्रॉफी उठाए टाइगर पॉप व उनके परिजन, अपने एक फैन के साथ सेल्फी लेते टाइगर पॉप।

**भारत-नेपाल** की सीमा पर झीलों से घिरे गांव दोधारा कंचनपुर से अपने तीन बच्चों की अच्छी परवरिश को वर्ष 2003 में दो थाली, दो कटोरी, एक कढ़ाही व मिट्टी के तेल से जलने वाला स्टॉव लेकर गुरुग्राम आए दंपति गणेश कुमार व तुलसी देवी भले ही अब तक जीवन की जद्दोजहद से जूझते रहे हैं, लेकिन उनके छोटे बेटे ने उनके सपनों को पंख लगा दिए हैं। डांस की दुनिया में धमाल मचाकर आज बेटा देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में चमकता सितारा बन गया है। जिन्हें उनके डांस और संगीत से चिढ़ थी। वे आज उसका स्वागत कर रहे हैं।

हम बात कर रहे हैं गुरुग्राम के अशोक विहार फेज-3 में छोटे से किराए के मकान में परिवार के साथ रहने वाले टाइगर पॉप यानी अजय सिंह की। सोनी एंटरटेनमेंट चैनल पर प्रसारित किए गए इंडियाज बेस्ट डांसर रियलिटी शो में टाइगर पॉप ने खूब पसीना बहाया। अपने डांस फॉर्म पॉप डांस से टाइगर पॉप ने ऐसा धमाल मचाया कि भारत से नेपाल सीमा तक ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में उनका डंका बज गया। जिन डांस की हस्तियों के डांस को देखकर टाइगर सदा सीखने का प्रयास करते रहे, वे हस्तियां टाइगर पॉप को उनकी सफलता पर बधाइयां दे रहे हैं। टाइगर को इनाम के रूप में 15 लाख रुपए व एक मारुति सुजूकी विटारा ब्रेजा कार मिली है। टाइगर से मिलने वालों का दिनभर उनके घर पर तांता लगा रहता है। खासकर बच्चे उनके काफी चहेते हैं।

**मां घरों में करती है सफाई और खाना बनाने का काम :** चढ़ते सूरज को तो सब सलाम करते हैं, लेकिन यहां तक पहुंचने में टाइगर पॉप ने जो मेहनत की है, वह हर कोई नहीं जानता। उससे हम आपको रूबरू कराते हैं। इसके पीछे परिवार का भी बहुत बड़ा योगदान है। टाइगर बताते हैं कि उनकी मां घरों में सफाई करने और खाना बनाने का काम करती हैं। पिता एक कंपनी में काम करते थे। वर्ष 2011 में 12 साल की उम्र में टाइगर को डांस के रियलिटी शो देखकर डांस करने का शौक चढ़ा। वह शौक धीरे-धीरे उसका जूनून बन गया। रंग-बिरंगी रोशनियों के बीच माया नगरी मुंबई में गरीब परिवार के इस चिराग ने सपना देख लिया। स्कूल के कार्यक्रमों में उसने अपनी प्रतिभा को निखारा। किराए के मकान में मात्र 6 बाई 8 फिट के कमरे में उसने डांस करना शुरू किया। यहां भी उसकी प्रतिभा को दबाने का बिल्डिंग में रहने वालों ने प्रयास किया। फिर टाइगर ने पार्कों में, गोशाला में जाकर डांस की रिहर्सल करनी शुरू की।

**डांस कला ही है मेरा जीवन :** टाइगर कहते हैं कि डांस कला उनके जीवन का हिस्सा नहीं, बल्कि उनका जीवन है। अपनी आर्ट के जरिए वह इस मुकाम तक पहुंचा है। हर किसी को यही संदेश है कि मेहनत करें, कभी हार ना मानें। अगर हमारी मेहनत पूरी होगी तो सफलता गारंटी से मिलेगी। भविष्य में खुद भी नए कलाकारों को प्रेरित करेंगे। बताएंगे कि सफलता किसी अमीर घराने की मोहताज नहीं है। टाइगर की मां तुलसी देवी कहती हैं कि पूरे परिवार की यही सपना था कि टाइगर कामयाब हो जाए। अपने सपने उन्होंने टाइगर में देखे और आज पूरी दुनिया का टाइगर चहेता बन गया।

## गुरुग्राम में ही ली है 12वीं तक शिक्षा

**टाइगर** पॉप बताते हैं कि गुरुग्राम के प्रकाशदीप स्कूल में पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई की। इसके बाद रेलवे स्टेशन के पास भीमगढ़ खेड़ी के सरकारी स्कूल में छठी से दसवीं तक पढ़े। कक्षा 11वीं व 12वीं उन्होंने सेक्टर-4/7 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से की। 12वीं तक पढ़ने के बाद दो साल पूरे डांस को ही समर्पित किए। बेशक कोई सफलता नहीं मिली, लेकिन जुनून कम नहीं हुआ। माता-पिता ने डांस छोड़कर पढ़ाई करने का दबाव दिया, ताकि पढ़कर कोई नौकरी कर लेगा। परिजनों की मन रखने को टाइगर पॉप ने दिल्ली के मालवीय नगर स्थित भगत सिंह कालेज में बीए में दाखिला ले लिया। वहां भी उसने पढ़ाई से ज्यादा अपने डांस को महत्व दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## हरियाणा में लव-जेहाद पर कानून बनाने को सौंपा ज्ञापन



**गुरुग्राम।** देश के विभिन्न क्षेत्रों में लव-जेहाद की बढ़ रही घटनाओं का विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा विरोध किया जा रहा है। इसी क्रम में सामाजिक संस्था विश्व हिंदू महासंघ द्वारा गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा। संस्था के अंतरिम राष्ट्रीय अध्यक्ष बालयोगी अलखनाथ ने बताया कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने उत्तरप्रदेश में लव-जेहाद रोधी अध्यादेश लागू कर दिया है। हरियाणा में भी लव-जेहाद की घटनाएं घटित हो रही हैं, जिसका प्रदेशवासी विरोध भी करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया गया है कि जनभावनाओं का आदर करते हुए हरियाणा में भी लव-जेहाद रोधी कानून बनाया जाए, ताकि हरियाणा में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति न हो सके। ज्ञापन पर बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े पदाधिकारियों, सदस्यों व अधिवक्ताओं ने भी हस्ताक्षर किए हैं। संस्था ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि उनके ज्ञापन को आवश्यक कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री को भेज दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में संस्था से जुड़े सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## आईटीआई में छठी काउंसलिंग का शेड्यूल जारी



**पलवल।** आईटीआई मैं पांचवी ऑनलाइन काउंसलिंग के बाद विभाग ने छठी काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। खाली सीटों पर दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी 28 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर दाखिला पा सकते हैं। खाली सीटों का डिस्प्ले 27 नवंबर को होगा। यह जानकारी देते हुए हिंदुस्तान आईटीआई मीतरोल के चेयरमैन देवेंद्र चौहान ने बताया कि दो दिसंबर को मेरिट लिस्ट लगेगी। तीन व चार दिसंबर को ऑनलाइन कागजात जांच किए जाएंगे। तीन से सात दिसंबर तक ऑनलाइन फीस जमा होगी। पांच से नी दिसंबर तक सीटों की कन्फर्मेशन की जाएगी। देवेंद्र चौहान ने बताया कि आईटीआई की पांचवी काउंसलिंग के बाद भी सीटें खाली रह गई है। पांचवी काउंसलिंग व उससे पहले वाले विद्यार्थी भी छठी काउंसलिंग में ट्रेड को अपडेट कर शामिल हो सकते हैं। जिस विद्यार्थी ने ट्रेड रद्द नहीं कराई है, तो वह आवेदन करके ट्रेड अपडेट कर छठी काउंसलिंग में शामिल हो सकता है। पहले जारी हुई सूची में शामिल विद्यार्थियों के कागजात की वेरिफिकेशन होगी। एडमिशन लेने वाले इच्छुक आवेदक के पास निजी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड का होना अनिवार्य है।

## कार सवार चार लोगों ने किया किशोरी का अपहरण

**गुरुग्राम।** जिले के गांव सिवाड़ी में अपना परिवार पहचान पत्र बनवाकर अपनी दादी के साथ घर लौट रही एक लड़की (16) का रास्ते में ही चार लोगों ने अपहरण कर लिया। पुलिस ने दादी के बयान पर एक नामजद समेत चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बुधवार को पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सिवाड़ी निवासी बुजुर्ग बिमला ने कहा कि बीती 22 नवम्बर को वह अपनी 16 साल की पोती के साथ परिवार पहचान पत्र बनवाकर घर जा रही थी। गांव के बस अड्डे की तरफ से एक काले रंग की गाड़ी आई। उसमें चार लोग सवार थे। दो व्यक्ति गाड़ी से नीचे उतरे और संजना का अपहरण करने लगे। उसने शोर मचाया तो एक व्यक्ति ने उसको (दादी को) धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद उनकी पोती का गाड़ी में अपहरण करके फरार हो गए। बुजुर्ग बिमला के मुताबिक चारों में से एक व्यक्ति को वह पहचानती है। वह पटौदा गांव का रहने वाल विजयपाल है। फरूखनगर थाना पुलिस ने विजयपाल समेत चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## बारात में हुई हवाई फायरिंग से पांच मासूम बेटियां हुई घायल

**सोहना।** गांव खरौदा में वरमाला के अवसर पर बराती द्वारा की गई हवाई फायरिंग से हड़कंप मच गया। इस हर्ष हवाई फायरिंग के दौरान निकले छर्रों से पांच बेटियों जख्मी हो गईं। जिन्हें देर रात को ही अलग-अलग अस्पतालों में दाखिल कराया गया। सोहना सदर थाना पुलिस ने गांव के ही निवासी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर पहचान करना शुरू कर दिया है। मामला बुधवार की रात को स्थानीय निवासी शीशराम पुत्र सम्पूर्ण की बेटी की बारात जिला फरीदाबाद के गांव निमका से आई थी। बारात चढ़त के बाद जब दुल्हा-दुल्हन वरमाला कर की रश्में पूरी कर रहे थे। उसी समय भीड़ में खड़े अज्ञात व्यक्ति ने जमीन की तरफ दो हवाई फायरिंग कर दीं। इस दौरान निकले छर्रे भीड़ में शामिल पांच मासूम बेटियों को जा लगे और वे घायल हो गईं। बेटियों की उम्र 10 से 12 वर्ष बताई जा रही है। सभी को बेटियों को नागरिक अस्पताल से डॉक्टरों ने दिल्ली सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिसमें पूजा को गुरुग्राम के मेदान्ता अस्पताल में दाखिल कराया गया है। अन्य चार को दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल में दाखिल किया गया। जहां पर सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सोहना सदर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेश चंद ने बताया कि पुलिस ने गांव के निवासी ललित पुत्र ऋषि की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अज्ञात आरोपी की पहचान में जुट गई है। जिसके लिए शादी में तैयार की जा रही वीडियो ग्राफी को भी जांचा जा रहा है।

## आंदोलन को लेकर प्रशासन दिखा सतर्क, बढ़ाई सुरक्षा



**पलवल।** भारतीय किसान यूनियन के दिल्ली चलो आह्वान के मद्देनजर हरियाणा यूपी करमन बार्डर पर पुलिस प्रशासन की तरफ से पुख्ता इंतजाम किए गए। पलवल जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए है। आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश पारित कर अधिक लोगों की भीड़ एकत्रित करने व घातक हथियार लेकर चलने पर पाबंदी लगाई गई है। डीएसपी बलवीर सिंह ने बताया कि किसान आंदोलन को लेकर करमन बॉर्डर पर भरपूर फोर्स लगाई गई है। उत्तर प्रदेश से आने वाली प्रत्येक गाड़ी को चेक किया जा रहा है। भारी पुलिस बल चेकिंग के लिए उपलब्ध है। लगातार चेकिंग की जा रही है। किसान आंदोलन की आड़ में कोई शरारती तत्व दिल्ली में जाकर के किसी भी तरह का उपद्रव ना कर सके और किसानों को बदनाम ना कर सके इसलिए गहनता से वाहनों की चेकिंग की जा रही है। किसान आंदोलनकारी उत्तर प्रदेश की तरफ अभी तक नहीं आया है। यदि कोई असामाजिक तत्व आएगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में हड़ताल का नहीं दिखा असर

**गुरुग्राम।** सर्व कर्मचारी संघ ने गुरुवार को किए हड़ताल के आह्वान का गुरुग्राम जिले में कोई असर दिखाई नहीं दिया। जिला प्रशासन की ओर से यह दावा करते हुए कहा गया कि जिला में सभी सरकारी कार्यालय सामान्य दिनों की तरह खुले रहे। सभी में अन्य कार्य दिवसों की तरह कर्मचारी व अधिकारी अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहे। जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि कर्मचारियों की हड़ताल गुरुग्राम जिला में पूर्ण रूप से असफल कही जा सकती है, क्योंकि सभी कार्यालय सामान्य दिनों की तरह लगे।

## हिदायतों के साथ चल रहा फसल खरीद का कार्य: अपराजिता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एसडीएम** अपराजिता ने कहा कि स्थानीय अनाज मंडी बल्लभगढ़ और मोहना अनाज मण्डी में खरीफ फसल खरीद का कार्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार निरन्तर चल रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों अनाज मण्डियों में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार बाजरा की सरकारी खरीद एक अक्टूबर से और पीआर किस्म धान की खरीद पांच अक्टूबर से शुरू की गई है।

उपमंडल में बृहस्पतिवार को अब तक धान की कुल 6 लाख 29 हजार 559 क्विंटल, बाजरा 30 की हजार क्विंटल और कपास की 19 हजार 69 क्विंटल खरीद की गई है। खरीद का कार्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार और दोनों अनाज मण्डियों में कोविड-19 के संक्रमण के बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नियमों की सही पालना के साथ किया जा रहा है।

हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के स्थानीय बल्लभगढ़ अनाज मण्डी के सचिव ऋषि कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा हिदायतों के अनुसार मण्डी में कपास, धान व बाजरा की खरीद की जा रही है।

धान की पीआर किस्म की खरीद एमएसपी 1888 रूपये प्रति क्विंटल की दर से और बाजरा की खरीद 2150 रूपये प्रति क्विंटल की दर से सरकारी एजेंसियों द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया की अब तक दो लाख 93 हजार 39 क्विंटल धान की खरीद कर ली गई है। कपास की 19 हजार 69 क्विंटल और बाजरा की 30 हजार क्विंटल खरीद की जा चुकी है।

## कोरोना विस्फोट: 6 मौतें, 457 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 38917

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। बृहस्पतिवार को जिले में कोरोना के 457 मरीज सामने आए। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा 38917 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में छह मौतें होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 321 पर पहुंच गया है। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 557 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 87.3 प्रतिशत पर पहुंच गया।



### जागरूकता की जरूरत

**शहर** के लोगों और प्रशासन की लापरवाही के कारण कोरोना वायरस जिले में तेजी के साथ अपने पैर पसारता जा रहा है। ऐसे में शहर में पॉजिटिव मरीजों की संख्या भी हर रोज तेजी के साथ बढ़ रही है। यदि प्रशासन ने जल्दी ही सख्त कदम नहीं उठाए तो आने वाले दिनों स्थिति और गंभीर हो सकती है। शहर के गणमान्य लोगों का मानना है कि लॉकडाउन के दिनों की तरह एक बार फिर लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। इसके लिए प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर प्रयास करने होंगे।

### मृतक और पॉजिटिव

**कोरोना** पॉजिटिव छह मरीजों में एसजीएम नगर निवासी 62 वर्षीय महिला, गांधी मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय महिला, सेक्टर-28 निवासी 74 वर्षीय बुजुर्ग महिला, खेड़ी कला निवासी 62 वर्षीय महिला, एनआईटी निवासी 76 वर्षीय पुरूष, सेक्टर-29 निवासी 75 वर्षीय पुरूष शामिल है। यह सभी कोरोना के अलावा अन्य कई बीमारियों से गस्त थे। वहीं 457 पॉजिटिव में भारत कालोनी, सेहतपुर, इंदिरा कॉम्प्लेक्स, चावला कालोनी, सेक्टर-3, 10, 87, 78, विष्णु कालोनी, पाली, मौजपुर, ग्रीनफिल्ड, सुरजकुंड, चार्मवुड, दयाल नगर, शिव दुर्गा बिहार, चंदावली, कृष्णा कालोनी, सेक्टर-55, 11, एसजीएम नगर, संजय कालोनी, भूपानी, डबुआ, नेहरू कालोनी, पर्वतीया कालोनी, जवाहर कालोनी, प्रेम नगर, सेक्टर-सात, भगत सिंह कालोनी, भूड कालोनी, तिगांव, सेक्टर-3, 75, 88, टिकावली, जीवन नगर, गाजीपुर, एनआईटी-5, यादव कालोनी, पाली, आदर्श कालोनी, बसेलवा कालोनी, एनआईटी, तिरखा कालोनी, आदर्श नगर, शिव कालोनी, अमर नगर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, चंदावली, नवादा, तिगांव, सेक्टर-21, मेवला महाराजपुर, सेक्टर-9, 49, 25, 10, 18, 16, एनआईटी-एक, मुजेसर, अशोका इंक्लेव, सुभाष कालोनी, राजीव कालोनी और अन्य ऐरियों से मरीज शामिल हैं।

### यह है आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | - 318679 |
| अब तक पॉजिटिव | -38917 |
| अब तक नेगेटिव | - 279317 |
| रिपोर्ट आनी शेष | -445 |
| गंभीर हालत में | - 88 |
| वेंटिलेटर पर भर्ती | -13 |
| अब तक मौते | - 321 |
| अब तक ठीक हुए | - 33989 |

# संक्षिप्त समाचार

### लापता बच्चों को परिवार से मिलवाया

**फरीदाबाद** । थाना एसजीएम नगर ने तीन लापता बच्चों को उनके परिवार से मिलाया है। थाना में सूचना मिली जिस पर थाना प्रबन्धक ने एक पुलिस टीम गठित की। टीम ने बच्चों को एक घंटे में ढूंढने में कामयाबी हासिल की। थाना पुलिस ने बताया कि अमर सिंह निवासी कल्याणपुर झुग्गी एनआईटी फरीदाबाद ने थाना मे आकर आपने दो लडकी एक लडका शादी में आये थे। जो तीनों बच्चे भीड़ में गुम हो गये हैं। जो वहां पर मौजूद बीट ऑफिसर ने वट्सअप ग्रुप में इसकी सूचना अपनी टीम को दी। जिसपर पुलिस टीम ने तीनों बच्चों को पटेल चौक एसजीएम नगर से सकुशल बरामद करके बच्चों को उनके परिजनों को हवाले कर दिया। अक्सर देखने को मिलता है कि भीड़-भाड़ वाली जगह पर बच्चे अपने माता पिता से बिछड़ जाते है और गलत लोगों के हत्थे चढ़ जाते हैं। इसलिए सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अपने बच्चों का ध्यान रखें ताकि वह गलत लोगों कि पहुंच से दूर रहे। पुलिस ने परिजनों को बच्चों के साथ हो रहे अपराध के बारे में अवगत कराया है और हिदायत दी कि वह अपने बच्चों का ध्यान रखें। अपने बच्चों को वापिस पाकर उनके माता पिता बहुत खुश हुए और पूरी पुलिस टीम को उनके द्वारा किये गये कार्य के लिये धन्यवाद किया। पुलिस आयुक्त ने पुलिस टीम की प्रशंसा की और उन्हे प्रशंसा पत्र से सम्मानित करने का फैसला किया।



### पर्स लौटा कर ईमानदारी की मिसाल कायम की

**फरीदाबाद।** पुलिस कर्मी ने ईमानदारी की मिसाल कायम करते हुए नकदी और गाड़ी के कागजात समेत मिला एक पर्स उसके मालिक को लौटाया है। पर्स में करीब ढाई हजार रुपये और ऑटो के कागजात थे। सिपाही की ईमानदारी को देखते हुए पुलिस आयुक्त ने उसे प्रशंसा पत्र और नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। दरअसल सिपाही राकेश देर शाम सेक्टर-16 में टहल रहे थे कि उन्हें रास्ते एक पर्स मिला। पर्स में नकदी कागजात थे। मालिक का पता लगाने के लिए राकेश ने आईकार्ड तलाशा। लेकिन नहीं मिला। ऑटो के कागजात खंगाने पर एक मोबाइल नंबर मिला। फोन करने पर पता चला कि यह पर्स मालिक के परिचित का है। एक के बाद एक 15-20 लोगों से बात करने के बाद पर्स मालिक से सम्पर्क हो पाया। पता चलने पर बिजली विभाग में कार्यरत पर्स मालिक पलवल निवासी विनोद वहां पहुंचा। पूछताछ के बाद पर्स उन्हें सौंप दिया गया। विनोद ने सिपाही राकेश को 500 रुपये ईमान देना चाहा।



### बच्चों को बांटे गर्म कपड़े और टोपी

**फरीदाबाद।** शहर में जहां एक तरफ कोरोना महामारी के कारण लोग घरों में बैठने को मजबूर है। वहीं दूसरी तरफ समाजसेवी सतीश चौपड़ा कोरोना काल से ही बच्चों, बुजुर्गो और हर आयु वर्ग के लोगों की मदद कर रहे है। जहां लॉकडाउन के दौरान उन्होंने लोगों को राशन, फल व अन्य जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया। वहीं अब वह हर आयुवर्ग के लोगों को कपड़े डोनेट कर रहे है। वहीं सर्दियों को ध्यान में रखते हुए झुग्गी, झोपड़ियों व सड़क किनारे रहने वाले बच्चों को गर्म कपड़े व टोपियां पहना रहे हैं। बृहस्पतिवार को उन्होंने सेक्टर-58 स्थित झुग्गियों में रहने वाले गरीब बच्चों को नई जर्सी और टोपी पहनाई। जिसे लेकर बच्चे व उनके परिजन काफी खुश थे। नन्हें बच्चों ने सतीस चौपड़ा का धन्यवाद किया और पायनियर को बताया कि हमें दिवाली पर कपड़े दिए थे और आज नई जर्सी और टोपी दी है। हमारे पास लोग काफी कम आते है, लेकिन सतीश हमेशा हमारा और हमारे परिवार का सहारा बनते है। वहीं समाजसेवी सतीश चौपड़ा ने बताया कि वह नहरपार, मथुरा रोड, सेक्टर-56, 55 और अन्य कई इलाकों में गर्म कपड़े बच्चों को बांट चुके हैं। ताकि सर्दी से बच्चों का बचाव हो सके। उन्होंने बताया कि इस बार उन्होंने 200 से 300 जोड़ी स्वेटर और टोपियां बच्चों को बांटने के लिए मंगवाई है।



### श्वेत क्रांति के जनक की जयंती पर उत्पादकों को डिजिटल अवार्ड

**फरीदाबाद।** श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) ने दूध उत्पादकों को डिजिटल अवार्ड प्रदान किया है। एनडीडीबी ने राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर बृहस्पतिवार को कहा कि उसका मकसद देश में डिजिटल ड्राइव को बढ़ावा देते हुए डेयरी से जुड़े किसानों को दूध के दाम का शत-प्रतिशत भुगतान बैंक और डिजिटल मंचों के जरिए करना है। डॉ. कुरियन का जन्म दिन 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर एनडीडीबी के अध्यक्ष दिलीप रथ ने दूध उत्पादकों, दूध से जुड़े सहकारी संस्थाओं व दूध उत्पादक कंपनियों को मिल्क प्रोड्यूसर्स डिजिटल अवार्ड व डिजिटल पेमेंट एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस मौके पर एनडीडीबी के कार्यकारी निदेशक मीनेश शाह और अरुण रास्ते भी मौजूद थे। डॉ. रथ ने कहा,''आज डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती यानी 26 नवंबर 2020 से हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं और इस अवसर पर हम प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाले उत्पादक और उत्कृष्ट संस्थानाओं को यह अवार्ड व सर्टिफिकेट प्रदान कर रहे हैं।'' रथ ने कहा कि भारत सरकार के डिजिटल इंडिया ड्राइव के साथ-साथ एनडीडीबी के प्रयासों से डेयरी से किसान निश्चित तौर पर बैंकों से भुगतान प्राप्त करने और अन्य डिजिटल मंचों का उपयोग करने की ओर उत्साहित होंगे। एनडीडीबी के अध्यक्ष ने इस मौके पर डेयरी से जुड़ी सहकारी संस्थाओं में से 62 दूध उत्पादकों और दूध उत्पादक कंपनियों में से 24 दूध उत्पादकों को डिजिटल माध्यम से दूध का भुगतान स्वीकार करने के लिए सम्मानित किया।

# हड़ताल के दौरान तार-तार हुए कोविड-19 के नियम

कविता। फरीदाबाद



**एक** तरफ कोरोना वायरस जिले में बेकाबू होता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ शहर के लोग भी बचाव के नियमों के प्रति लापरवाह होते जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को विभिन्न विभागों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान तो कर्मचारियों ने कोविड-19 की गाइडलाइंस को पूरी तरह ताक पर रख दिया। हड़ताली कर्मचारियों ने बिना मास्क लगाए और सोशल डिस्टेंसिंग के विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही जुलूस भी निकाला। ऐसे में कोरोना वायरस के फैलने का खतरा और ज्यादा बढ़ गया है।

### टूट गए नियम

**लॉकडाउन** के दौरान कोरोना योद्घा के रूप में जिले में तैनात रह कर लोगों को बचाव का संदेश देने वाले नगर निगम और अन्य विभागों के कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रव्यापी हड़ताल में स्वयं ही कोरोना के सारे नियमों को ताक पर रख दिया। ऐसा ही शहर के विभिन्न स्थानों पर हुए धरने प्रदर्शनों में देखने को मिला। कर्मचारियों ने नारेबाजी, धरना प्रदर्शन के बीच कोविड-19 की गाडलाइंन की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा रखी थी।

### न मास्क, न डिस्टेंस

**कोरोनाकाल** में हुई इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में विभागों के ज्यादातर कर्मचारियों ने न तो मुंह पर मास्क लगा रखा था और न ही किसी तरह का कोई अन्य बचाव का साधन अपना रखा था। वहीं जगह-जगह हुई हड़ताल में विरोध प्रदर्शन कर रहे कुछ कर्मचारियों ने सोशल डिस्टेंसिंग की जमकर धज्जियां उड़ाई। स्पष्ट कहा जाए तो हड़ताल के दौरान जिले में ऐसा कोई स्थान नहीं था, जहां कोरोना गाइडलाइंन का पालन किया गया हो। शहर का बस स्टैंड, कार्यालय, सिविल अस्पताल, कम्पनी, सड़क, ऑटो, रिक्शा या बाजार हर जगह कोरोना गाइडलाइंन की धज्जियां उड़ाई जा रही है। राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल लोगों में से कितने लोगों को कोरोना हुआ होगा और इनके सम्पर्क में न जाने कौन कौन आया है, वह आगे कितनों को अब तक पॉजिटिव कर चुके हैं, इसका अंदाजा ही लगाना मुश्किल है।

### चिकित्सकों का कथन

**शहर** के वरिष्ठ चिकित्सकों का कहना है कि एक तरफ जिले में मरीज बढ़ रहे है। वहीं दूसरी तरफ लोग कोरोना गाइडलाइंन के नियम के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे में शहर में एक बार फिर कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जिस तरह से लोग कोरोना के प्रति लापरवाह हो रहे है, उससे साफ है कि सर्दियों में कोरोना का आंकड़ा 50 हजार को पार कर जाएगा। रोजाना 500 से ज्यादा मरीज सामने आ रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि आने वाले दिनों में शहर का हर दूसरा या तीसरा व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव हो सकता है।

## पुलिस ने ली एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ



**फरीदाबाद।** देश भर में संविधान दिवस दिवस बृहस्पतिवार को मनाया गया। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने औपचारिक रूप से भारत के संविधान को अपनाया था। जिसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया। 19 नवंबर 2015 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने नागरिकों के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने के निर्णय लिया था।

इसको संविधान दिवस के रूप में मानने का एक मात्र बड़ा कारण वेस्टर्न कल्चर के दौर में देश के युवाओं के बीच में संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देना है, दरअसल यही वह दिन है, जब गुलामी की जंजीरों से आजाद होकर अपने स्वतंत्र अस्तित्व को आकार देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकार किया था, इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपनी स्वीकृति दी थी, इस वजह से इस दिन को संविधान दिवस' के तौर पर मनाया जाता है।

फरीदाबाद पुलिस द्वारा कार्यालय पुलिस आयुक्त में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) आदर्श दीप सिंह द्वारा कार्यालय पुलिस आयुक्त में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

## कम्प्यूटेशनल केमिस्ट्री पर राष्ट्रीय ई-कार्यशाला का आयोजन

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रसायन विभाग द्वारा कम्प्यूटेशनल केमिस्ट्री पर एक सप्ताह की राष्ट्रीय ई-कार्यशाला तथा हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया और वर्तमान परिदृश्य में कम्प्यूटेशनल रसायन विज्ञान के महत्व का उल्लेख किया।




कार्यशाला में डॉ. बीआर अम्बेडकर एनआईटी, जालंधर के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों को कंप्यूटर की गुणवत्ता कौशल विकसित करने, ऊर्जा और पर्यावरण की वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए संख्यात्मक तौर-तरीकों को सीखने के लिए प्रेरित किया। जेएनसीएएसआर बेंगलुरु के प्रो. बालसुब्रमण्यम सुंदरम ने इस अवसर पर आणविक मॉडलिंग पर मुख्य व्याख्यान दिया। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने कहा कि कार्यशाला ने विद्यार्थियों को कम्प्यूटेशनल केमिस्ट्री टूल्स के क्षेत्र में सीखने का अवसर प्रदान किया जा सके। डीन ऑफ फैकल्टी ऑफ साइंसेज प्रो. आशुतोष दीक्षित ने विद्यार्थियों से कार्यशाला का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया ताकि लॉकडाउन के दौरान व्यावहारिक प्रशिक्षण के नुकसान को दूर किया जा सके और कम्प्यूटेशनल केमिस्ट्री स्किल में दक्षता हासिल की जा सके। इससे पहले रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और कहा कि कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में विभाग विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन मोड में वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। कार्यशाला के संयोजक डॉ. अनुराग ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यशाला में कम्प्यूटेशनल केमिस्ट्री के विद्यार्थियों और शोधकर्ता के मूलभूत उपकरणों को प्रशिक्षित करने के लिए आईआईटी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान, बीएआरसी, बीएचयू आदि से वक्ता शामिल होंगे।

## टीसी न मिलने पर बच्चे खा रहे धक्के

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के अधिकारियों के पास विद्यार्थी निजी स्कूलों की मनमानी से धक्के खाने को मजबूर हैं। छात्रों का आरोप है कि निजी स्कूल उनकी टीसी नहीं दे रहे और शिक्षा विभाग के अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे। बृहस्पतिवार को भी शिक्षा विभाग में एक छात्र अपनी पीड़ा लेकर पहुंचा, जहां जिला शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र कौर वर्मा ने संबंधी स्कूल को टीसी देने के लिए कहा।

गौंछी में रहने वाला शुभव हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबंधी एक प्राइवेट स्कूल से पिछले साल फेल हो गया था। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बच्चे ने एडमिशन नहीं लिया और अपने पिता के साथ मजदूरी करने लगा। एक साल मेहनत मजदूरी कर शुभव इस बार प्राइवेट स्कूल में एडमिशन कराने पहुंचा तो स्कूल वालों ने टीसी मांगी। इसके चलते शुभव प्राइवेट स्कूल में टीसी लेने पहुंचा, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने शुभव पर 18 हजार रुपये बकाया बताकर टीसी देने से मना कर दिया। कई बार शुभव ने टीसी मांगी, पर उसे टीसी नहीं मिली है। इससे की परेशान होकर शुभव शिक्षा विभाग पहुंचा।

## पूर्व मंत्री स्व. शिवचरण के जन्मदिन पर बांटे फल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोविड-19** के मद्देनजर हरियाणा के आईएसएस पूर्व मंत्री स्व. शिवचरण लाल शर्मा का उनके निवास पर 91 वां जन्मदिन बड़ी सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक नीरज शर्मा ने अपने परिजनों के साथ मिलकर अपने निवास पर अपने पिताश्री की आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया। मजदूरों और गरीबों तबके के लोगों को फल वितरित किए। जिसमें पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर मुकेश शर्मा, समाजसेवी मुनेश शर्मा सहित पूर्व मंत्री के पुराने साथी उपस्थित थे।



पूर्व मंत्री के 91वें जन्मदिवस पर एनआईटी-86 के विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि उनके पिताश्री स्व. शिवचरण लाल शर्मा ने एनआईटी विधानसभा के लोगों की भलाई के लिए हमेशा कार्य किए। वो सुख-दुख में हमेशा लोगों के साथ खड़े रहते थे, यही कारण है कि क्षेत्र की जनता अब भी उनसे बेशुमार प्यार करती है। वह आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। उन्हीं का आशीर्वाद है, जो जनता ने वोट के रूप में उन्हें दिया और फरीदाबाद से एकमात्र कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विजयी बनाकर विधानसभा में भेजा। वह जनता के इस मान-सम्मान और प्यार को हमेशा याद कर अपने पिताजी के पदचिन्हों पर चलते हुए सदैव क्षेत्र की सेवा में समर्पित है। उन्होंने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और वह यह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे कि परिवार को किसी प्रकार की कोई दुख तकलीफ व कष्ट झेलना पड़े।?

विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी का तीसरा चरण शुरू हो चुका है जिसके कारण प्रदेश में कोरोना संक्रमण मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा फरीदाबाद की जनता से अपील की है कि कोविड-19 के मद्देनजर जो सरकार द्वारा नियम जारी किए गए हैं।

## बिजली बोर्ड वर्कर्स यूनियन ने हड़ताल को दिया नैतिक समर्थन

**फरीदाबाद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड वर्कर्स यूनियन ने देश मे कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नैतिक समर्थन किया।

इस मौके पर प्रदेश के महासचिव सुनील खटाना ने कहा कि बिजली एक आवश्यक और जरूरतमंद सेवा है। इसके बाधित होने से स्वास्थ सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ना स्वाभाविक है। जिसके चलते प्रदेश के अनेक नागरिकों को जान का जोखिम उठाना पड़ सकता है। इसलिए एचएसईबी वर्कर यूनियन की केंद्रीय कार्यकारिणी ने फैसला लिया कि किसी भी प्रदेश वासी की जान को जोखिम में डालने की बजाय संवेदनशील रवैया रखा और राष्ट्रव्यापी 26 नवम्बर 2020 की हड़ताल को अपना नैतिक समर्थन दिया। जिसके तहत प्रदेश की बिजली निगम की सभी सर्कल स्तर के कार्यालय पर 1 घंटे की गेट मीटिंग कर विरोध जताया। सरकार को बताया कि यूनियन बिजली महकमे में बढ़ते निजीकरण के खिलाफ बिजली बिल संशोधन 2020 के खिलाफ श्रम कानूनों में हो रहे बदलाव के खिलाफ ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

## किसानों-मजदूरों के सच्चे मसीहा थे स्व. रणवीर हुड्डा

### कांग्रेसियों ने स्वतंत्रता सेनानी की जयंती पर 106 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पूर्व** कांग्रेस प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने स्वतंत्रता सेनानी स्व. रणवीर सिंह हुड्डा को नमन करते हुए कहा कि वे धर्म निरपेक्ष, जनतंत्र की नींव रखने वालों में से एक थे, भले ही वह आज हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनके आदर्श हमारे लिए सदैव अनुकरणीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्व. रणवीर सिंह हुड्डा एक युगपर्वतक, गांधीवादी व किसानों-मजदूरों के मसीहा थे।

उन्होंने निस्वार्थ भाव से आम आदमी की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था, ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी के आदर्शो को हमें अपनाना चाहिए तभी एक सशक्त समाज का निर्माण संभव हो सकता है।

श्री सिंगला आज सेक्टर-17 स्थित रणवीर हुड्डा पार्क में उनकी 106वीं जयंती के अवसर पर माल्यार्पण करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री सिंगला व अन्य कांग्रेसजनों ने स्व. रणवीर हुड्डा की अष्टधातु की प्रतिमा को गंगाजल से साफ किया और उस पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उनकी 106वीं जयंती पर पार्क में 106 पौधे लगाकर उनकी पूरी देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इससे पूर्व सोनिया गांधी के राजनैतिक सलाहकार एवं राज्यसभा सांसद कांग्रेसी नेता अहमद पटेल के आकस्मिक निधन पर भी कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन रखते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को उनकी कमी सदा खलेगी क्योंकि वह पार्टी के एक मजबूत स्तम्भ थे और पार्टी के मुश्किल वक्त में भी वह मजबूती के साथ खड़े रहे। कार्यक्रम के दौरान जहां कांग्रेसियों ने मुंह पर मास्क लगाएं रखे वहीं सोशल डिस्टेसिंग की भी पूरी तरह से पालना की गई।

इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए लखन कुमार सिंगला ने कहा कि स्व. रणवीर हुड्डा के प्रयासों का ही परिणाम है कि हम आज आजादी की खुली हवा में सांस लें रहे है और हमारी युवा पीढ़ी को ऐसे महापुरूषों से प्रेरणा लेकर समाजसेवा व जनसेवा के कार्यो में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, जिससे की समाज से बुराईयों का अंत हो सके। उन्होंने कहा कि अपने पिता स्व. रणवीर सिंह हुड्डा के पदचिन्हों पर चलते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी अपना समस्त जीवन जनसेवा में समर्पित कर दिया है।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत जेसी बोस में रोष प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते जेसी बोस युनिवर्सिटी वाईएमसीए कर्मचारी एसोसिएशन फरीदाबाद, वर्कशॉप एम्प्लाइज एसोसिएशन जेसी बोस युनिवर्सिटी वाईएमसीए और जेसी बोस युनिवर्सिटी वाईएमसीए मिल कमेटी फरीदाबाद ने संयुक्तरूप से लंच टाइम में परिसर में रोष प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की।

हड़ताल का समर्थन करते हुए एसोसिएशन ने युनिवर्सिटी कर्मचारियों की लंबित मांगों की लड़ाई लड़ने के लिए रणनीति तैयार की गई। इस कमेटी में विजय कुमार, अशोक कुमार, अवनीश गौड़, रीचा रानी, पूरन लाल, सतीश परेहा व दीपक सदस्य शामिल रहे। विजय कुमार ने बताया कि जेसी बोस युनिवर्सिटी वाईएमसीए कर्मचारी एसोसिएशन जो कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित है।

## कांग्रेसियों ने किया शोक प्रकट, दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी, फरीदाबाद द्वारा संविधन दिवस के मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व कोषाध्यक्ष श्री अहमद पटेल तथा असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगई के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया और दो मिनट का मोन रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर 26/11 को मुंबई हमले में शहीद हुए लोगों को भी याद किया गया। जिले के समस्त कांग्रेसजनों ने इस अवसर पर संविधान निर्माता समिति के सदस्य स्व. चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा और हरियाणा के पूर्व मंत्री पंडित शिवचरण शर्मा को उनकी जयंती पर उनका पूण्य स्मरण किया।

इस अवसर पर विधायक नीरज शर्मा एवं पूर्व विधायक आनंद कौशिक ने कहा कि अहमद पटेल कांग्रेस की धुरी थे, उन्होंने पार्टी के विस्तार में अतुलनीय योगदान दिया। पार्टी में उनके योगदान और सहयोग



को हमेशा याद रखा जाएगा। कांग्रेस का सिपाही कैसा होता है, यह सीखने देखने के लिए कांग्रेसजनों को अहमद पटेल जी के जीवन और कार्यों पर एक नज़र डालनी चाहिए। पार्टी के प्रति निष्ठा का उदाहरण देना हो तो भी उनका नाम बार बार आएगा। राजनीति की जटिलता को वे जिस सहजता से सुलझाते रहे वह भी हम सबके लिए एक सबक है। जिनकी आंखें सरकार और सत्ता की चमक-धमक से चौंधिया जाती हैं, उन्हें सीखना चाहिए कि कैसे एक कार्यकर्ता सत्ता से दूर रहकर संगठन के लिए समर्पित होकर कार्य कर सकता है। उन्होंने इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगई को याद किया। श्री शर्मा व कौशिक ने इस मौके पर मुंबई हमले में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्राथना की ओर कहा की भारत के इतिहास में यह घटना सदैव याद रखी जाएगी। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता योगेश ढींगरा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता योगेश गौड़, पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कोशिक, पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर मुकेश शर्मा, एच पी.सी.सी कॉर्डिनेटर गौरव ढींगरा, वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष कौशिक, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव मोनू ढिल्लो, वरिष्ठ नेता अहसान कुरैशी, एआईपीसी जिला अध्यक्ष डॉ सौरव शर्मा, अनिशपाल, अशोक रावल, राजेश आर्य, एडवोकेट विनोद कोशिक, ब्रह्मप्रकाश गोयल, प्रशांत कौशिक, दानिश, जय भगवान भारद्वाज, ताजू खान, के सी शर्मा प्रधान आर.टी.आई सेल, इकबाल कुरैशी, सोहैल सैफी, सरदार सुरेंद्र सिंह, अनिल कुमार, टीचर सैल जिला प्रधान त्रिलोक तंवर, पुरण चंद, कमला मालिक, राजिंदर चौहान, अश्वनी कौशिक, सुशांत कौशिक, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 नवंबर, 2020



# कांग्रेस में एक युग का अंत

## पटेल व गोगोई का निधन

**अहमद** पटेल व तरुण गोगोई के निधन से कांग्रेस में पुरानी व्यवस्था और कमजोर हुई है तथा पुनर्जीवन और कठिन हो गया है। शायद कांग्रेस अपने अंतिम वर्षों में है, लेकिन शायद वह अपने वारिसों में ऐसी भावना पैदा कर सके कि वे पार्टी को बचा लें। चुनावी रूप से वह उभरने का प्रयास कर रही है, पर संगठनात्मक रूप से अत्यधिक विभाजित है। अहमद पटेल व तरुण गोगोई वरिष्ठ संगठन बनाने वाले नेता थे जिन्होंने विरोध का लाभ उठा कर पार्टी को मजबूत और एकजुट किया। पटेल का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है क्योंकि कांग्रेस ने अपना चाणक्य खो दिया है। वे पार्टी के रणनीतिकार थे और उन्होंने उसी प्रकार पार्टी चलाई जिस प्रकार स्व. प्रणव मुखर्जी ने इंदिरा से सोनिया तक अनेक नेताओं के नेतृत्व में सरकारें चलाई थीं। हालांकि, अहमद पटेल ने कभी अपनी आकांक्षा नहीं दिखाई और वे पार्टी को एक के बाद दूसरे संकटों से उबारते रहे तथा संख्याबल कम होने पर सहयोगियों के साथ सरकारें बनवाते रहे, पार्टी के लिए फंड एकत्र करते रहे और पार्टी को किसी भी नेता से बड़ा बनाया। परोक्ष रूप से वे ऐसी पार्टी बन गए जिसका प्रतिनिधित्व गांधी परिवार के लोग करते थे। पार्टी के भीतर और बाहर उनके अनेक नेताओं से अच्छे संबंध थे। वे कार्यकर्ताओं की पहुंच में थे तथा जमीन पर नजर बनाए रखते हुए वे उनकी शिकायतों का समाधान करते थे। इस प्रकार पटेल वरिष्ठ नेताओं और युवा नेताओं के बीच पुल का काम करते थे। गठबंधन युग में वे पार्टी तथा गठबंधन सहयोगियों के बीच सेतु तथा विपक्ष से संपर्क बनाए रखने का काम करते थे। इसके साथ ही कार्पोरेट जगत से उनके संबंध थे और इसी कारण राहुल गांधी ने उनको कोषाध्यक्ष बनाया था तथा उनको अपने माता-पिता के समान स्थान दिया था। 1977 में भरूच सीट से चुनाव जीत कर वे इंदिरा गांधी के निकट आए थे तथा राजीव गांधी ने उनको पार्टी का महासचिव बनाया था। इसके बाद वे परिवार का हिस्सा बन गए। हालांकि, नरसिम्हा राव के आलोचक होने के बावजूद उन्होंने कभी उनको परेशान नहीं किया। 2004 में सोनिया गांधी के राजनीतिक उभार व लोकसभा चुनाव में विजय के बाद वे उनके रणनीतिकार और सलाहकार बन गए। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के 'इंडिया शाइनिंग' अभियान का मुकाबला किया तथा मोदी लहर में भी गुजरात विधानसभा में कांग्रेस की अच्छी उपस्थिति बनाए रखी। सबसे अच्छी बात यह है कि पटेल ने कभी अपने लिए मुस्लिम कार्ड नहीं खेला। तरुण गोगोई ने भी अपने व्यक्तिगत आकर्षण तथा सहमति बनाने की क्षमता से असम में चरमपंथ समाप्ति के बाद कांग्रेस के लिए मजबूत स्थान बनाया तथा मुख्यमंत्री के रूप में अपने लंबे कार्यकाल में विकास व शांति सुनिश्चित कर प्रदेश को हाशिए से बाहर निकाला। दोनों नेताओं ने पार्टी को मुख्यधारा में बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान दिया। कांग्रेस की समस्या यह है कि अब कोई उसे दिशा देने वाला नहीं है। वरिष्ठ नेता नेतृत्व को यह समझाने में विफल रहे कि पार्टी को नामांकन की संस्कृति से मुक्ति पा कर संगठन में लोकतंत्र लाना चाहिए। सोनिया के पास नए विचारों का अभाव है और अब पटेल का भी निधन हो गया है जो ऐसे किसी व्यक्ति को बाहर रखने में सक्षम थे जो गांधी परिवार को चुनौती दे सकता था। कांग्रेस में सीडब्लूसी के चुनाव 1998 में हुए थे और अब इनके माध्यम से ही जमीनी कार्यकर्ताओं व नेताओं को जोड़े रखा जा सकता है। छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल व पंजाब के अमरिंदर सिंह जैसे नेताओं ने सिद्ध कर दिया है कि वे मजबूत संगठनकर्ता हैं तथा राष्ट्रीय मुद्दों पर भी पार्टी के साथ खड़े हो सकते हैं। यदि कांग्रेस वर्तमान मुश्किलों से उबरना चाहती हो तो उसके पास अपना रास्ता ठीक करने तथा उठ खड़े होने का यह अंतिम अवसर है। इसके लिए उसे अहंकार त्याग कर ईमानदार सलाह सुननी होगी तथा व्यापक राजनीतिक विरासत के पक्ष में निहित स्वार्थ छोड़ने होंगे। यदि राहुल गांधी आगे बढ़ना चाहते हों तो उनको चुनाव के माध्यम से कार्यकर्ताओं का सम्मान और विश्वास प्राप्त करना होगा।



# पश्चिम बंगाल का पुनर्जीवन

पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था को तेजी से प्रगति के रास्ते पर ले जाने के लिए बहुत अधिक निवेश की आवश्यकता नहीं है। यह काम केवल सरकार की इच्छाशक्ति व प्रबंधन से संभव है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



यदि मैं अब भी पश्चिम बंगाल का निवासी होता तो आगामी विधानसभा चुनावों में मेरी पहली पसंद अपने राज्य की पहचान बनाए रखना होता। इसे कभी बांग्लादेश या उसके सरोकारों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। हमें याद करने की आवश्यकता है कि 1947 में विभाजन से पहले सर अब्दुल रहीम तथा लोकप्रिय किसान नेता फजलुर रहमान कोलकाता में नेताजी के भाई शरत बोस को यह समझाने आए थे कि हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बजाय एकीकृत बंगाल एक तीसरा विकल्प हो सकता है। उस समय कम्युनिस्ट पार्टी ने अविभाजित बंगाल के विचार का समर्थन किया था। कायदे आजम जिन्ना ने भी इसका समर्थन किया था क्योंकि मुस्लिम प्रभुत्व वाला बंगाल चाहे-अनचाहे भारत के बजाय पाकिस्तान का पक्ष लेता।

गीत, संगीत, भाषा व साहित्य के मामले में सभी बंगाली अपने आप पर गर्व करते हैं। लेकिन स्मृतियों का मामला सामने आने पर अधिकांश बांग्लादेशी जमींदारों व उनके समर्थकों के हाथों अपने सामाजिक उत्पीड़न की याद करते हैं। बहुत से लोगों को याद है कि उनको विवाह समारोहों में भोजन के लिए बुलाए जाने पर भी अलग बैठने को कहा जाता था तथा उम्मीद की जाती थी कि भोजन के बाद वे अपने पत्तल व बर्तन उठाएंगे। ऊंचनीच की यह भावना इतनी गहरी थी कि एकीकृत बंगाल भी अंततः भीतर से विभाजित हो जाता। कुछ साल पहले ढाका के कुछ परिचितों से बात करते हुए मुझे यह आश्चर्य हुआ कि विभाजन के समय पूर्वी बंगाल को कोलकाता न दिए जाने से वे नाराज थे, हालांकि यह शहर जेस्सोर से थोड़ी ही दूर है। उनका विश्वास था कि अंग्रेजों ने अंतिम क्षण यह परिवर्तन किया था और पाकिस्तान को लाहौर देने के बावजूद उनके साथ यह घोर अन्याय हुआ था। कोलकाता पर कब्जे की मांग इसलिए थी कि यह आर्थिक गतिविधियों का केन्द्र व बंदरगाह था। यह कच्चे जूट की सप्लाई करता था ओर कोलकाता के व्यापारी राजकुमार जूट मिलों व अनेक अन्य बिजनेसों का लाभ उठाते थे। मुहम्मद अली जिन्ना कोलकाता पर कब्जे के लिए बेचैन थे और उनके दिमाग में अपने सक्षम वार्ताकार होने का अहंकार था। लेकिन वे इस मामले में शायद इसलिए पराजित हुए क्योंकि उनके फेफड़े बेकार हो रहे थे और उनका दिल पाकिस्तान बनाने में लगा था। उनके लिए पूर्वी बंगाल तथा उसके हितों की ज्यादा प्राथमिकता नहीं थी। संयोग से फरवरी, 1948 के पहले कायदे आजम कभी पूर्वी बंगाल नहीं गए थे। उसे सिल्हट जिले के रूप में एकमात्र उद्योग मिला था जहां चाय के बागान थे। बांग्लादेश के पास चावल व मछली जैसे जीवित रहने के संसाधनों को छोड़ कर बहुत कम आर्थिक संसाधन थे। इसी कारण उसने विदेशों से कच्चा माल आयात कर उसे उच्च प्रौद्योगिकी के माध्यम से निर्यात के लिए नए उत्पादों में बदलने का जापानी माडल अपनाया। लेकिन किसी के लिए जापानियों की तरह तकनीकी-उद्यमिता महारत प्राप्त करना आसान नहीं है। अब सोनार बांग्ला का सपना टूट रहा है क्योंकि 6 पश्चिमी जिलों में पहले की तरह बरसात नहीं होती है और उसे भारत से नदी जल की आवश्यकता है। उसका दुर्भाग्य है कि अधिकांश जमीन नीची है और समुद्र का स्तर बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि दो दशक में बांग्लादेश का 17 प्रतिशत भू क्षेत्र पानी में डूब जाएगा। इन सभी कारणों से दुनिया के दूसरे हिस्सों में जाने वाले आप्रवासियों में बांग्लादेशियों की संख्या सबसे ज्यादा है। लेकिन पश्चिम बंगाल को इस घुसपैठ का सामना करना पड़ा है।

कुछ साल पहले मेरा दिल आनन्द से भर गया था जब ममता बनर्जी ने अपनी सारी गुस्सा दिखाते हुए लोकसभा अध्यक्ष की मेज पर कागज फेंके थे। उस समय वे घुसपैठ-रहित पश्चिम बंगाल की मांग कर रही थीं। राज्य के पास थोड़ी भूमि और बड़ी संख्या में जनता थी जिससे उसके संसाधनों पर अनेक वर्षों से भारी दबाव था। ऐसे में शरणार्थी बोझ और बढ़ा रहे थे। इसके अलावा अतीत के वर्षों में ट्रेड यूनियनों व खराब प्रबंधन के कारण पहले से मौजूद राज्य का गौरव समझे जाने वाले अनेक छोटे, मझोले व बड़े उद्योग औद्योगिक कब्रिस्तानों में बदल गए थे।

बंगाली निश्चित रूप से बहुत बुद्धिमान लोग हैं, लेकिन कभी-कभी वे निरक्षर लोगों की तरह व्यवहार करते हैं। यदि उनकी प्रतिभा का समुचित उपयोग होता तो राज्य की अर्थव्यवस्था बेहतर हो सकती थी। राज्य का पुनर्जीवन बहु-प्रतीक्षित है और इसके लिए जल्द ही नया आर्थिक एजेंडा बनाया जाना चाहिए। नया उद्योग लगाना एक ब्रांड स्थापित करने की तरह है जिसके लिए वैश्वीकरण के युग में भारी प्रतियोगिता का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसका लाभ बंगाल को स्वाभाविक रूप से मिलता है तथा इस कारण सम्मान भी प्राप्त होता है। पहला जोर मुख्यतः स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों पर दिया जाना चाहिए। यहां एक बड़ी ज्ञान अर्थव्यवस्था का निर्माण हो सकता है क्योंकि इसके दायरे में उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल, असम व पूर्वोत्तर तथा बांग्लादेश आ सकता है। इनमें से कोई भी क्षेत्र नौजवानों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम नहीं है।

मैं चिकित्सा अध्ययन से बात शुरू करूंगा। सक्षम प्रबंधन व योग्य डाक्टरों के साथ राज्य में अनेक अस्पतालों की दयनीय व्यवस्था पेशेवर प्रबंधकों द्वारा सुधारी जानी चाहिए जिसमें चिकित्सक अपना योगदान करेंगे। डाक्टरों को उनका विशेषज्ञतापूर्ण काम करने दें। प्रबंधन तथा चिकित्सा व शल्यक्रिया में घालमेल नहीं होना चाहिए। इसके बाद मेडिकल कालेजों तथा अस्पतालों की अधिकाधिक स्थापना होनी चाहिए। मेडिकल कालेजों की स्थापना में काफी निवेश करना होगा। सरकार द्वारा कर्ज की गारंटी लेने पर विश्व बैंक इसके लिए पैसा दे सकता है। यथासंभव अस्पताल के विस्तार का विकल्प होना चाहिए ताकि एक और कालेज उसमें जोड़ा जा सके। भारत में इसके लिए सर्वोत्तम तकनीक उपलब्ध है।

वर्तमान समय में सामान्य छात्रों के बजाय उत्कृष्ट छात्रों की आवश्यकता है जिनको हास्टल सुविधायें मिलें। नई शिक्षा नीति निजी क्षेत्र में ऐसे स्कूलों की स्थापना में सहयोग कर सकती है जिनमें बेहतर सुविधायें हों। इनके लिए राज्य भूमि का आबंटन कर सकता है अथवा इसे सार्वजनिक-निजी साझेदारी के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। कालेजों और विश्वविद्यालयों के लिए भी ऐसी ही नीति बनाई जानी चाहिए। इससे बंगाल बौद्धिक क्षेत्र के रूप में गौरवान्वित होगा।

सरकार को पश्चिम बंगाल के उप-हिमालयी क्षेत्र पर ध्यान देना होगा। सिलीगुड़ी के निकट स्थित बागडोगरा में एक शानदार अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा बनाने के लिए काफी स्थान है। यहां से दार्जिलिंग, कलिमपोंग या सिक्किम में गैंगटोक पहुंचा सकता है। दुनिया के सबसे दर्शनीय पहाड़ इन हिल स्टेशनों के निकट हैं। दार्जिलिंग 6,000 फीट की ऊंचाई पर है और इससे 6,000 फीट ऊपर मोटर से संदकफू पहुंचा जा सकता है। यहां से साफ दिन एवरेस्ट दिखाई पड़ता है। विश्व स्तरीय होटल समूह और एयरलाइनों को यहां समुचित सहायता, बेहतर कानून व्यवस्थ तथा बाधायें समाप्त करने के माध्यम से आकर्षित किया जा सकता है। हिमालयी बंगाल अपने आप में प्रकृति का एक ब्रांड बन सकता है। इसके लिए अप्रतिम सौंदर्य वाला उत्तरी बंगाल सर्वाधिक उपयुक्त है। इस प्रकार बिना बहुत अधिक निवेशों के भी पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था का तेजी से पुनर्जीवन शुरू हो सकता है, लेकिन इसके लिए सरकार की इच्छाशक्ति तथा उत्कृष्ट प्रबंधन जरूरी है।

# छोटे उद्योगों की वित्त व्यवस्था

> "छोटे व मझोले उद्योगों-एसएमई का वित्तीय व्यवहार व प्रणाली समझना महत्वपूर्ण है जो बड़ी फर्मों से पूरी तरह अलग है।"

**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



हालांकि, पूंजी किसी बिजनेस के लिए महत्वपूर्ण संसाधन है, पर यह छोटे एवं मझोले उद्यमों-एसएमई के लिए ज्यादा जरूरी है। इसलिए सामान्य रूप से सभी उद्यमों व खासकर एसएमई के लिए नकद प्रवाह व कार्यकारी पूंजी का प्रबंधन सर्वाधिक महत्वपूर्ण चुनौती है। कार्यकारी पूंजी की प्रकृति अल्पकालीन होती है और यह फर्म के रोजमर्रा काम वाला पैसा है। बिजनेस शब्दावली में इसे एकाउंट्स इन्वैरियेबल कहते हैं जिसमें कर्जदारों को व कोई पूर्व भुगतान, स्टाक व इन्वेंटरी शामिल हैं। इसके साथ ही इसमें एकाउंट्स पेएबिल भी शामिल हैं। किसी उद्यम की जीवनरखा नकदी प्रवाह व अन्य तरल परिसंपत्तियां हैं जो बिजनेस चक्र से आती हैं। इसे कैश कन्वर्जन साइकिल भी कहते हैं। इसलिए बिजनेस की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि कितनी जल्दी वस्तुएं नकदी में बदलती हैं। अपने वित्तीय व्यवहार व निर्णय लेने में एसएमई बड़ी फर्मों से अलग हैं जिसका कारण उनका चरित्र तथा स्वामित्व है। इससे उनकी वित्तीय आदतें प्रकट होती हैं। पूंजी उपलब्धता का एक महत्वपूर्ण मुद्दा इनका आकार है। शोध के अनुसार स्टार्टअप चरण में स्वामी की व्यक्तिगत बचत पैसे का महत्वपूर्ण साधन होती हे। नवोदित व छोटी फर्मों का स्थापित ट्रैक रिकार्ड नहीं होता है और उनकी पहचान सूचना संबंधी अपारदर्शिता से होती है जिससे बैंक व अन्य वित्तीय संस्थान उनको कर्ज देने से बचते हैं। चार साल से कम आयु वाली फर्में फंडिंग के अनौपचारिक स्रोतों पर ज्यादा निर्भर होती हैं। लेकिन जब एसएमई का आकार बढ़ जाता है तो बेंकों का बड़ा नेटवर्क उनको पैसा देने के लिए तैयार हो जाता है। अनेक बैंकों व अन्य कर्जदाता एजेंसियों से निपटने की फर्म की क्षमता आमतौर से उसकी वृद्धि व आकार पर निर्भर होती है। इसलिए वे दीर्घकालीन कर्ज व बाहरी फाइनेंसिंग तथा बैंक कर्जों पर निर्भर हो जाती हैं।

स्वामित्व का प्रकार फंडिंग स्रोत निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। प्रोप्राइटरशिप जैसे स्वामित्व वाली एसएमई को मामूली फाइनेंसिंग के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि उसे कर्ज के औपचारिक स्रोतों तक पहुंचने में कठिनाई होती है।



कर्जदाता के दृष्टिकोण से ऐसी एसएमई में स्वामी और फर्म की कोई अलग पहचान नहीं होती है, सूचना की उपलब्धता कम होती है तथा बंधक पूंजी नहीं होती है। दूसरी ओर प्राइवेट लिमिटेड एसएमई को कर्जदाता एजेंसियां ज्यादा सुगठित व विश्वसनीय मानती हैं। इसके परिणामस्वरूप उनको औपचारिक वित्त आसानी से उपलब्ध होता है। तीसरा, स्टार्टअप के स्थान का बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। बैंकों से निकट होने की स्थिति में उसकी फंडिंग प्राप्त करने की क्षमता अच्छी होती है। शोध से यह भी स्पष्ट है कि कंपनी की विफलता का एक कारण उसकी खराब स्थिति होती है जिससे ग्राहकों व सप्लायरों को उस तक पहुंचने में कठिनाई होती है। इसलिए भारी किराए के बावजूद एसएमई बेहतर ढांचागत संरचना तथा फंडिंग आसानी से मिलने के लिए शहरों में जाना पसंद करती हैं।

अनेक शोधकर्ताओं ने प्रमाण दिए हैं कि एसएमई के कार्यक्षेत्र से उसको मिलने वाली फंडिंग प्रभावित होती है। इससे उसे मिलने वाला अल्कालीन व दीर्घकालीन कर्ज प्रभावित होता है। विनिर्माण एसएमई की तुलना में अल्पकालीन कर्ज थोक व खुदरा व्यापार वाली एसएमई को आसानी से मिलता है। निर्माण क्षेत्र, होटल, अतिथि सत्कार व खनन उद्योगों को दीर्घकालीन फाइनेंसिंग पर ज्यादा निर्भर होना पड़ता है। फंड एकत्र करने में परिसंपत्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कर्जदाता के दृष्टिकोण से बंधक पूंजी उसके बचाव के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण होती है। यह कर्ज के दृष्टिकोण से अत्यधिक प्रासांगिक है। शोधकर्ता ओनो व उइसुगी के अनुसार जापानी एएमई कर्ज बाजार बंधक पूंजी से संबंध होने पर सकारात्मक व्यवहार करता है तथा बैंक कर्ज व अन्य फाइनेंसिंग में सहायता करता है। इससे यह बात भी समझ मे ंआती है कि कम परिसंपत्तियों वाली फर्म को फंड प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।

इसके साथ ही कर्ज पाने में फर्म के स्वामी का चरित्र व जेंडर भी प्रभावी होता है। विभिन्न देशों में किए अनेक शोधों से स्पष्ट है कि अपने बिजनेस के लिए कर्ज प्राप्त करने में पुरुष व महिला में भेद किया जाता है। महिला उद्यमियों को कम पूंजी से अपने स्टार्टअप शुरू करने पड़ते हैं जो वास्तव में पुरुषों द्वारा शुरू उद्यमों के आधे से भी कम हो सकते हैं। इसके साथ ही महिलाओं को बैंकों व अन्य संस्थाओं में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। यह महिला उद्यामियों से ब्याज की अधिक दर लेने से स्पष्ट है। उनसे अधिक बंधक पूंजी मांगी जाती है तथा कर्ज देने से इनकार करने की दर अधिक होती है। स्वामी की आयु का भी फाइनेंसिंग पर प्रभाव पड़ता है। अधिक आयु वाले एसएमई स्वामियों से अतिरिक्त फाइनेंस कम लेने की उम्मीद की जाती है। नौजवान स्वामियों को कर्ज, ओवरड्राफ्ट, क्रेडिट कार्ड व व्यक्तिगत बचत जैसे अनेक साधनों की जरूरत हो सकती है।

एसएमई किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था में रीढ़ की हड्डी की तरह हैं। इसलिए उनका वित्तीय व्यवहार व प्रणालियां समझना बहुत जरूरी है जो बड़ी कंपनियों के वित्त प्रबंधन से पूरी तरह अलग हैं। इससे नीति निर्माताओं को ऐसे तरीके तलाशने में सहायता मिलेगी जिससे उनका फाइनेंसिंग परिदृश्य बेहतर हो सके क्योंकि मजबूत एसएमई मजबूत अर्थव्यवस्था का आधार हैं।

## आप की बात

### निवेशकों को सोचना होगा!

**विगत** कुछ समय से चिटफंड कपनियों के धोखाधड़ी की खबरे समाचार पत्रों में सुर्खियों में है। और कहि जगह लोग इनकी धोखाधड़ी से परेशान भी है। और जहां जहां इनकी रिपोर्ट दर्ज हुई। वहां पर इनके इंसाफ के लिए कारगर कदम भी उठाए जा रहे है। अब इस तरह से अगर निवेशको के साथ, खाता धारकों के साथ होगा तो यह सोचने और विचारणीय समय है लोगो ने अब अपने विवेक से काम लेना होगा कोई भी अनजान लोगों के लुभावने सब्जबाग बताने वाली बातों पर न आये। कंपनी और व्यक्ति की सही प्रामाणिकता बगैर अपनी उम्र भर की मेहनत की कमाई को इस तरह बर्बाद न करे। अक्सर देखा जाता है कि कुकुरमुतो की तरह चिटफंड कंपनियां अपना स्वार्थ सिद्ध कर के लोगो के साथ धोखा कर के उनकी राशी को हड़प कर गायब हो जाती है। बहुत जरूरी है इन पर नकेल कसना। इनको कठोरतम रूप से सजा के प्रावधानों में बांधना। ऐसे में आमजनो को भरोसा ही उठ जाएगा। आमजन अब सतर्कता और सावधानी रखें। किसी भी प्रलोभन, लालच,धन दुगना हो जाएगा। ऐसे दिवा स्वप्नों और झांसों में न आये।अपनी बैंक खाता, एटीएम, आधार कार्ड, पेन नम्बर किसी भी अनजान लोगों या कंपनी को नही सौंपे।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### स्वागतयोग्य कदम

**मध्य** प्रदेश सरकार गोपालन और संवर्धन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। शासन द्वारा आंगनबाड़ियों में बच्चों को अंडे के स्थान पर गाय का दूध प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। शिवराजसिंह सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है। पुरातन काल से हमारे देश में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। गौमाता में सभी देवी देवताओं का निवास बताया गया है। गाय का दूध, गोमूत्र एवं गोबर सभी अमृततुल्य माने गए हैं। देसी गायों की नस्ल को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। गोपालन करने वाले लोगों को यह ताकीद की जाना चाहिए कि गाय अभक्ष वस्तुओं का सेवन न करें। गौशालाओं में भी इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए। पॉलिथीन को पूर्णतया प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। भैंस के स्थान पर गाय के दूध को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। गौ मांस पर हमारे देश में पूर्णतया रोक लगना चाहिए। गौ मांस का निर्यात भी प्रतिबंधित होना चाहिए। अवैध रूप से पशुधन की तस्करी बंद की जाना चाहिए। गोमूत्र पर व्यापक रूप से अनुसंधान की आवश्यकता है, ताकि आयुर्वेदिक दवाओं में इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जा सके।

– **ललित महालकारी**, इंदौर


### निवार का निवारण

**भारत** के दक्षिण राज्यों में तबाही मचाने वाले निवार नामक तूफ़ान के आने को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया था। मौसम विभाग के अनुसार तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश समेत कई दक्षिण भारत के इलाकों में भारी तबाही के आने का अंदेशा लगा रहे थे। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने एनडीआरएफ के सभी राहत कार्य को इस बाबत पहले ही सतर्क कर दिया, जिससे तूफान के कारण कम से कम जान माल का नुकसान हो सके। पिछले कई घंटो से लगातार बारिश होने के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं। तटीय इलाकों में मौजूद सभी मछुआरों और नाविकों को भी जागरूक कर दिया गया है। हालांकि अभी तक किसी भी प्रकार के जान – माल के नुक़सान की खबर नहीं है।मौसम विभाग समेत सभी बचाव राहत टीम को तैयार रखा गया है। दक्षिण के कई क्षेत्रों में दो से तीन फुट पानी भर गया है, जिससे गरीब, किसान और रोजमर्रा के मजदूरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। उम्मीद है जल्द ही निवार का निवारण हो जाएगा और स्थितियां फिर से सामान्य होंगी।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पूर्व** प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई को लेकर राज्यपाल महोदय से हुई चर्चा को लेकर मैं संतुष्ट हूं।

– **एम के स्टालिन**
द्रमुक अध्यक्ष



**हम** कोई जोखिम नहीं ले सकते। हमें अभी भी प्रतीक्षा करनी होगी और यह देखना होगा कि कब शिक्षण संस्थाओं को खोला जा सकता है। हम विशेषज्ञों से परामर्श करेंगे।

– **पिनराई विजयन**
केरल के मुख्यमंत्री



**हमें** अपनी कला और संस्कृति की वैश्विक पहुंच स्थापित करने हेतु निरंतर प्रयास करते रहना होगा। ये नम्य शक्ति भविष्य में देश की मजबूत छवि बनाने में मददगार होगी।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 नवंबर, 2020



# लोकतंत्र के पीछे की बड़ी ताकत हमारा संविधान

## मुख्यमंत्री ने उप्र संहिता (द्विभाषी) के दो संस्करणों का विमोचन किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत के संविधान की ताकत ही है कि यह दुनिया के अंदर सबसे बड़े लोकतंत्र का आदर्श बना हुआ है। सम-विषम परिस्थितियों में भी भारतीय संविधान हमें प्रेरणा प्रदान करता है। जाति, मत, सम्प्रदाय, भाषाएं, खान-पान की बहुलता होने के बावजूद भारतीय संविधान पूरे भारत को माला में पिरोए हुए है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका का पाठन राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द के सान्निध्य में वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश संहिता (द्विभाषी) के दो संस्करणों का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था। आज ही के दिन संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने में भी संविधान की महती भूमिका है। न्याय, स्वतंत्रता, समता और बन्धुता ये भारत की सबसे बड़ी विशेषता है। इन्हीं मूलभूत बातों को ध्यान में रखकर सभी कार्यक्रम आगे बढ़ाये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माण में योगदान देने वाले सभी स्वाधीनता सेनानियों व महापुरुषों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने सभी को संविधान दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं जिन्होंने संविधान दिवस की महत्ता के दृष्टिगत वर्ष 2015 से संविधान दिवस को देश के सामने प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्ष संविधान दिवस को काफी भव्य रूप में मनाया गया था तथा विधान मण्डल में इस पर केन्द्रित चर्चा की गयी थी। उन्होंने कहा कि संविधान में अधिकारों के साथ मूल कर्तव्य की भी बात की गयी है। मूल कर्तव्य के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक किये जाने की आवश्यकता है। किसी भी समृद्ध राष्ट्र के लिए मूल कर्तव्य अत्यन्त आवश्यक है। संविधान में 11 मूल कर्तव्यों का उल्लेख है, जिनका अक्षरशः पालन करना चाहिए, जिससे एक स्वस्थ व सशक्त भारत बना सकें। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से वर्ष 2015 से संविधान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन अत्यन्त गौरव का दिन है। संविधान हम सबको अधिकारों व कर्तव्य से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। अनुच्छेद 51ए को आत्मसात करके हम कर्तव्य पथ पर चलते हुए देश को महान बना सकते हैं। उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारत का संविधान राजधर्म है। भारत के लोगों से ही हमारा संविधान संरक्षित है।

कार्यक्रम का संचालन संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आज का दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज ही के दिन हमारा संविधान अंगीकृत किया गया था।

इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्रिगण, विधान परिषद सदस्य स्वतंत्र देव सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, सूचना निदेशक शिशिर सहित एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# धान खरीद में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सीएम

● पिछले वर्ष की अपेक्षा अब तक डेढ़ गुना अधिक धान खरीदा गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार मूल्य समर्थन योजना के तहत किसानों से धान की सीधी खरीद करने के लिए गम्भीर है। सरकार के लिये किसानों का हित सबसे ऊपर है। इसके दृष्टिगत धान खरीद में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों के हितों की अनदेखी करने वालों की जवाबदेही तय करते हुए ऐसे लोगों की खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर धान खरीद की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की अपेक्षा अब तक डेढ़ गुना अधिक धान क्रय किया जा चुका है। इसके बावजूद किसानों के व्यापक हितों को देखते हुए खरीद प्रक्रिया में और तेजी लाने की आवश्यकता है। एमएसपी के अन्तर्गत धान क्रय करने के लिए 4200 केन्द्र स्थापित किये गये हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि आवश्यकता हो तो अतिरिक्त क्रय केन्द्र भी स्थापित किये जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि धान क्रय करने वाली सभी संस्थाएं पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। धान खरीद प्रक्रिया में कतई ढिलाई न बरती जाए। धान खरीद केन्द्रों पर मनमानी नहीं होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि धान क्रय केन्द्र समय से संचालित हों। किसानों को 72 घण्टे के अन्दर उनकी उपज का भुगतान हर हाल में कर दिया जाए। उन्होंने धान क्रय प्रक्रिया की गहन मॉनीटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा स्वयं प्रतिदिन समीक्षा की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मण्डी में आने वाला पूरा धान खरीदा जाए। सहकारिता विभाग द्वारा धान खरीद में तेजी लायी जाए। उन्होंने सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में तैनात अपने अधिकारियों के कार्यों की गहन मानीटरिंग करें तथा धान खरीद में ढिलाई बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग द्वारा भी जनपदों में संचालित अपने धान क्रय केन्द्रों की नियमित समीक्षा की जाए।

बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मतदाताओं से संवाद कर प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करें: स्वतंत्र देव

● शिक्षक-स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि प्रदेश में हो रहे शिक्षक, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं से संपर्क व संवाद स्थापित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लोककल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों और विधान परिषद के चुनाव में कार्यकर्ताओं के परिश्रम और पार्टी को मिल रहे मतदाताओं से मिल रहे भरपूर समर्थन के बल पर भाजपा शिक्षक व स्नातक क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में भी विजय हासिल करेगी।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री व शिक्षक व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव के प्रभारी अमर पाल मौर्य ने बताया प्रदेश में शिक्षक व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में भाजपा द्वारा आयोजित किये जा रहे मतदाता सम्मेलन आज से शुरू हो गये। पार्टी द्वारा पोलिंग सेंटर को केन्द्र मानकर आयोजित किये जा रहे मतदाता सम्मेलनों में बड़ी संख्या में मतदाता सम्मलित होकर भाजपा को अपना भरपूर समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पोलिंग सेंटर को केन्द्र मानकर पार्टी द्वारा शिक्षक व स्नातक क्षेत्र के मतदाताओं के सम्मेलन अलग अलग आयोजित किये जा रहे हैं। आज पहले दिन पूरे प्रदेश में 254 मतदाता सम्मेलन सम्पन्न हुए। सम्मेलनों में मंत्रीगण, सांसद, विधायक अपन-अपने क्षेत्रों में आयोजित मतदाता सम्मेलनों में उपस्थित रहे।

श्री मौर्य ने बताया कि कल 27 नवम्बर को उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा गाजियाबाद, कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक बरेली, शाहजहांपुर और हरदोई, भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुरादाबाद, कपिल देव अग्रवाल बिजनौर, गुलाबो देवी बरेली, नीलिमा कटियार कन्नौज में आयोजित मतदाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा आयोजित किये जा रहे सम्मेलनों को प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक व पार्टी के पदाधिकारी संबोधित करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने किया दलितों के आरक्षण को लेकर बड़ा फैसला: डॉ. निर्मल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अनुसूचित** जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वास्तव में दलित मित्र हैं। उन्होंने हमेशा कमजोर वर्ग के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। जो काम पिछली सरकारों ने नहीं किए वह योगी आदित्यनाथ ने कर दिखाए। दलित समाज ने योगी आदित्यनाथ के राजकीय शिक्षण संस्थाओं को इकाई मानकर आरक्षण दिए जाने के कैबिनेट के फैसले का स्वागत किया है।

डॉ निर्मल ने कहा है कि केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गैरबराबरी को दूर करना चाहती है। यही वजह है कि कानून बनाकर कई सुधार किए जा रहे हैं, जो आजादी सात दशक बाद तक नहीं हो पाए। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में आरक्षण व्यवस्था में किए गए बदलाव की तर्ज पर इसे भी लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश शैक्षिक संस्थान अध्यादेश 2020 से हाशिए के समाज को एक नई दिशा दी है। दलित वर्ग इससे बहुत खुश है और इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देता है। इस विधेयक के कानून बनते ही यूपी के राज्य विश्वविद्यालयों एवं एडेड डिग्री कॉलेजों को अब इकाई मानकर शिक्षकों के पदों पर आरक्षण लागू किया जाएगा। वहीं राजकीय डिग्री कॉलेज में इसे सभी संस्थाओं को मिलाकर एक इकाई मानकर आरक्षण लागू होगा। अभी तक विभाग स्तर पर आरक्षण लागू होने पर पांच से कम पदों पर अनुसूचित जाति के वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता था। एससी कटेगरी के लोगों के लिए सीट आरक्षित नहीं हो पा रही थी। उन्हें नुकसान हो रहा था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। डॉ. निर्मल ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए उत्तर प्रदेश के दलितों की ओर से सीएम योगी का आभार व्यक्त किया है।

# सात जिलों में लगाए जाएंगे बायो कोल व सीएनजी प्लान्ट्स

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**नेशनल** एडॉप्टेशन फण्ड ऑन क्लाइमेट चेंज के अन्तर्गत परियोजनाओं के विचरन, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति, क्रियान्वयन व अनुश्रवण के लिए राज्य स्तर पर मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में बताया गया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेशनल पॉलिसी फॉर मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू के आलोक में एनजीटी के आदेश के क्रम में क्लाइमेट रेजीलिएन्स बिल्डिंग इन रूरल एरियाज थ्रू क्रॉप रेजिड्यू मैनेजमेन्ट के लिए प्रदेश में एनसीआर के साथ जनपदों में परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 22.56 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। उक्त परियोजना के क्रियान्वयन के लिए मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़ एवं मुजफ्फरनगर चिन्हित किये गये हैं। बैठक में इन जनपदों में इंस्टालेशन ऑफ बायो कोल प्लान्ट्स, इंस्टालेशन ऑफबायो सीएनजी प्लान्ट्स, इंस्टालेशन ऑफ बायो मैन्योर प्लान्ट्स की स्थापना के सम्बन्ध में प्रोजेक्ट कम्पोनेन्ट एवं फाइनेंसिंग पर गहन विचार.विमर्श किया गया। परियोजना के अन्तर्गत एग्रीकल्चर रेजिड्यूज और दूसरे बायो डिग्रेडबल वेस्ट मैनेजमेन्ट के द्वारा एनसीआर के वर्णित जनपदों में बायो इनर्जी का उत्पादन किया जायेगा। प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन फॉर्मर प्रोड्यूसर कम्पनीज एवं एमएसएमई स्तर के उद्यमियों द्वारा किया जायेगा। साथ ही यह प्रोजेक्ट प्रथम आगत प्रथम प्रदत्त के आधार पर चलाया जायेगा।

मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने एंटरप्रेन्योर्स के साथ बैठक कर उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर योजना तैयार करने पर बल दिया। बैठक में कृषि, वन एवं पर्यावरण, पशुपालन, नाबार्ड सहित सम्बन्धित सभी विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार किसान विरोधी: प्रियंका गांधी



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा सरकार की निन्दा करते हुए उसे किसान विरोधी करार दिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि किसानों से समर्थन मूल्य छीनने वाले कानून के विरोध में किसान की आवाज सुनने की बजाए भाजपा सरकार उन पर भारी ठंड में पानी की बौछार मारती है। किसानों से सब कुछ छीना जा रहा है और पूंजीपतियों को थाल में सजा कर बैंक, कर्जमाफी, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन बांटे जा रहे हैं। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि अन्नदाताओं के खिलाफ लाठी गोली चलाने वाली भाजपा सरकार महेनतकश समुदाय का दर्द क्या जाने। कोरोना काल मे जहां अडानी अम्बानी की आय 150 गुना बढ़ी तो वहीं योगी सरकार में गन्ने के मूल्यों में कोई भी बढ़ोतरी नहीं हुई है जबकि उनकी उत्पादन लागत बिजली, उर्वरक, कीटनाशक, डीजल आदि की वजह से बढ़ी है। किसानों को गन्ने का पिछला भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकारों के एजेंडे में किसान मजदूर कभी था ही नहीं। किसानों का कर्ज माफ करने और बिजली मूल्य माफ करने का वादा किया था। नये कृषि कानून जो बनाये गये हैं वह सब किसानों के हितों पर कुठाराघात है।

# कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए एहतियात और बचाव जरूरी: आलोक कुमार

**लखनऊ।** प्रदेश में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूकता का प्रसार अभी भी जरूरी है। विश्व स्तर पर कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए एहतियात और बचाव जरूरी है। उन्होंने कहा बचाव के लिए अभी भी दो गज की दूरी और मास्क पहनना जरूरी है। गुरुवार को जूम वेबिनार पर कोविड.19 एवं संबंधित मुद्दों पर लखनऊ मण्डल के लिए सम्पन्न मीडिया अभिमुखीकरण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों में कोरोना के प्रति भय कम हुआ है ये एक सकारात्मक बात है। किन्तु इसके कारण लोगों ने सावधानी रखना कम कर दिया जो कि चिन्ताजनक है। उन्होंने कहा त्योहारों के अवसर पर बाजार आदि में भारी भीड़ रही और लोगों में मास्क के प्रयोग में भी सावधानी का अभाव दिखाई दे रहा था। इसलिए अब घर घर तक मास्क को सही तरीके से लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने और कोरोना जैसे लक्षण दिखने पर शीघ्र टेस्ट कराने से न डरने का संदेश देकर जागरुक करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने मीडिया को आंकड़ों पर आधारित समाचार ही नहीं अपितु जनता में जागरूकता लाने वाले समाचारों को भी प्रमुखता से प्रकाशित करने की अपील की। अपने सम्बोधन में आलोक कुमार ने कोविड संक्रमण के इस गम्भीर दौर में प्रतिबद्धता के साथ ड्यूटी करके सेवाएं उपलब्ध कराने में जुटे सरकारी अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा इस दौर में हमने सरकारी ड्यूटी पर अपने काम को पूरी गम्भीरता से करते अधिकारियों और कर्मचारियों को देखा, जिन्होंने समय की चिन्ता न करते हुए कार्य करके इस आपदा से लड़ने में प्रदेश को सक्षम बनाया।

# घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाएं यूपी 112 पर करा सकती हैं रजिस्ट्रेशन

**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस की आपातकालीन सेवा यूपी 112 पीड़ित महिलाओं की मदद में पूरी तरह से तत्पर है। विभिन्न प्रकार की हिंसा से प्रभावित करीब 13 सौ महिलाएं प्रतिदिन ऑन करके 112 से मदद भी हासिल कर रही हैं। यूपी 112 के एडीजी असीम अरुण ने कहा कि घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाएं पुलिस संबंधी मदद के लिए फोन करके 112 में अपना रजिस्ट्रेशन भी करा सकती हैं। एडीजी असीम अरुण ने बताया कि प्रदेश में करीब 13 सौ विभिन्न प्रकार की हिंसा प्रभावित महिलाएं प्रतिदिन 112 को कॉल कर मदद लेती हैं। अभी बीते बुधवार को ही अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर प्रतिबद्ध है। बार-बार हिंसा की शिकार होने वाली महिलाएं 112 पर कॉल कर के अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। रजिस्ट्रेशन में महिलाओं का नाम, पता आदि दर्ज किया जाता है।

# भाजपा राज में हुआ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सबसे ज्यादा आघात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि संविधान उद्देशिका में जिस सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता एवं विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जिक्र है उन सबकी भाजपा राज में अनदेखी हो रही है। समाजवादी पार्टी बराबर यह मांग उठाती रही है कि जाति आधारित जनगणना हो ताकि हर समाज को संख्या बल पर सानुपातिक प्रतिनिधित्व हासिल हो सके। भाजपा इसके विरोध में है क्योंकि वह आरक्षण समाप्त करना चाहती है। डॉ. लोहिया ने पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए विशेष अवसर का सिद्धान्त दिया था, भाजपा उसे लागू करना नहीं चाहती है।

संविधान दिवस के अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि यह कैसी विडम्बना है कि आजादी के 73 वर्षों बाद भी संविधान के मूल उद्देश्यों के विपरीत आर्थिक-सामाजिक गैरबराबरी बढ़ती जा रही है। कुछ चंद घरानों में देश की पूंजी बंधक बन गई है। गरीब-अमीर के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। अन्नदाता किसान बदहाल है, नौजवान के सामने भविष्य का अंधेरा है और जनसामान्य मंहगाई, भ्रष्टाचार और अपराधों की बढ़त से व्याकुल है। महिलाओं और बेटियों की इज्जत खतरे में है, वे आत्महत्याएं कर रही हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सबसे ज्यादा आघात भाजपा राज में हुआ है। असहमति को देशद्रोह का तमगा दिया जाने लगा है। बच्चों को मिड डे मील में नमक रोटी दिए जाने का सच दिखाने पर पत्रकार को जेल भेजा जाता है। सच लिखने पर पत्रकारों की जानें तक गई है।

# पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान खनन मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति के खिलाफ अब विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में एफआइआर दर्ज कराई है। यह एफआईआर विजिलेंस के लखनऊ सेक्टर थाने में दर्ज की गई है। एफआईआर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में दर्ज हुई है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के बाद 2 साल पहले विजिलेंस ने गायत्री प्रजापति की खुली जांच शुरू की थी। इस जांच में 2007 से 2012 तक मंत्री पद पर रहते हुए सपा नेता की संपत्ति करीब 3.50 करोड़ निकली जबकि उनकी आय मात्र 50 लाख थी। प्रजापति के खिलाफजांच में साफहो गया था कि उनकी संपत्ति आय से तीन करोड़ ज्यादा निकली। पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति दुष्कर्म के मामले में जेल में निरुद्ध हैं। इस मामले में लखनऊ पुलिस ने 15 मार्च 2017 को पूर्व मंत्री को गिरफ्तार कर जेल भेजा था और तब से वह जेल में हैं।

# अब हर दस हजार की आबादी पर खुलेंगे जनसेवा केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अब** हर गांव या 10 हजार की आबादी पर जन सेवा केंद्र खुलेंगे। स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने और अधिकतम लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए योगी सरकार ने यह फैसला लिया है। इसके तहत कुल 1.5 लाख जन सेवा केंद्र खोलने का लक्ष्य है। इससे करीब 4.5 लाख युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा।

● डेढ़ लाख नये केंद्रों से 4.5 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

यही नहीं, एक से अधिक केंद्र होने के नाते इनमें होने वाली प्रतिस्पर्धा से इनकी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। लोग सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक होंगे तो उसका लाभ भी लेंगे। जन सेवा केंद्र के संचालक को देय शुल्क बढ़ाकर 20 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये कर दिया गया है। इसी क्रम में केंद्र के संचालक को प्रति ट्रांजेक्सन अब 4 रुपये की जगह 11 रुपये मिलेंगे। इससे इनकी भी आय बढ़ जाएगी। इन केंद्रों का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। डिस्ट्रिक्ट गवर्नेंस सोसाइटी (डीजीएस) एवं डिस्ट्रिक्ट सर्विस प्रोवाइडर (डीएसपी) संस्थाओं की आपसी सहमति से इसे दो वर्ष तक और बढ़ाया जा सकेगा। मालूम हो कि प्रदेश के तकरीबन हर ग्राम पंचायत पर एक जनसेवा केंद्र है। यह केन्द्र स्थानीय स्तर पर रोजी-रोजगार के साथ लोगों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करने का जरिया बन चुके हैं। इनके जरिए शासन के 35 विभागों की 258 शासकीय सेवाएं लोगों को उपलब्ध हो रहीं हैं।

# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बिजली** कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉईस एन्ड इंजीनियर्स के आह्वान पर आज उत्तर प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मियों ने देश के सभी प्रांतों के 15 लाख बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियन्ताओं के साथ केन्द्र और राज्य सरकारों की निजीकरण की नीति के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। शक्तिभवन लखनऊ पर हुई विरोध सभा में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के पदाधिकारियों शैलेन्द्र दुबे, प्रभात सिंह, जीवी पटेल, सोहेल आबिद ने बताया कि कोविड.19 महामारी के बीच केन्द्र सरकार और कुछ राज्य सरकारें बिजली वितरण का निजीकरण करने पर तुली हैं जिसके विरोध में देश भर के बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदेश भर में आज राजधानी लखनऊ समेत अनपरा, ओबरा, मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद, सहारनपुर, बुलन्दशहर, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी, प्रयागराज, मिर्जापुर, कानपुर, झांसी, मुरादाबाद, बरेली, बांदा, आगरा, अलीगढ़, पनकी, पारीछा, हरदुआगंज, बस्ती, अयोध्या, देवीपाटन, पिपरी समेत सभी जनपद मुख्यालयों एवं परियोजनाओं पर विशाल विरोध सभायें व प्रदर्शन कर निजीकरण के उद्देश्य से लाये गए इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2020 और बिजली वितरण के निजीकरण के स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉकुमेंट को निरस्त करने की माँग की और चेतावनी दी कि यदि निजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह वापस न की गई तो राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बिजली कर्मियों ने उपभोक्ताओं खासकर किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं से निजीकरण विरोधी आन्दोलन में सहयोग करने की अपील की और कहा कि निजीकरण के बाद सबसे अधिक नुकसान आम उपभोक्ताओं का ही होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बिल और बिजली वितरण के निजीकरण के स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉकुमेंट के अनुसार लागत से कम मूल्य पर किसी को भी बिजली नहीं दी जाएगी और सब्सिडी समाप्त कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉकुमेंट के अनुसार निजी कंपनियों को डिस्कॉम की परिसंपत्तियां कौड़ियों के दाम सौंपी जानी है, इतना ही नहीं सरकार डिस्कॉम की सभी देनदारियों व घाटे को खुद अपने ऊपर ले लेगी और निजी कंपनियों को क्लीन स्लेट डिस्कॉम दी जाएगी। निजीकरण के सरकार के दस्तावेज के अनुसार सरकार बाजार से महँगी बिजली खरीद कर निजी कंपनियों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराएगी जिससे उन्हें घाटा न हो।

# अखिलेश यादव को नागालैंड में होने वाले हार्नबिल त्यौहार में शामिल होने का मिला निमंत्रण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने सपा अध्यक्ष से मिलकर सौंपे ज्ञापन

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव से बृहस्पतिवार को नागालैण्ड, तमिलनाडु, पुडुचेरी के अतिरिक्त अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने भेंट की और उन्हें अपने ज्ञापन सौंपें। इन सभी ने उम्मीद जताई कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में सन् 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी।

नागालैण्ड के जिला डिमापुर निवासी परमहंस त्रिपाठी एवं फिरोज कमल ने अखिलेश यादव को 9 दिसम्बर 2020 को नागालैण्ड में होने वाले हार्नबिल त्योहार में शामिल होने का आमंत्रण दिया। यह त्योहार कोहिमा और दीमापुर में धूमधाम से मनाया जाता है। हार्नबिल पर्व में नागालैण्ड की संस्कृति की झलक मिलती है। इससे पता चलता है कि पुराने समय में नागालैण्ड में लोग कैसे रहते थे। उनके जीवन रहनसहन की झांकिया इसमें होती है।

पार्टी मुख्यालय में खुर्जा से आए लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की और उन्हें मिट्टी के बर्तनों का किचन सेट भेंट किया। खुर्जा की रामा मिट्टी कला फैक्ट्री एवं अली रिफाइनरी खुर्जा के नीतेश यादव, वीरपाल यादव, रिजवान अली, रैदास कुमार, आदिल ठाकुर तथा आदित्य कुमार ने अखिलेश यादव को मिट्टी से बने मग, डोंगा, कढ़ाई, प्रेशरकूकर भेंट किए। सुहेल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जियालाल राजभर के साथ प्रमुख पदाधिकारियों ने आज अखिलेश यादव से भेंट कर उन्हें पांच सूत्रीय मांग पत्र तथा स्मृति चिह्न दिया। सुहेल सेना की मांग है कि राजभर समाज को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण और विमुक्ति जाति का प्रमाण पत्र राज्य सरकार जारी करें। वाराणसी में महाराजा सुहेलदेव के नाम पर पार्क का निर्माण कराया जाय। राजभर समाज के निर्दोष नौजवानों की रिहाई हो। तमिलनाडु समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने भी अखिलेश यादव से भेंट की। इस में इलांगो, शंकर यादव तथा अरुण मुरुगन शामिल थे।

# कोरोना महामारी को प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर अवसर में बदलने पर ध्यान दें छात्र: नायडू

**भाषा।** नई दिल्ली




**उप राष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने छात्रों से कोरोना महामारी को संकट के रूप में देखने के बजाय इसे प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर अवसर में बदलने पर ध्यान देने की अपील करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि नौजवानों के रोजगार प्रदाता बनने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत सर्वश्रेष्ठ स्थान है। उन्होंने विश्वविद्यालयों का आह्वान किया कि वे छात्रों को ऐसी शिक्षा दें कि वह जीवन की वास्तविक चुनौतियों से प्रभावी तौर पर निपट सकें।

नायडू ने सिक्किम के आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के 13वें ई-दीक्षांत समारोह को आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। उन्होंने कहा, आपमें से जो भी रोजगार प्रदाता बनना चाहते हैं, उनके लिए इस समय भारत से बेहतर कोई देश नहीं है, जहां वे अपने व्यवसाय संबंधी इरादों को लागू कर सकते हैं, क्योंकि इस समय हम अपने प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत परिकल्पना को व्यवहार में ला रहे हैं।

उप राष्ट्रपति के मुताबिक, इस महामारी से सबक लेना है और भविष्य में इस तरह के खतरों से निपटने के समाधान तलाशने के लिए मिलकर काम करना है। नायडू ने छात्रों से कहा, कोविड महामारी के रूप में उनके सामने यह एक पहली बड़ी चुनौती आई है। छात्रों को इसे एक संकट के रूप में लेने की जगह प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर इसे अवसर के रूप में बदलने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, हमारी प्राचीन व्यवस्था में मूल्यों पर हमेशा जोर दिया गया, हमारे वेदों और उपनिषदों में खुद अपने प्रति, अपने परिवार के प्रति, अपने समाज और प्रकृति के प्रति हमारे कर्तव्यों की ओर इंगित किया गया है। हमें प्रकृति के साथ पूरे सामंजस्य से रहना सिखाया गया है। नई शिक्षा नीति में इन्हीं आदर्शों का पालन करने और भारत को एक बार फिर से विश्व गुरू का स्थान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। नायडू ने कहा, प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल रखने वाली मूल्य आधारित शिक्षा वक्त की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे पेशेवरों की जरूरत है, जो न सिर्फ आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का ज्ञान रखते हों, बल्कि समझदार और संवेदनशील भी हों।

## ममता ने पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य योजना का लाभ सबको देने की घोषणा की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य साथी योजना का लाभ अब प्रदेश के सभी लोगों को मिलेगा। यह फैसला एक दिसंबर, 2020 से राज्य के सभी लोगों पर लागू होगा, चाहे उनका धर्म, जाति, संप्रदाय या पेशा कुछ भी हो। बनर्जी ने पत्रकारों से कहा, इससे पहले हमने स्वास्थ्य साथी के तहत कम से कम 7.5 करोड़ लोगों को लाभ देने का फैसला लिया था। आज मैं घोषणा करती हूं कि इस योजना के तहत पश्चिम बंगाल के प्रत्एक परिवार, प्रत्एक व्यक्ति, बुजुर्ग, बच्चे या महिला सभी को इस योजना के तहत लाभ मिलेगा, फिर चाहे वे किसी भी धर्म को मानने वाले हों। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्एक परिवार को एक स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा।



नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा संविधान निर्माता बाबा भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए।

# क्षितिज प्रसाद, मादक पदार्थों के संदिग्ध विक्रेता को जमानत मिली

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने धर्माटिक एंटरटेनमेंट के पूर्व कार्यकारी निर्माता क्षितिज रवि प्रसाद तथा मादक पदार्थों के एक संदिग्ध विक्रेता को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। इन दोनों को बॉलीवुड में मादक पदार्थों के कथित इस्तेमाल की जांच के सिलसिले में एनसीबी ने गिरफ्तार किया था। हालांकि, प्रसाद आज जेल से बाहर नहीं आ सकेंगे क्योंकि उनके खिलाफ एक और मामले की सुनवाई चल रही है। उस मामले में दायर जमानत याचिका पर तीन दिसंबर को सुनवाई होनी है। प्रसाद के वकील ने यह जानकारी दी।

प्रसाद को अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से संबंधित मादक पदार्थ मामले में पूछताछ के बाद राष्ट्रीय स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत 26 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया गया था। विशेष एनडीपीएस अदालत के न्यायाधीश जी बी गुराव ने बृहस्पतिवार को उन्हें जमानत दे दी।

अदालत ने 50 हजार रुपए के मुचलके पर जमानत देते हुए आरोपी को बिना इजाजत देश से बाहर नहीं जाने, सबूतों से छेड़छाड़ न करने और जांच को प्रभावित नहीं करने का निर्देश दिया। प्रसाद ने इससे पहले आरोप लगाया कि था कि एनसीबी ने उन्हें फंसाया है क्योंकि उन्होंने निर्देशक करण जौहर और उन्य बॉलीवुड हस्तियों के खिलाफ झूठे बयान देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, जांच एजेंसी ने उनके आरोपों के खारिज कर दिया था। विशेष अदालत ने संदिग्ध ड्रग्स विक्रेता ड्वेन फर्नांडिस को भी जमानत दे दी। वह भी ड्रग्स मामले में आरोपी है। जांच एजेंसी के अनुसार, फर्नांडिस मारिजुआना और हशीश का कारोबार करता था और अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के भाई शौविक चक्रवर्ती का सहायक है।

## अजित पवार ने कोरोना वायरस संक्रमण का टीका शीघ्र आने की ईश्वर से की प्रार्थना

**पंढरपुर ( महाराष्ट्र )।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कार्तिकी एकादशी के पर्व पर यहां भगवान विट्ठल के मंदिर में पूजा अर्चना की और कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीका शीघ्र आने और दुनिया से इस महामारी को मिटाने की ईश्वर से प्रार्थना की। पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा ने सोलापुर जिले के पंढरपुर में स्थित भगवान विट्ठल और देवी रुक्मिणी के मंदिर में तड़के पूजा अर्चना की। पवार के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार जिले के संरक्षण मंत्री दत्तात्रेय भराने भी इस अवसर पर मौजूद थे। पवार ने बयान में कहा, पूरी दुनिया कोविड-19 की चुनौती का सामना कर रही है। हम कुशलता के साथ चुनौती का सामना कर रहे हैं ... जल्द ही कोविड-19 का टीका उप्लब्ध हो और दुनिया इस बीमारी से मुक्त हो। हाल के दिनों में ऐसा लग रहा था कि राज्य में कोविड -19 के हालात नियंत्रण में है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

# आंबेडकर की अपेक्षा के अनुरूप समता मूलक समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार : नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को संविधान दिवस के मौके पर संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डा बी आर आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पार्टी नीत केन्द्र सरकार उनकी अपेक्षा के अनुरूप समता मूलक समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा नेताओं ने यहां पार्टी मुख्यालय में आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की और उसके बाद अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना। नड्डा ने ट्वीट किया कि भाजपा की बाबासाहेब के विचारों के प्रति कटिबद्धता के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने उनकी याद में भव्य पंचतीर्थ का निर्माण कर उन्हें विशिष्ट सम्मान दिया। भाजपा सरकार उनकी अपेक्षा के अनुरूप समता मूलक समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। पंचतीर्थ का अर्थ आंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थानों से है।

उन्होंने ट्वीट किया, देश को एक सुदृढ़ संविधान देने वाले सामाजिक क्रांति के उद्बोधक, भारतरत्न डॉ भीमराव आंबेडकर जी को कोटिश: नमन। एक निष्ठ कर्मयोगी के रूप में बाबासाहेब ने संविधान द्वारा भारतीय समाज को परिवर्तित करने का अद्वितीय कार्य किया। उनका कर्मयोग, संघर्ष व सुधारवाद सभी के लिए प्रेरणास्पद है। नड्डा ने कहा संविधान में हमारे जीवन, मूल्य, व्यवहार एवं परंपरा का समावेश है और इसकी मजबूती के कारण ही हम एक भारत- श्रेष्ठ भारत की ओर अग्रसर हैं।

## पश्चिम बंगाल के मंत्री ने परीक्षण के तौर पर कोविड-19 टीका लगवाने की इच्छा जताई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के शहरी विकास मंत्री फरहाद हाकिम ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कोलकाता के राष्ट्रीय हैजा एवं आंत्र रोग संस्थान (एनआईसीईडी) में होने वाले कोवैक्सीन टीके के तीसरे चरण के परीक्षण के दौरान टीका लगवाना चाहते हैं। ममता बनर्जी नीत सरकार में मंत्री हाकिम (62) ने अपनी इस इच्छा से संस्थान अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, मैं लोगों की मदद करना चाहता हूं। अगर मेरे योगदान से लोगों के इलाज में मदद होती है तो मुझे बहुत खुशी होगी। मैं (कोवैक्सीन टीके के तीसरे चरण के परीक्षण) कार्यक्रम का हिस्सा बनने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। इस बीच, एक अधिकारी ने कहा कि शहर में स्थित एनआईसीईडी में जल्द ही कोवैक्सीन टीके के तीसरे चरण का परीक्षण शुरू होगा, जिसमें टीका लगवाने के इच्छुक कम से कम 1,000 लोग हिस्सा लेंगे।

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक भाजपा के सांसद पर उस्मानिया विश्वविद्यालय परिसर में जबरन घुसने पर मुकदमा दर्ज

**हैदराबाद।** कर्नाटक के भाजपा सांसद और पार्टी की युवा इकाई के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने बिना अनुमति के उस्मानिया विश्वविद्यालय में कथित तौर पर जबरन घुसपैठ की और उनके एवं उनके समर्थकों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि तेलंगाना आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए उन्होंने बैरीकेड हटाकर परिसर में प्रवेश किया। घटना मंगलवार को हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि उस्मानिया विश्वविद्यालय (ओयू) के अधिकारियों की शिकायत पर हैदराबाद महानगर पुलिस अधिनियम के संबंधित प्रावधानों और भादंसं की धारा 447 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि ओयू के रजिस्ट्रार ने शिकायत में भाजपा नेता पर परिसर में बिना अनुमति के बैरीकेड हटाकर जबरन घुसपैठ करने और वहां सभा करने का आरोप लगाया। सांसद ने आरोप लगाए थे कि पुलिस ने उन्हे रोका। बहरहाल, पुलिस ने स्पष्ट किया कि पुलिस ने ऐसा कुछ नही किया अथवा पुलिस के साथ कोई संघर्ष नही हुआ और सांसद अपने समर्थकों के साथ परिसर मे गए तथा शांतिपूर्ण तरीके से सभा की। अलग तेलंगाना राज्य के लिए हुए प्रदर्शन के केंद्र बिंदु में यह विश्वविद्यालय था।

### अदालत ने पालघर हत्या मामले में 53 आरोपियों को जमानत दी

**ठाणे।** एक स्थानीय विशेष अदालत ने पालघर में भीड़ द्वारा दो साधुओं और उनके कार चालक की पीट-पीट कर हत्या मामले मे गिरफ्तार 53 लोगो को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। जिला न्यायाधीश पी पी जाधव ने आरोपियों को 15,000 - 15,000 रुपए की जमानत पर राहत प्रदान कर दी। इससे पहले पिछले दिनों, अदालत ने मामले मे चार आरोपियो को जमानत दे दी थी। उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल, 2020 को मुंबई से 140 किमी उत्तर पालघर जिले के गढ़चिंचले में भीड़ ने दो साधुओ और उनके कार चालक की पीट- पीट कर हत्या कर दी थी। दोनो साधु एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कार से गुजरात जा रहे थे। भीड़ को संदेह था कि वे चोर हैं। इस मामले मे कुल 201 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया था। उनमे से 57 को जमानत मिल गई है। आरोपियो के लिए अपील करते हुए वकीलों अमृत अधिकारी और अतुल पाटिल ने अदालत मे दलील दी कि आवेदकों की उस घटना मे कोई भूमिका नही थी और उन्हें संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक सतीश मानेशिंदे पेश हुए वही दिवंगत साधुओ के परिवार की ओर से अधिवक्ता पीएन ओझा पेश हुए। अदालत ने कहा कि अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओ पर अब पांच दिसंबर को फैसला किया जाएगा।

### कालिया की मृत्यु पर पटनायक, प्रधान ने शोक व्यक्त किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कालिया नाम के बच्चे की असामयिक मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। सिर से जुड़े जुड़वां बच्चो मे से एक कालिया को 2017 मे भारत में किए गए बेहद मुश्किल ऑपरेशनो मे से एक के दौरान उसके भाई जग्गा से अलग किया गया था। कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बुधवार को निमोनिया और सेप्टीसीमिया से कालिया की मौत हो गई। कंधमाल जिले के फिरिंगा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत आने वाले कालिया के पैतृत गांव मालीपाड़ा मे बृहस्पतिवार को जनजातीय परंपरा के मुताबिक उसका अंतिम संस्कार किया गया। जनजातीय समुदाय के सदस्य, सरकारी अधिकारी,पुलिस, पत्रकार और विभिन्न समुदायो से जुड़े लोग कंधमाल में अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद थे।

### गांवों में भी अधिक से अधिक कोविड-19 जांच हो: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को ग्रामीण इलाकों में भी अधिक से अधिक कोविड-19 जांच करने पर जोर दिया। गहलोत ने राज्य मे महामारी से संबंधित स्थिति की उच्चस्तरीय बैठक मे समीक्षा की और अधिकारियो से कहा कि इस संबंध मे शुरू किए गए जनजागरूकता अभियान को विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों मे और तेज किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने गांवो मे भी कोविड-19 संबंधी जांच बढ़ाने को कहा। बैठक मे महामारी की रोकथाम को लेकर केंद्र सरकार द्वारा हाल ही मे जारी दिशा-निर्देशो पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने रात्रिकालीन कर्फ्यू सहित अन्य उपायो के अनुपालन पर अधिकारियो से जानकारी ली।

### सौतेले भाई को परिवार सहित जिंदा जलाया

**अनूपपुर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहारी थाना क्षेत्र के एक गांव मे बुधवार-बृहस्पतिवार की दरम्यानी रात जायदाद के विवाद में एक व्यक्ति ने अपने सौतेले बड़े भाई और उसके परिवार को कथित तौर पर जिंदा जला दिया। आरोपी ने स्वयं भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जैतहारी पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक के के त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर धनगवां गांव मे 35 वर्षीय दीपक विश्वकर्मा का अपने सौतेले बड़े भाई ओमकार विश्वकर्मा (42) के साथ जमीन जायदाद को लेकर अक्सर विवाद होता था।




हैदराबाद में वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस। साथ में राष्ट्रीय महासचिव भूपेन्द्र यादव व अन्य नेता निकाय चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए।

# ईडी ने धनशोधन मामले में शिवसेना विधायक के सहयोगी को गिरफ्तार किया

**भाषा।** नई दिल्ली/मुंबई

**प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी )** ने एक सुरक्षा सेवा प्रदाता कंपनी और अन्य के खिलाफ धनशोधन के मामले के संबंध में शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक के कथित सहयोगी अमित चंदोले को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चंदोले को धन शोधन निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बुधवार देर रात गिरफ्तार किया गया और उसे शुक्रवार को एक स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किए जाने की उम्मीद है।

ईडी ने बुधवार को उससे पूछताछ की थी। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसी चंदोले की भूमिका और सरनाइक, सुरक्षा सेवा प्रदाता टॉप्स ग्रुप और उसके प्रवर्तक राहुल नंदा के साथ उसके कथित संदिग्ध लेन देन की जांच कर रही है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक नंदा ने किसी भी तरह के गलत काम से इनकार किया है।

ईडी ने 24 नवंबर को निकटवर्ती ठाणे और मुंबई में सरनाइक, नंदा और कुछ अन्य के 10 परिसरों पर छापेमारी की थी। उन्होंने कहा कि 2014-15 के दौरान कंपनी द्वारा महाराष्ट्र सरकार के एक संगठन को सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराए जाने का एक खास मामला भी जांच के घेरे में है। सूत्रों ने दावा किया कि एजेंसी ने सरनाइक के नाम एक विदेशी बैंक द्वारा जारी डेबिट कार्ड भी छापेमारी के दौरान जब्त किया है और इसका पता पाकिस्तान के एक व्यक्ति के नाम पर है जो विदेश में बसा है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में विधायक से जल्द ही पूछताछ की जाएगी। शिवसेना ने पूर्व में छापेमारी के इस मामले को राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्वाई करार दिया था और कहा था कि महाराष्ट्र सरकार और उसके नेता किसी के दबाव के सामने नहीं झुकेंगे।

# विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क बनने से युवाओ में संवैधानिक जागरूकता आएगी : कलराज

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि संविधान देश का सर्वोच्च विधान ही नहीं है, बल्कि यह वह पवित्र ग्रंथ है जिससे विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का संचालन होता है। विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क बनने से देश के युवाओ में संवैधानिक जागरूकता आएगी और अधिकारों तथा कर्तव्यों के संतुलन की समझ विकसित होगी। मिश्र बृहस्पतिवार को संविधान दिवस पर मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में संविधान पार्क के शिलान्यास समारोह को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क की स्थापना के पीछे मंशा यही है कि देश के युवाओं में संवैधानिक जागरूकता आए और वे यह जानें कि संविधान हमें कौन-कौन से अधिकार देता है तथा कौन-कौन से हमारे कर्तव्य हैं। मिश्र ने कहा कि संविधान जब बना तब यह तय किया गया था कि वह ऐसा बने कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति का उसमें दर्शन हो। संविधान की मूल प्रति पर राजस्थान के प्रख्यात कलाकार कृपाल सिंह शेखावत द्वारा उकेरे गए चित्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरे राजस्थान के लिए गर्व की बात है। राज्यपाल ने कहा, संविधान में प्रदत्त अधिकारों के प्रति तो हम जागरूक होते हैं, परन्तु कर्तव्यों के प्रति उदासीन होते हैं। लोकतंत्र में अपने हितों के लिए जनता का सक्रिय हस्तक्षेप होना चाहिए। हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति ओम थानवी ने कहा कि हर विश्वविद्यालय में संविधान वाटिका के निर्माण की पहल पूरे देश में अनूठी है।

# अदालत ने दिशा सालियन की मौत की सीबीआई जांच के अनुरोध को खारिज किया


**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व प्रबंधक दिशा सालियन की मौत की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच के अनुरोध वाली याचिका को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को इस मामले में कोई जानकारी है, तो वह पुलिस से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र है। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जी एस कुलकर्णी की खंडपीठ ने कहा कि ऐसी कोई याचिका दायर करने के लिए याचिकाकर्ता, दिल्ली स्थित अधिवक्ता पुनीत ढांडा का मामले से कोई संबंध (लोकस स्टैंडाइ) नहीं है। अदालत ने सवाल किया, आप कौन हैं? अगर दिशा सालियन नामक व्यक्ति की मौत में कोई गड़बड़ी है, तो उसका परिवार कानून के अनुसार उचित कदम उठा सकता है। इस साल आठ जून को उपनगरीय मलाड में एक रिहायशी इमारत की 14 वीं मंजिल से गिरने से 28 वर्षीय सालियन की मौत हो गई थी। इस संबंध में नगर पुलिस ने दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की थी।

ढांडा ने अपनी याचिका में अनुरोध किया था कि दिशा सलियन की मौत का मामला सीबीआई को सौंप दिया जाए और उच्च न्यायालय द्वारा इसकी निगरानी की जाए। अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा कि पांच अगस्त को मुंबई पुलिस ने एक प्रेस नोट जारी कर कहा था कि अगर किसी भी व्यक्ति को दिशा सालियन की मौत से संबंधित कोई जानकारी है, तो वह पुलिस से संपर्क कर सकता है। अदालत ने कहा, यह दिखाने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं है कि याचिकाकर्ता ने पुलिस से संपर्क किया है। याचिकाकर्ता ने सीधे उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उच्चतम न्यायालय ने पिछले महीने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था और ढांडा को पहले उच्च न्यायालय जाने का निर्देश दिया। उसके बाद ढांडा ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। याचिकाकर्ता के वकील विनीत ढांडा ने दलील दी कि कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि सालियन की हत्या हुई है और पुलिस ने उचित जांच किए बिना मामले को बंद कर दिया है। पीठ ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता के पास कोई जानकारी है तो वह पुलिस से संपर्क कर सकते हैं।

## अहमद पटेल किए गए सुपुर्द-ए-खाक, राहुल गांधी ने तदफीन में की शिरकत

**भरूच।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल को गुजरात के भरूच जिले के उनके पैतृक गांव पिरमण में बृहस्पतिवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के अहम रणनीतिकार और संकटमोचक की तदफीन (दफन करना) में शिरकत की। पटेल का बुधवार को इंतकाल हो गया था। पटेल की मय्यत (पार्थिव देह) को वडोदरा से पिरमण लाया गया था। इसके बाद सैकड़ों स्थानीय एवं कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में पटेल को मुस्लिम कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। कांग्रेस नेता की मय्यत बुधवार रात वडोदरा हवाई अड्डे पहुंची थी और उसे भरूच जिले के अंकलेश्वर शहर में स्थित सरदार पटेल अस्पताल में रखा गया था। गांधी बृहस्पतिवार को सूरत हवाई अड्डे पहुंचे और फिर सड़क के रास्ते से पिरमण गए जहां वह दिवंगत सांसद के परिवार से उनके पुश्तैनी घर में मिले और उन्हें दिलासा दिया।



अहमद पटेल के निधन पर उनके परिजनों से वडोदरा में बात करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी

# मोदी ने दिया वैश्विक निवेशकों को भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश का निमंत्रण

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विदेशी निवेशकों को भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की विकास यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि जिस तेजी से यह क्षेत्र विकास कर रहा है, उसमें सालाना 20 अरब डॉलर के कारोबार की संभावना है।

प्रधानमंत्री ने तीसरे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश सम्मेलन और प्रदर्शनी (री-इनवेस्ट) के उद्घाटन सत्र को वीडियो कांफ्रेन्स के जरिए संबोधित करते हुए कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के विनिर्माण के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को उच्च दक्षता के सौर मोड्यूल्स के लिए भी लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की अगले दशक में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर विकास की योजना है। इससे सालाना करीब 20 अरब डॉलर के कारोबार की संभावनाएं सृजित होने की उम्मीद है। मोदी ने कहा कि आज भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता दुनिया में चौथी सबसे बड़ी क्षमता है, सभी बड़े देशों के मुकाबले इसमें तीव्र गति से वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता फिलहाल 1,36,000 मेगावाट है जो हमारी कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 36 प्रतिशत है। नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की हमारी क्षमता 2022 तक 2,20,000 मेगावाट हो जाएगी। मोदी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक सामानों के विनिर्माण के लिए उत्पादन आधरित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की सफलता के बाद हमने उच्च दक्षता के सौर मोड्यूल्स के लिए उसी प्रकार का प्रोत्साहन देने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता कारोबार सुगमता सुनिश्चित करना है। निवेशकों के लिए चीजों को सुगम बनाने के लिए अलग से परियोजना विकास प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले छह साल में हमने स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में ढाई गुना वृद्धि की है। हमारी सालाना नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता में वृद्धि 2017 से कोयला आधारित बिजलीघरों की क्षमता में वृद्धि के मुकाबले ज्यादा है। उन्होंने कहा कि जब नवीकरणीय ऊर्जा सस्ती नहीं था तब भी इस क्षेत्र में निवेश किए गए थे। अब निवेश बढने तथा बड़े पैमाने पर काम होने से इसकी लागत कम हुई है। मोदी ने कहा कि पिछले छह साल में भारत नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है। हम हर नागरिक के घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता, नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं।


ऑनलाइन आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन का विषय सतत ऊर्जा परिवर्तन के लिए नवोन्मेष है। इसमें भविष्य के ऊर्जा विकल्पों पर गहनता के साथ चर्चा होगी। साथ ही स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विनिर्माताओं, डेवलपरों, निवेशकों और नवप्रवर्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। यह सम्मेलन विभिन्न देशों, राज्यों, औद्योगिक घरानों और संगठनों को अपनी रणनीतियों, उपलब्धियों को दिखाने का अवसर प्रदान करेगा।



बेंगलुरु में गुरुवार को बारिश के दौरान मेट्रो ट्रेन में चढ़ने के लिए एक कतार में खड़े लोग

# स्वदेशी अपनाए बिना भारत आत्मनिर्भर नहीं हो सकता : योगगुरु स्वामी रामदेव

**भाषा।** मथुरा



**योगगुरु** स्वामी रामदेव ने कहा है कि यदि हमें देश को वास्तव में आत्मनिर्भर बनाना है तो हमें स्वदेशी को पूरी तरह से अपनाना होगा और तभी भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकेगा।

रामदेव यहां बुधवार शाम महावन स्थित उदासीन आश्रम में प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू का रामचरित मानस पाठ सुनने आए थे। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि विदेशी कंपनियों ने अभी तक भारत को जी भर कर लूटा है और अगर हमें देश को वास्तव में आत्मनिर्भर बनाना है तो हमें स्वदेशी को पूरी तरह से अपनाना होगा और तभी भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकेगा। इस मौके पर योगगुरु ने एक बार फिर हाथी की सवारी की, लेकिन अंतर इतना था कि उन्होंने इस बार अपना हर कदम बहुत सावधानी से उठाया।

उन्होंने न केवल हाथी की सवारी का भरपूर आनंद लिया, बल्कि वह दोनों ओर पैर फैला कर बैठे और अनुलोम-विलोम, प्राणायाम भी किया। गौरतलब है कि 13 अक्टूबर को जब वे महावन आए थे तब हाथी पर बैठकर योगासन करते समय गिर पड़े थे।

## पश्चिम बंगाल में दिलीप घोष के काफिले पर हमला

**कांडी (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबादा जिले के कांडी इलाके में भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष दिलीप घोष के काफिले पर बुधवार को हमला हुआ। पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। जिला भाजपा नेताओं ने दावा किया कि घोष पार्टी की बैठक में हिस्सा लेने ब्रह्मपुर जा रहे थे, तभी तृणमूल कांग्रेस के बदमाशों ने उनके काफिले पर पथराव किया। सूत्रों ने बताया कि हमले में घोष को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है, लेकिन उनके काफिले में शामिल कार का आगे का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। पार्टी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों से इनकार किया है।

# रौशनी कानून निरस्त करने के खिलाफ न्यायालय में दायर हुई याचिकाएं

**भाषा।** नई दिल्ली

**रौशनी** कानून निरस्त करने के जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पूर्व नौकरशाहों, कारोबारियों और सेवानिवृत्त न्यायाधीशों आदि ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर की हैं। इस कानून के तहत सरकार की जमीन पर कब्जा धारकों को ही मालिकाना हक देने का प्रावधान था। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि उन्होंने कभी भी सरकारी जमीन का अतिक्रमण नहीं किया और इस मामले में उन्हें कभी पक्षकार नहीं बनाया गया।

उच्च न्यायालय ने नौ अक्टूबर को रौशनी कानून को गैरकानूनी और असंवैधानिक करार देते हुए इस कानून के तहत भूमि आबंटन के मामलों की सीबीआई जांच का आदेश दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उनके खिलाफ किसी भी तरह के कथित गैरकानूनी कृत्य का आरोप नहीं है और उन्होंने किसी भी सार्वजनिक जमीन का अतिक्रमण नहीं किया है। न्यायालय में 26 याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें पूर्व मुख्य वन संरक्षक आर के मट्टू, पूर्व न्यायाधीश खालिक-उल-जमां, पूर्व मुख्य सचिव मोहम्मद शाई पंडित, पूर्व ऊर्जा विकास आयुक्त निसार हुसैन, कारोबारी भरत मल्होत्रा और विकास खन्ना तथा सेवानिवृत्त आयुक्त बशीर अहमद भी शामिल हैं।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि वे इस जमीन के अधिकृत बाशिंदे हैं और उच्च न्यायालय ने बगैर किसी आधार या औचित्य के ही सभी के लिए एक आदेश पारित कर दिया है। याचिका में दावा किया गया है कि वे सामान्य नागरिक हैं और उन्होंने पैसा देकर इसे खरीदा है। यही नहीं, विधिवत निर्वाचित विधान मंडल द्वारा बनाए गए और कार्यपालिका द्वारा इस पर किए गए अमल में उनकी कोई भूमिका नहीं है। याचिका में जोर देकर कहा गया है कि वे कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं जिन्होंने किसी भी सरकारी जमीन का अतिक्रमण नहीं किया है। जम्मू कश्मीर में रौशनी कानून, 2001 में दो उद्देश्यों से लागू किया गया था। पहला तो विद्युत परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना और सरकारी जमीन पर बसे लोगों को मालिकाना हक देना। प्रारंभ में करीब 20.55 लाख कनाल (102750 हेक्टर) भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक देना था जिसमे से सिर्फ 15.85 प्रतिशत भूमि ही मालिकाना हक के लिए मंजूर की गई थी।

याचिकाओं में कहा गया है कि उच्च न्यायालय के एक समान आदेश ने उन्हें प्रभावित किया है क्योंकि अदालत ने सभी लाभान्वितों के विवरण सरकारी वेबसाइट पर प्रकाशित करने , इस कानून के तहत शुरू से की गई सारी कार्वाई रद्द करने और इसकी सीबीआई जांच तथा जमीन का कब्जा वापस लेने के आदेश दिए हैं।

## मोदी सरकार हर वर्ग को न्याय दिलाने के प्रति संकल्पितः शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को संविधान दिवस पर देश के पहले कानून मंत्री बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को नमन किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान के अनुरूप समाज के हर वर्ग को सामाजिक व आर्थिक न्याय दिलाने के प्रति संकल्पित है। शाह ने ट्वीट किया, भारत की एकता और विकासशीलता की सबसे बड़ी शक्ति हमारा प्रगतिशील संविधान है। आज संविधान दिवस पर भारतीय संविधान के शिल्पी बाबासाहेब जी को नमन करता हूं। मोदी सरकार देश के महापुरुषों के स्वप्न और संविधान के अनुरूप देश के हर वर्ग को सामाजिक और आर्थिक न्याय दिलाने के प्रति संकल्पित है। देश में आज संविधान दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन देशभर में राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है और देश में संविधान को अपनाए जाने का स्मरण कराता है।

## विवाहिता ने आग लगाकर आत्महत्या की

● पति ने वीडियो बनाया, पांच हिरासत में

**भाषा।** जयपुर



**राजस्थान** के झुंझुनूं जिले में एक विवाहिता ने कथित तौर पर खुद पर तेल डालकर आग लगा ली। घटना के दौरान वहां मौजूद उसके पति ने इसका वीडियो बनाया और अपने ससुराल वालों को भेज दिया। इस मामले में पति, ससुर, देवर, सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। गुढ़ागौड़जी थाने के प्रभारी देवी सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस संबंध में मृतका के भाई ने मंगलवार को अपनी बहन के पति अनिल, ससुर रामचंद्र, देवर अमित, सास बिदामी देवी, चाचा ससुर गिरधारी और उसकी पत्नी प्रेम देवी पर विवाहिता को प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए (दहेज), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को बृहस्पतिवार को हिरासत में ले लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है।

# व्यापार संघ की हड़ताल से पश्चिम बंगाल में आम जनजीवन प्रभावित

**भाषा।** कोलकाता

**केंद्र** की आर्थिक नीतियों के विरोध में कई व्यापार संघों द्वारा बुलाई गई हड़ताल के कारण बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ।

केंद्रीय श्रमिक संगठनों की संयुक्त समिति द्वारा बुलाए गए 24 घंटे के बंद की शुरुआत सुबह छह बजे हुई। एक अधिकारी ने कहा कि बंद समर्थक सीआईटीयू और डीवाईएफआई जैसे माकपा से संबद्ध संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कोलकाता, जाधवपुर, गरिया, कमलगाजी, लेक टाउन और दमदम इलाकों में रैलियां निकालीं, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हुई। बंद समर्थकों ने दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखने को कहा। उन्होंने बताया कि बंद समर्थकों ने हावड़ा रेलवे स्टेशन के बाहर धरना दिया, वाहन चालकों से सेवाएं बंद करने को कहा लेकिन वाहनों को सामान्य रूप से चलाने के लिए पुलिस बल की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई। अधिकारी ने कहा कि वाम कार्यकर्ताओं ने कोलकाता के सेंट्रल एवेन्यू, हेस्टिंग्स, श्याम बाजार और मौलाली इलाकों में सड़कें अवरुद्ध कर दीं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ाबाजार इलाके में जबरदस्ती दुकानें बंद कराने की कोशिश की, जिससे तनाव पैदा हो गया। वाम मोर्चे के अध्यक्ष विमान बोस के नेतृत्व में कांग्रेस और वाम कार्यकर्ताओं ने शहर के मलिकबाजार चौराहे को बंद करने की कोशिश की।

## भाजपा को नकवी, शाहनवाज के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिएः एआईएमआईएम सांसद

**औरंगाबाद।** अंतर-धार्मिक विवाहों को लेकर हंगामे के बीच उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारित अध्यादेश को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए, एआईएमआईएम सांसद इम्तियाज जलील ने बुधवार को भाजपा को अपने नेताओं मुख्तार अब्बास नकवी और शाहनवाज़ हुसैन के खिलाफ कार्वाई कर एक उदाहरण पेश करने की चुनौती दी। मसौदा अध्यादेश का उद्देश्य विवाह के लिए जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाना है, जिसमें उल्लंघन करने वालों को 10 साल तक जेल की सजा का प्रवाधान किया गया है।

# भाजपा बाहरी लोगों की पार्टी, बंगाल में उनका कोई स्थान नहींः ममता

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भाजपा बाहरी लोगों की पार्टी है और राज्य में उनका कोई स्थान नहीं है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यह भी कहा कि वह बंगाल को कभी भी दंगा-प्रभावित गुजरात नहीं बनने देंगी।

ममता ने आश्चर्य जताया कि देश की सीमा पर स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह क्यों चुनावों में इतने व्यस्त हैं। ममता ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में कभी भी ऐसा गृह मंत्री नहीं देखा है। ममता ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, बंगाल में बाहरी लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। जो लोग सिर्फ चुनावों के दौरान राज्य में आते हैं और राज्य की शांति को बाधित करने की कोशिश करते हैं, उनका कोई स्वागत नहीं है। हाल ही में भाजपा ने राज्य को पांच संगठनात्मक क्षेत्रों में विभाजित किया है और केंद्रीय नेताओं को उनका प्रभारी बनाया है।

# पेज 1 का शेष

## छावनी में...

दिया। उन्हें हिरासत में लेकर पास के पुलिस थाने ले जाया गया जहां बाद में उन्हें मुक्त कर दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी के सीमाई इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और आने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि सिंघू सीमा पर दिल्ली पुलिस ने किसानों द्वारा संचालित ट्रैक्टरों की आवाजाही रोकने के लिए रेत से भरे पांच ट्रकों को खड़ा किया है। यह पहला मौका है जब शहर की पुलिस ने सीमा पर रेत से भरे ट्रकों को तैनात किया है। सुरक्षा के उद्देश्य से ड्रोन भी तैनात किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि सीमा को सील नहीं किया गया है लेकिन वे राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की जांच कर रहे हैं। सभी चौकियां मुस्तैद हैं। पुलिस ने सीमा पर बोल्डर बैरिकेड लगाए गए हैं जिससे हरियाणा का बॉर्डर करने की स्थिति में उन्हें सिंघू सीमा पहुंचने समय लगे। दिल्ली पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव ने भी टिकरी और सिंघू बॉर्डर का दौरा किया। उन्होंने कहा,'कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के तहत यहां राजनीतिक सभा की अनुमति नहीं है और इसीलिए किसानों के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था। यदि वे अभी भी प्रयास करते हैं, तो हमने सीमाओं पर जवानों को तैनात किया है ताकि उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश न करने दिया जा सके। हम पंजाब और हरियाणा पुलिस के संपर्क में भी हैं।' असुविधा का सामना कर रहे यात्रियों के बारे में पूछे जाने पर दिल्ली पुलिस प्रमुख ने कहा कि विरोध कर रहे किसानों ने पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया है, इसलिए कुछ समस्याएं होने वाली हैं, ''लेकिन हम इसे यथाशीघ्र सुलझाने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रीय राजधानी में आने के बजाय, उन्हें वापस जाना चाहिए और किसी दिशानिर्देश का उल्लंघन नहीं करना चाहिए।' एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा ' मध्य दिल्ली में जंतर-मंतर को बैरिकेड लगाकर अवरुद्ध कर दिया गया है। पुलिस वाहनों की तलाशी ले रही है लेकिन सीमा को सील नहीं किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, ' वाहनों का आवागमन धीमा है क्योंकि विरोध मार्च के मद्देनजर एहतियातन जांच के बाद ही वाहनों को जाने दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पार करने वाले वाहनों का डीएनडी और एनएच-24 पर जांच किया जा रहा है।' पुलिस की मदद के लिए बदरपुर बॉर्डर सीआरपीएफ के जवानों को भी तैनात किया गया है। इससे पहले दिन में यूपी के गाजियाबाद की दिल्ली से सटी सीमा पर कुछ प्रदर्शन किया गया तथा गुरुग्राम सीमा पर लंबा जाम रहा। किसानों के मार्च को देखते हुए दिल्ली मेट्रो ट्रेनें बृहस्पतिवार को दोपहर दो बजे तक पड़ोसी शहरों से राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं को पार नहीं किया। इस अवधि में आनंद विहार से वैशाली और न्यू अशोक नगर से नोएडा सिटी सेंटर तक कोई मेट्रो सेवाएं उपलब्ध नहीं थी। सुल्तानपुर और गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशनों के बीच बृहस्पतिवार को दोपहर दो बजे तक मेट्रो सेवा बंद रही। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्विट किया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन किसानों का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा, ' केंद्र सरकार के सभी तीन बिल किसान विरोधी है। इन्हें वापस लेने के बजाय किसानों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन से रोक जा रहा है। उन पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये पूरी तरह गलत है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन उनका संवैधानिक अधिकार है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा था कि उसने केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन के लिए विभिन्न किसान संगठनों से मिले सभी अनुरोधों को खारिज कर दिया था। पुलिस ने कहा था कि कोविड-19 महामारी के बीच किसी प्रकार का जमावड़ा करने के लिए शहर आने पर प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पंजाब के किसान 30 किसान संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। किसानों के ट्रैक्टर पर राशन, पानी सहित सभी इंतजाम दिख रहे हैं। वे अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर हरियाणा की सीमाओं के पास एकत्रित होना शुरू हो गए हैं। हरियाणा के अधिकारियों ने प्रदर्शन को रोकने के लिए कई इलाकों में सीआरपीसी की धारा 144 भी लगा दी है। इस बीच, सर्दी और बारिश के मौसम में हजारों किसानों ने अस्थायी तंबुओं और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रात गुजारी। किसान संगठनों ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी जाते हुए, उन्हें जहां कहीं भी रोका गया, वे वहीं धरने पर बैठ जाएंगे। इन किसानों की मांग है कि नए कृषि कानूनों को रद्द किया जाए और सभी पक्षों के साथ बातचीत कर नए कानून बनाए जाएं। ये किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी भी चाहते हैं।

## पाक आतंकियों...

हमारी सीमाओं को सुरक्षित बनाने में लगे हुए हैं। पाकिस्तान के आतंकवादियों ने 12 साल पहले, देश की आर्थिक राजधानी में आतंकी हमला किया था और तीन दिनों तक चले इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोगों की मौत हो गई थी। सुरक्षा बलों ने नौ आतंकवादियों को मार गिराया था। जीवित पकड़े गए एकमात्र आतंकवादी अजमल कसाब को चार साल बाद फांसी दी गई थी। मोदी ने इस अवसर पर कहा कि सरकारी निर्णयों को मापने का एकमात्र मापदंड राष्ट्रहित होना चाहिए और इसमें जब राजनीति हावी हो जाती है तो इसका नुकसान देश को उठाना पड़ता है। उन्होंने यहां स्थित सरदार सरोवर बांध से आज देश को मिल रहे लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इसका निर्माण कार्य राजनीति की वजह से बरसों तक अटका रहा जिसका देश को बहुत नुकसान हुआ। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों को कोई पश्चाताप भी नहीं है। मोदी ने कहा, हमारे हर निर्णय का आधार एक ही होना चाहिए। इसे एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए...एक ही मानदंड होना चाहिए और वह है राष्ट्रहित। जब निर्णयों में देशहित और लोकहित की बजाय राजनीति हावी होती है तो उसका नुकसान देश को उठाना पड़ता है। सरदार सरोवर बांध भी इसका बहुत बड़ा उदाहरण है।

## आतंकी हमले...

व्यक्ति हताहत ना हो और संपत्ति का नुकसान नहीं हो। दूसरी ओर पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर अग्रिम चौकियों और गांवों में की गई गोलाबारी और गोलीबारी में सेना के एक जूनियर कमीशन्ड अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गए तथा एक असैन्य नागरिक घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के कस्बा और किरनी सेक्टरों में बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन किया गया। दोपहर करीब 1.30 बजे गोलीबारी में जेसीओ घायल हो गए थे और उन्हें एक सैन्य अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। अधिकारियों के मुताबिक, नागरिक मोहम्मद राशिद को उपचार के लिए जम्मू के जीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## निवार तूफान...

कि चक्रवात अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है क्योंकि इसका कुछ हिस्सा अभी भी समुद्र में है, लेकिन इसका केंद्र अब जमीन पर आ चुका है। आईएमडी ने शुरू में इसे बहुत भीषण चक्रवाती तूफान के तौर पर आंका था लेकिन समुद्र से जमीन पर आते ही यह कमजोर पड़ता गया और भीशण तूफान में बदल गया। मौसम विभाग का कहना है कि 29 नवंबर के आसपास बंगाल की दक्षिण खाड़ी के ऊपर एक और कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके दक्षिण तमिलनाडु की ओर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद है। इसके कारण तूफान प्रभावित राज्यों को एक बार फिर भारी बारिश का सामना करना पड़ सकता है।

## एस्ट्राजेनेका ने...

खुराकें दी गई थीं, उनमें टीका 62 फीसदी तक असरदार दिखा। कुल मिलाकर दवा बनाने वाली कंपनी ने कहा कि टीका 70 फीसदी तक असरदार लगता है। लेकिन जिस तरीके से नतीजों पर पहुंचा गया है और कंपनियों ने सूचना दी है, उस पर विशेषज्ञों ने सवाल उठाए हैं। आंशिक परिणाम सोमवार को घोषित किए गए, जो ब्रिटेन और ब्राजील में चल रहे बड़े अध्ययन का हिस्सा हैं। इसमें टीके की सर्वोत्तम खुराक का पता लगाया जाएगा। साथ में टीका की सुरक्षा और प्रभावशीलता का भी परीक्षण किया जाएगा।

## देसी टीके...

घंटे तक निगरानी में रखा गया और अगले कुछ दिनों तक उन पर नजर रखी जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि ट्रायल के दौरान एक डोज पहले दिन और दूसरी 28वें दिन दी जाएगी। तीसरे चरण के दौरान दस राज्यों में 25 जगहों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 28,500 लोगों को खुराक दी जाएगी। गुजरात जैसी कुछ जगहों पर ट्रायल शुरू हो चुका है। पहले और दूसरे चरण के ट्रायल का डाटा केंद्रीय दवा नियामक ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफइंडिया को सौंप दिया गया है। फार्मा कंपनी ने तीसरे चरण की अनुमति के लिए आवेदन करते समय कहा कि टीके का सभी समूहों पर बेहतर परिणाम सामने आया है। कहीं से भी किसी गंभीर प्रतिकूल घटना की सूचना नहीं मिली है। दवा कंपनी ने कहा कि सबसे आम प्रतिकूल प्रभाव इंजेक्शन की जगह पर दर्द का था, जिसे दुरुस्त कर लिया गया। भारत बायोटेक ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनाइटेड स्टेट्स फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन और भारत के सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन ने श्वसन रोग के टीके को मंजूरी दे दी है, जबकि यह कम से कम 50 प्रतिशत प्रभावी था। अब कंपनी इससे ऊंचा लक्ष्य लेकर चल रही है क्योंकि इसका कोरोना टीका कम से कम 60 प्रतिशत प्रभावी है।

## प्रधानमंत्री कल...

पूर्व नैदानिक जांच, परीक्षण और विश्लेषण के लिए सात कंपनियों को कोविड-19 टीके के निर्माण की इजाजत दी है। इनमें से दो एसआईआई और जेन्नोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स हैं। पुणे के मंडलायुक्त सौरभ राव ने कहा, हमें शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया आने की पुष्ट जानकारी प्राप्त हुई है, लेकिन उनके कार्यक्रम का विस्तृत विवरण (मिनट दर मिनट कार्यक्रम) अभी नहीं मिला है। राव ने मंगलवार को कहा था कि प्रधानमंत्री के पुणे आने की संभावना है, और अगर ऐसा होगा तो इसका उद्देश्य कोरोना वायरस संक्रमण के टीके के निर्माण की स्थिति, उत्पादन और वितरण के तंत्र की समीक्षा होगा। राव ने यह जानकारी भी दी थी कि चार दिसंबर को 100 से भी ज्यादा देशों के राजदूत और दूत यहां एसआईआई और जेन्नोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स का दौरा करेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय यात्री...

का निलंबन 30 नवंबर तक बढ़ाया था। हालांकि, विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ानें मई से वंदे भारत मिशन के तहत और जुलाई से चुनिंदा देशों के साथ द्विपक्षीय एयर बबल व्यवस्था के तहत चल रही हैं। भारत ने अमेरिका, ब्रिटेन, यूएई, केन्या, भूटान और फ्रांस सहित लगभग 20 देशों के साथ एयर बबल समझौते किए हैं। इस समझौते के तहत दो देशों के बीच उनकी एयरलाइंस द्वारा ही विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन किया जा सकता है। इससे पहले, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं उसी हालत में दोबारा शुरू की जा सकती हैं जब घरेलू उड़ान संचालन लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा और अन्य देश अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की अनुमति देंगे।

### बायर्न, मैनचेस्टर चैम्पियंस लीग अंतिम 16 में

**लंदन।** गत चैम्पियन बायर्न म्युनिख और मैनचेस्टर सिटी चैम्पियंस लीग फुटबॉल नॉकआउट चरण मे पहुंच गए है। लीग के मुकबले बहाल होने पर डिएगो माराडोना को श्रृद्धांजलि दी गई। पहले मैच से कुछ घंटे पहले ही अर्जेंटीना के इस महान फुटबॉलर के निधन की खबर आई। खिलाड़ियों ने आठों मैचो मे एक मिनट का मौन रखकर उन्हे श्रृद्धांजलि दी। बायर्न ने साल्सबर्ग को 3-1 से हराया जबकि सिटी ने ओलंपियाकोस को 1-0 से मात दी।

### पाकिस्तान के छह क्रिकेटर कोरोना पॉजिटिव

**क्राइस्टचर्च।** पाकिस्तान के छह क्रिकेटर कोरोना वायरस जांच मे पॉजिटिव पाए गए है और न्यूजीलैंड क्रिकेट ने आरोप लगाया है कि उन्होने जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ा है और अब उन्हे कुछ समय पृथक्वास में रहना होगा जिससे वे अभ्यास नही कर सकेंगे। उन्हें एक अंतिम चेतावनी भी दी गई है। बाबर आजम की अगुवाई मे 53 सदस्ईय पाकिस्तानी टीम मंगलवार को न्यूजीलैड पहुंची और 14 दिन के पृथक्वास पर है।

### अपने खुदा माराडोना को कभी नहीं भूल सकेंगे नैपोली

**नेपल्स।** दुनिया के लिए वह महानतम फुटबॉलर थे लेकिन नैपोली के फुटबॉलप्रेमियो के लिए डिएगो माराडोना का दर्जा खुदा से कम नही था। माराडोना की अगुवाई मे नैपोली ने 1987 और 1990 में दो सीरि ए खिताब जीते थे। इससे देश के फुटबॉल मानचित्र पर इस छोटे से शहर का नाम उभरा जो मिलान और तूरिन जैसे महानगरो के आगे दबा रहता था। नैपोली के पूर्व अध्यक्ष कोराडो फेरलेइनो ने कहा, माराडोना सिर्फ एक खिलाड़ी नही था। वह बरसो तक नैपोली की ऊर्जा का स्रोत रहा।

### माराडोना के नाम पर होगा नेपल्स में स्टेडियम

**वाशिंगटन।** नेपल्स के मेयर ने सान पाओलो फुटबॉल स्टेडियम का नाम डिएगो माराडोना के नाम पर रखने की औपचारिक प्रक्रिया गुरुवार को शुरू कर दी। नेपल्स के मेयर लुइगी डे मजिस्ट्रिस ने कहा, हमने नेपल्स स्टेडियम का नाम डिएगो माराडोना के नाम पर रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें ज्यादा समय नही लगेगा क्योकि हमारी इच्छाशक्ति मजबूत है और हमे कोई रोक नही सकता।

### हमारे दिलों में रहेंगे माराडोना

**ब्यूनस आयर्स।** ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्म आनंद मे लोगो के जीवन मे खुशियां बांटने वाला नायक अंत मे मर जाता है तो नेपथ्य मे संवाद गूंजता है आनंद मरा नही, आनंद मरते नही। ठीक उसी तरह अपने खेल से मुस्कुराहटे बिखेरने वाले डिएगो माराडोना के निधन पर सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने कहा कि वह कही नही गए, क्योंकि वह अमर है। माराडोना के बाद अर्जेटीना के सबसे बड़े फुटबॉलर मेस्सी ने कहा, वह हमे छोड़कर चले गए लेकिन वह कही नही गए क्योंकि डिएगो अमर है।

# रोहित के बिना उतरेगी टीम इंडिया

**भाषा। सिडनी**

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे आज



नई जर्सी और कोरोना काल में नए माहौल के बीच भारतीय क्रिकेट टीम आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेगी तो शुक्रवार को पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में उसे अपने हिटमैन रोहित शर्मा की कमी खलेगी। चोटिल रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी से बल्लेबाजी क्रम पर असर जरूर पड़ेगा। विराट कोहली की टीम ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मैच मार्च की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। कोरोना महामारी के कारण लंबे समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रही टीम का सामना अब आस्ट्रेलिया जैसे धुरंधर से है जिसे उसकी धरती पर हराना कतई आसान नहीं होगा। भारतीय टीम 1992 विश्व कप की नेवी ब्लू जर्सी में नजर आएगी। अंधविश्वासों को मानने वाले इसे अच्छा संकेत नहीं कहेंगे क्योंकि उस टूर्नामेंट में भारत नौ टीमों में सातवें स्थान पर रहा था। वैसे क्रिकेट में अतीत का प्रदर्शन मायने नहीं रखता। आस्ट्रेलिया में फोकस इस पर रहेगा कि रोहित की अनुपस्थिति में टीम संयोजन सही कैसे बन पाता है। शिखर धवन के साथ मयंक अग्रवाल पारी का आगाज करेंगे या शुभमन गिल, मिशेल स्टार्क या पैट कमिंस की गेंदों को झेलना आसान नहीं रहेगा। भारतीय बल्लेबाजों का सामना सर्वश्रेष्ठ तेज आक्रमण से होने जा रहा है जबकि आस्ट्रेलिया के पास एडम जाम्पा के रूप में कुशल स्पिनर भी है जिसने कई बार कोहली को परेशान किया है। लय में लौटे स्टीव स्मिथ, रन मशीन डेविड वार्नर और उभरते सितारे मार्नस लाबुशेन की मौजूदगी में आस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर हराने के लिए भारतीयों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय एकादश में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी दोनों शामिल हो सकते हैं या टीम प्रबंधन टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर एक मैच में एक को ही उतार सकता है। ऐसे में शारदुल ठाकुर और नवदीप सैनी को मौका दिया जा सकता है। केएल राहुल के लिए भी यह दौरा अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा। उपकप्तान राहुल आईपीएल में शानदार फार्म में थे जिसे वह बरकरार रखना चाहेंगे लेकिन असल चुनौती विकेट के पीछे महेंद्र सिंह धोनी की जगह लेने की है जहां उन्हें युजवेंद्र चहल की गुगली को भांपना होगा। खुद राहुल मानते हैं कि धोनी की जगह लेना तो किसी के लिए संभव नहीं है लेकिन रांची के उस राजकुमार ने विकेटकीपिंग के इतने ऊंचे मानदंड कायम किए हैं कि उन पर खरे उतरना भी किसी के लिए आसान नहीं है। हार्दिक पंड्या छठे या सातवें नंबर पर आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर है जिससे कोहली दो स्पिनर लेकर उतर सकते हैं। चौथे नंबर पर श्रेयस अय्यर ने पिछले दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। आस्ट्रेलियाई मध्यक्रम के लिए चहल चिंता का सबब होंगे। वहीं भुवनेश्वर कुमार जैसे डैथ ओवरों के विशेषज्ञ गेंदबाज की गैर मौजूदगी में बुमराह पर अतिरिक्त जिम्मेदारी रहेगी। तीन वनडे के बाद तीन टी20 मैच खेले जाने हैं। टेस्ट श्रृंखला 17 दिसंबर से शुरू होगी। इस श्रृंखला से ही स्टेडियमों में दर्शकों की वापसी होगा चूंकि क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने उपलब्ध सीटों के 50 प्रतिशत तक दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दी है। बोर्ड के अनुसार टिकट बेचे जा चुके हैं।

## कोहली ने रोहित की चोट पर कहा : स्थिति स्पष्ट नही, हम इंतजार कर रहे हैं जो आदर्श स्थिति नहीं

**सिडनी।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने गुरुवार को रोहित शर्मा की चोट पर अपने असंतोष को नहीं छिपाते हुए कहा कि भ्रम की स्थिति और स्पष्टता की कमी के कारण टीम प्रबंधन को उनकी उपलब्धता को लेकर इंतजार करना पड़ रहा है जो आदर्श स्थिति नहीं है। शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले एकदिवसीय से पूर्व मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कोहली ने कहा कि इस महीने की शुरूआत में हुई चयन समिति की बैठक से पहले रोहित को अनुपलब्ध बताया गया था। कोहली ने कहा, चयन समिति की बैठक से पहले हमें ईमेल मिला था कि वह उपलब्ध नहीं है। इसमें कहा गया कि उसे आईपीएल के दौरान चोट लगी। इसमें कहा गया कि उसे चोट से संबंधित जानकारियां दी गई है और वह समझ गया है और वह अनुपलब्ध रहेगा। पैर की मांसपेशियों में चोट से उबर रहे रोहित बेंगलुरू की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और उन्हें अब भी पूर्ण मैच फिटनेस हासिल करने में तीन हफ्ते लगेंगे।


**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतरर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विशाल चौधरी/ सुप्रिया चौधरी/ LBDEL00003081363 | फ्लैट नंबर -107, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर जी एच -07, एंड्रोमिडा, प्लैनेट वन, टॉवर बी, कोयल एन्क्लेव, गाजियाबाद/ 25 नवंबर, 2020 | फरवरी 26, 2020 ₹. 26,01,906/- | दिल्ली एनसीआर |
| 2. | सुनील कुमार/ अमित कुमार वर्मा/ LBDEL00002367176 | फ्लैट नंबर 55, ब्लॉक-सी 7, पॉकेट- 3, तीसरी मंजिल, सेक्टर जी 8, नरेला, दिल्ली/ 25 नवंबर, 2020 | नवंबर 30, 2019 ₹. 12 23 945/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: नवंबर 27, 2020
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


# माराडोना को विदाई देने के लिए कासा रोसादा में हजारों प्रशंसक जुटे

**भाषा। ब्यूनस आयर्स**



अर्जेंटीना के प्रेसिडेंशियल मेंशन में महानतम फुटबॉल सितारों में से एक डिएगो माराडोना को गुरुवार को विदाई देने के लिए जुटे हजारों बेसब्र प्रशंसक पुलिस से भिड़ गए। प्रशंसकों ने ब्यूनर्स आयर्स के मुख्य इलाके कासा रोसादा के समीप पुलिस पर बोतलें फेंकी और बैरीकेड तोड़ दिए। पारिवारिक सदस्यों और करीबी मित्रों के माराडोना के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के बाद स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 15 मिनट (ग्रीनविच मानक समय के अनुसार सवा नौ बजे) को आम लोगों को अंतिम दर्शन की इजाजत दी गई। माराडोना का पार्थिव शरीर प्रेसिडेंशियल कार्यालय की मुख्य लॉबी में रखा गया था और इसे अर्जेन्टीना के झंडे तथा राष्ट्रीय टीम की 10 नंबर की जर्सी से ढका गया था। गमजदा प्रशंसकों ने उनके अंतिम दर्शन के दौरान विभिन्न फुटबॉल टीमों की जर्सियां भी फेंकी। माराडोना का बुधवार को ब्यूनस आयर्स के बाहर एक घर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया जहां वह तीन नवंबर को हुए मस्तिष्क के आपरेशन से उबर रहे थे। माराडोना को सबसे पहले उनकी बेटियों और परिवार के करीबी सदस्यों ने विदाई थी। इसके बाद 1986 विश्व कप जीतने वाली टीम के उनके साथी आस्कर रुगेरी पहुंचे। बोका जूनियर के कार्लोस टेवेज जैसे अर्जेन्टीना के अन्य खिलाड़ी भी उन्हें विदाई देने पहुंचे। माराडोना के निधन की पुष्टि होने के कुछ घंटों के भीतर ही कासा रोसादा के बाहर लाइन लगनी शुरू हो गई।

### अपने महानायक को खोकर आंसुओं में डूब गया अर्जेंटीना

**ब्यूनस आयर्स।** डिएगो माराडोना के निधन से जहां दुनिया भर में फुटबालप्रेमी शोकाकुल है, वही उनके देश अर्जेंटीना मे तो मानों आंसुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है और हर कोई उनसे जुड़े स्थानों पर जमा होकर एक दूसरे का दुख बांट रहा है। अर्जेंटीना के फुटबालप्रेमी विला फियोरिटो में उस छोटे से मकान के बाहर जमा हुए जहां उनके महानायक माराडोना का जन्म हुआ और वह पले बढ़े। विला फियोरिटो के जिस धूल धसरित मैदान पर माराडोना ने फुटबॉल का ककहरा सीखा था, वहां उनकी याद में कोई आंसू नही बहाए गए बल्कि उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। वे उस अर्जेटीनोस जूनियर स्टेडियम पर भी जमा हुए जहां माराडोना ने 1976 में पेशेवर फुटबॉल में पहला कदम रखा था। वे बोका जूनियर्स के ऐतिहासिक ला बोंबोनेरा स्टेडियम के बाहर भी इकट्ठे हुए। जिम्नासिया ला प्लाटा के मुख्यालय के बाहर भी फुटबॉलप्रेमी जमा हुए। माराडोना इस टीम के कोच रहे थे।

### शमी और बुमराह को रोटेट किया जा सकता है

**सिडनी।** भारतीय कप्तान विराट कोहली के लिए उनके शीर्ष तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के काम का बोझ पर ध्यान देना सबसे महत्वपूर्ण है और उन्होंने कहा कि टेस्ट मैचों में उन्हें अच्छी लय में रखने के लिए आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान उन पर करीब नजर रखी जाएगी।

चोटिल तेज गेंदबाज इशांत शर्मा की गैरमौजूदगी में शमी और बुमराह पर टेस्ट श्रृंखला में गेंदबाजी की अधिक जिम्मेदारी होगी और उम्मीद की जा रही है कि शुक्रवार से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान उन्हें रोटेट किया जाएगा।


**PUBLIC NOTICE**

My Client Sh. Harish Chander Sakhuja S/o Late Sh. D.D. Sakhuja R/o 58-A, Pocket A-13, Fort View Apartments, Kalkaji Extension, New Delhi had lost his property documents i.e "Allotment Letter dated 25.04.1989 of Shop No. LG-18, Block-G, on Lower Ground Floor, "Sushant Shopping Arcade", At Sushant Lok, Phase-I, Block-B, Gurgaon, Haryana & he had filed a police complaint vide LR No. 759432/2020 dated 26.11.2020. Any person claiming any right, title & interest in the said property on basis of lost title documents should intimate the same to undersigned with documentary proof within 07 days from the publication of this notice at the address provided hereunder. In case no objections are received within the aforesaid time, it shall be presumed that Sh. Harish Chander Sakhuja S/o Late Sh. D.D. Sakhuja is right full owner of said property.

**Amrendra Nath Shukla (Advocate)**
Ch. No. 717, District Courts Rohini, Delhi-85



कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, हल्द्वानी**
(आर.टी.ओ. रोड़, वसुन्धरा बैक्वेट हॅाल के सामने, हल्द्वानी (नैनीताल), (उत्तराखण्ड)

पत्रांक : 1176/आदेश-4/98 दिनांक : 25/11/2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतदद्वारा द्वारा अध्यक्ष उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नांकित विवरण के अनुसार उत्तराखड पेयजल निगम में भवन निर्माण के कार्यों हेतु 'डी' अथवा उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 03/12/2020 को अपरान्ह 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा, उपस्थित ठेकदारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अपरा्न्ह 3:00 बजे कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई उत्तराखण्ड पेयजल निगम, हल्द्वानी में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय समय (प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक) निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर चेक जो कि परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उत्तराखंड पेयजल निगम, हल्द्वानी के नाम पर हल्द्वानी में देय हो, प्रस्तुत करने पर, या **अधोहस्ताक्षरी के पदनाम के पी0एन0बी0 हल्द्वानी में खाता संख्या 3880000100054106 में जमा कर जमापर्ची प्रस्तुत करने पर तथा वाछिंत धरोहर (NSC/FDR के रूप में) प्रस्तुत करने एवं पंजीकरण प्रमाण पर प्रस्तुत करने पर** दिनांक 02/12/2020 की सायं 5:00 बजे तक इस कार्यालय प्राप्त की जा सकती है।


| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | जनपद/ विकासखण्ड | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | जिला एवं प्रोवेशन कार्यालय हल्द्वानी परिसर में स्थित रा०सं०गृह हल्द्वानी भवन छत पर किशोर न्याय बोर्ड हेतु हॉल व टॉयलेट निर्माण व मरम्मत कार्य। | नैनीताल/ हल्द्वानी | 20000 | रू0 1000+ 18% GST = 1180.00 | 30 दिन | 4 माह |
| 2 | सेल टैक्स भवन गौलापार में प्रथम तल में कमरो का निर्माण कार्य। | नैनीताल/ हल्द्वानी | 17000 | रू0 1000+ 18% GST = 1180.00 | 30 दिन | 3 माह |
| 3 | तराई पूर्वी वन प्रभाग की गौला कैम्पस फण्ड के अन्तर्गत गौला राजि/दानीबंगर में वन्यजीव रोधी सुरक्षा दीवार भाग-1 का निर्माण कार्य। | नैनीताल/ हल्द्वानी | 13000 | रू0 1000+ 18% GST = 1180.00 | 30 दिन | 2 माह |
| 4 | तराई पूर्वी वन प्रभाग की गौला कैम्पस फण्ड के अन्तर्गत गौला राजि/दानीबंगर में वन्यजीव रोधी सुरक्षा दीवार भाग-2 का निर्माण कार्य। | नैनीताल/ हल्द्वानी | 13000 | रू0 1000+ 18% GST = 1180.00 | 30 दिन | 2 माह |

**नोट :-** निविदाओं की विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्ते इस कार्यालय में उपलब्ध निविदा सूचना में देखी जा सकती है।

**परियोजना प्रबन्धक**


# आर्थिक भरपाई उम्मीद से अधिक जोरदार : आरबीआई गवर्नर

**भाषा। मुंबई**



## मांग में स्थिरता पर नजर बनाए रखने की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी के शुरुआती प्रकोप से प्रभावित होने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में उम्मीद से अधिक जोरदार भरपाई हुई है, लेकिन त्योहारी सीजन के बाद के महीनों में मांग की स्थिति पर नजर बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने भारतीय विदेशी मुद्रा विनियम कारोबारी संघ (एफईडीएआई) के वार्षिक समारोह में कहा कि भारत सहित दुनिया भर में आर्थिक गिराव के जोखिम बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था में 23.9 प्रतिशत की गिरावट हुई, और आरबीआई का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2020-21 में अर्थव्यवस्था 9.5 प्रतिशत तक संकुचित हो सकती है। हालांकि, लॉकडाउन के दौरान लागू प्रतिबंधों को हटाने के बाद खासकर त्योहारी सीजन के दौरान खासकर त्योहारी सीजन के दौरान भरपाई हुई है। दास ने कहा, पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था में 23.9 प्रतिशत की तेज गिरावट और दूसरी तिमाही में गतिविधियों के काफी तेजी से सामान्य होने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में उम्मीद से बेहतर गति से भरपाई हुई। वृद्धि के परिदृश्य भी बेहतर हुए हैं, लेकिन हाल में यूरोप में और भारत के कुछ हिस्सों में संक्रमण के मामले बढ़ने के चलते वृद्धि में गिरावट के जोखिम भी बने हुए हैं। हमें त्योहारी सीजन के बाद मांग की स्थिरता और वैक्सीन को लेकर बाजार की उम्मीदों पर नजर बनाए रखने की जरूरत है। दास ने कहा कि आरबीआई वित्तीय बाजारों के कामकाज को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी नकारात्मक जोखिम को कम करने के लिए काम किया जाएगा।


**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, have changed my name from Sandip Garg (Old Name) to Sandeep Garg (New Name) R/o of Tower 5. Flat-9 A. Bellevue. Central Park-II, Sector-48, Sohna Road, Gurgaon-122001, for all future purposes vide Affidavite dated 19.11.2020 Haryana Government Certificate No GOS2020K1314.
PD(8814)A

I, Neelam Verma, D/o. R.P. Verma, R/o. Behind Durga Hotel, 2, Civil Lines, Shahjahanpur, Uttar Pradesh-242001 (present at New Delhi) have changed my name from Neelam Verma to Neelam on 25.11.2020 for all purposes.
PD(8816)A

**CHANGE OF RELIGION**

I, Neelam Verma, D/o. R.P. Verma, R/o. Behind Durga Hotel, 2, Civil Lines, Shahjahanpur, Uttar Pradesh-242001 (present at New Delhi) have changed my religion from Hinduism to Islam w.e.f. 25.11.2020.
PD(8817)A



**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my Client S. Rajinder Singh Dhingra, S/o Late S. Kishan Singh Dhingra, R/o J-7/83, 1st Floor, Near Bank of Maharashtra, Rajouri Garden, New Delhi 110 027 is a lawful owner and in possession of the Entire First Floor without roof rights in property bearing no. 83, in Block - J-7, (now known as J-7/83), area measuring 160 sq. yards, situated in the residential colony known as Rajouri Garden, area of Village Tatarpur, Delhi with common rights of stair case passage and all other common facilities of the building, through a registered relinquishment deed executed by the legal heirs of late S. Kishan Singh Dhingra namely Smt. Pritam Kaur Dhingra (wife), Smt. Varinder Kaur (daughter), Smt. Manjeet Kaur (daughter) and S. Parvinder Singh Dhingra (son) in respect of their 4/5th share in the said property in favour of S. Rajinder Singh Dhingra on 24.05.2019 vide Registration No. 11,091 in Book No. 1 Vol. No. 4,387 on page 63 to 68, before Sub Registrar-IIB, Janakpuri, Delhi. If anyone have objection against the above said Relinquishment Deed, can claim and raise their objection within 7 days, after publishing the Notice, after that any claim shall not be sustainable. The General Public may be aware that our Client shall not be responsible if no one claim against the abovesaid Relinquishment Deed within 7 days.

**Jaspreet Singh (Advocate)**
Ch. No. B-149, B.G.S. Block, Tis Hazari Courts, Delhi



**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचना आम लोगों के लिए ICICI Bank द्वारा जारी किए गए श्री दीपक का एक आईडी कार्ड नं. 05333, जो कि 29 अक्तूबर, 2020 को लापता या खो गया है। जिस किसी भी व्यक्ति को प्राप्त होता है, से अनुरोध है कि वह उक्त आईडी कार्ड को प्रबंधन समूह ICICI Bank Limited, SD Tower, First Floor, Rohini Sector-8, Delhi-110085 पर लौटा दे। आईसीआईसीआई बैंक के सभी सम्मानित ग्राहकों को यह सूचित किया जाता है कि उक्त ID कार्ड रखने वाले किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान न करे। ध्यान दे किसी भी व्यक्ति ने उक्त ID Card रखने वाले व्यक्ति को भुगतान किया है या करेंगे, उसकी जिम्मेदारी ICICI Bank की नहीं होगी।

दिनांक : 26.11.20
स्थान : दिल्ली
ICICI Bank के लिए


# शेयर बाजारों में चमक बिखरी

## ● वैश्विक संकेतों का असर

**भाषा। मुंबई**

बैंकों और वित्त कंपनियों के शेयरों में लिवाली के बीच शेयर बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए। नवंबर के वायदा एवं विकल्प (डेरिवेटिव) सौदों की निपटान तिथि होने और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक संकेतों से स्थानीय बाजार में मजबूती रही। बीएसई का 30 कंपनियों के शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स 431.64 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 44,259.74 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 128.60 अंक यानी एक प्रतिशत की तेजी रही और यह 12,987 अंक पर बंद हुआ। बाजार बुधवार को मुनाफावसूली का दौर चलने से तेज गिरावट के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स में शामिल टाटा स्टील का शेयर 5.16 प्रतिशत की तेजी के साथ सबसे अधिक लाभ में रहा।


**सार्वजनिक सूचना**

जितेन्द्र कुमार चौहान पुत्र श्री कृपाल सिंह म0 नं0 158, ग्राम-छलेरा, सेक्टर-44, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0 प्र0)।

स्नातक विधान परिषद सदस्य मेरठ खण्ड से निर्दलीय प्रत्याशी सार्वजनिक सूचना हेतू अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित घोषणा करता हूँ।

| लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के सम्बंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|
| न्यायालय का नाम | मामले की संख्या | अधिनियमों की धाराएं | न्यायालय का नाम आदेश की तारीख | अपराध व अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| गौतमबुद्ध नगर | 302/2012 | 323, 326, 506 | दोषसिद्धि नहीं | दोषसिद्धि नहीं कोई दण्ड नहीं |



**कार्यालय नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी (बागपत)**

पत्रांक 1026/न0पं0अ0म0/2020-19 दिनांकः- 26/11/2020

**ई-टेण्डर निविदा सूचना**

नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी में शा0संख्या-813-नौ-7-19-42(ज)/19टी0सी0 नगर विकास अनुभाग-7 दिनांक 08 नवम्बर, 2019 के द्वारा शहरी क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थलों का विकास योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्राप्त धनराशि से वर्ष 2020-21 में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसमें दिनांक 14.12.2020 को समय 04.00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर निविदायें शर्तो के आधार पर आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 28.11.2020 से दिनांक 14.12.2020 तक दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगे। सभी निविदादाता दिनांक 14.12.2020 को सांय 04.00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। निविदा खोले जाने की दिनांक को कोई अवकाश हो तो निविदायें अगले कार्यदिवस को खोली जायेगी। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में आकर कार्यालय में देख सकते हैं।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 1028/NPAMT/2020-21 |
| Publish Date and Time for RFP | 28/11/2020/ 14/12/2020 12L00 PM |
| Last Date and Time for Submission of E-Tender | 14/12/2020 04:00 PM |
| Date Opening Tender | 16/12/2020 02:00 PM |
| Place of opening of E-Tender | Executive Officer, Office Nagar Panchayat Agarwal Mandi Taliri, Baghpat (U.P) |
| E-Tender document Processing | As per tender list |

हस्ता/-
(संजय कुमार गुप्ता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पचांयत अग्रवाल मण्डी
टटीरी-बागपत।

हस्ता/-
(विनोद कुमार)
अध्यक्ष
नगर पचांयत अग्रवाल मण्डी
टटीरी-बागपत।

# इस साल लोकतंत्र की परीक्षा थी लोग इसमें खरे उतरे : बाइडन



● बाइडन ने कहा, अगर आपको जानना है कि अमेरका के दिल की गहराई में क्या धड़कता है तो यह लोकतंत्र है अपने जीवन, अपने अधिकार और अपने नेता को चुनने का अधिकार

**भाषा**। वाशिंगटन

**नवनिर्वाचित राष्ट्रपति** जो बाइडन ने कहा कि कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच अमेरिकी चुनाव लोकतंत्र की एक परीक्षा थी और रिकॉर्ड मतदान कर लोग इसमें खरे उतरे।

उन्होंने यह भी कहा कि देश की कोरोना वायरस से लड़ाई जारी है और साथ ही इसे मात देने के लिए अपने प्रयास दोगुने करने का आह्वान किया।डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने थैंक्सगिविंग संबोधन में बाइडन ने कहा, हमें लोकतंत्र का आभारी होना चाहिए। इस साल चुनाव में, हमने देखा कि रिकॉर्ड संख्या में अमेरिकियों ने अपने पवित्र अधिकार का इस्तेमाल किया...वह है मताधिकार... अपनी इच्छा को मतदान पेटी तक पहुंचाया। जरा सोचें कि वैश्विक महामारी के बीच, अमेरिका के इतिहास में सबसे अधिक लोगों ने वोट किया।

उन्होंने कहा, 15 करोड़ से अधिक लोगों ने वोट दिया। यह बेहद असाधारण है। बाइडन ने कहा, अगर आपको जानना है कि अमेरका के दिल की गहराई में क्या धड़कता है तो यह लोकतंत्र है। अपने जीवन, अपने अधिकार और अपने नेता को चुनने का अधिकार। सुनवाई का अधिकार। इस साल हमरे लोकतंत्र की परीक्षा हुई और हमने पाया कि इस देश के लोग इसमें खरे उतरे। उन्होंने कहा, अमेरिका में, हमारे पास पूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव हैं और फिर हम परिणामों का सम्मान भी करते हैं। इस देश के लोग और इसके काननू किसी और चीज के लिए नहीं है। वोट के जरिए, हमें नए सिरे से यह याद दिलाया जाता है कि प्रगति संभव है।

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने देश से एकजुट होने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा, आप चाहते हैं कि डेमोक्रेट्स, रिपब्लिकन्स और निर्दलीय सभी एक साथ आएं और एक साथ काम करें। मेरे दोस्तों उ मैं भी यही करना चाहता हूं। इस थैंक्सगिविंग पर यह बहुत कठिन लग रहा होगा, लेकिन हम एक बार फिर बड़ा सपना देखेंगे।

कोरोना वायरस के खिलाफ जंग पर बाइडन ने कहा कि इस देश में अमेरिकी करीब एक साल से वायरस से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे हमें दर्द मिला, हमें काफी नुकसान हुआ और हममें काफी कुंठा पैदा हुई है और करीब 2,60,000 अमेरिकियों की मौत हुई है और यह आंकड़ा अब भी बढ़ता जा रहा है। इसने हमें विभाजित कर दिया, हमें गुस्सा दिलाया और हमें एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया। मुझे पता है कि देश इन सब से थक चुका है। बाइडन ने कहा, लेकिन हमें याद रखना होगा कि हम वायरस के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, एक-दूसरे के खिलाफ नहीं। यह वही क्षण है, जहां हमें अपने प्रयास दोगुने करने होंगे.... याद रखें हम इसके खिलाफ एकसाथ हैं।

## ट्रंप ने पूर्व एनएसए माइकल फ्लिन को दी माफी

● न्याय विभाग द्वारा जनरल फ्लिन के मामले की एक स्वतंत्र समीक्षा की गई और वह इस निष्कर्ष का समर्थन करता है

**भाषा**। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइकल फ्लिन को माफी देने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। फ्लिन पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रंप के अभियान दल और रूस के बीच संभावित मिलीभगत को लेकर एफबीआई के समक्ष गलत बयान देने का आरोप लगाया गया था। ट्रंप ने बुधवार को कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए.ट्रंप ने ट्वीट किया, मुझे यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि जनरल माइकल टी. फ्लिन को पूरी तरह माफ कर दिया गया है। जनरल फ्लिन और उनके परिवार को बधाई। मुझे पता है यकीनन अब आप अच्छे से थैंकसगिविंग मना पाएंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कायले मैकनेनी ने कहा, राष्ट्रपति ने जनरल फ्लिन को माफी दे दी है क्योंकि उन पर कभी मुकदमा चलाया ही नहीं जाना चाहिए था। न्याय विभाग द्वारा जनरल फ्लिन के मामले की एक स्वतंत्र समीक्षा की गई और वह इस निष्कर्ष का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि वास्तव में, न्याय विभाग दृढ़ता से इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि फ्लिन के खिलाफ आरोप हटाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, यह पूर्ण क्षमा, अंततः एक निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ पक्षपातपूर्ण मुकदमे को खत्म करती है।





वाशिंगटन में नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस व उनके पति डाउग इमोफ लोगों का अभिवादन करते हुए

# तुर्की में 2016 के तख्तापलट को लेकर पायलटों नागरिकों को आजीवन कारावास की सजा

● अनादोलु संवाद समिति ने बताया कि अदालत ने चार लोगों को देश के खिलाफ अपराध राष्ट्रपति की हत्या का प्रयास और हत्या के मामले में सजा सुनाई और उन्हें अलग-अलग 79 आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**एपी**। अंकारा

**तुर्की की** एक अदालत ने, 2016 में तख्तापलट के एक असफल प्रयास में संलिप्तता के दोषी पाए गए कई सैन्य अधिकारियों और नागरिकों को एक हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह जानकारी सरकारी संवाद समिति ने दी।राजधानी अंकारा के बाहरी इलाके में स्थित अकिंसी हवाई अड्डे पर पिछले तीन वर्षों से 475 लोगों पर मुकदमा चल रहा था जिनमें जनरल और लड़ाकू विमानों के पायलट भी शामिल हैं। इन सभी पर तख्तापलट करने और संसद भवन के एक हिस्से सहित महत्वपूर्ण सरकारी भवनों पर बमबारी करने का आदेश देने का आरोप है।अमेरिका के मौलाना फतुल्ला गुलेन के नेतृत्व में एक नेटवर्क के संदिग्ध सदस्यों के खिलाफ चल रहे दो मुख्य मुकदमों में यह बड़ा मुकदमा भी शामिल है। अंकारा का आरोप है कि गुलेन ने विफल प्रयास का षड्यंत्र रचा।गुलेन ने तख्तापलट में संलिप्तता से इंकार किया है। तख्तापलट के प्रयास के कारण करीब 220 लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग जख्मी हो गए थे। इसमें तख्तापलट के करीब 30 षड्यंत्रकारी भी मारे गए।

अनादोलु संवाद समिति ने बताया कि अदालत ने चार लोगों को देश के खिलाफ अपराध, राष्ट्रपति की हत्या का प्रयास और हत्या के मामले में सजा सुनाई और उन्हें अलग-अलग 79 आजीवन कारावास की सजा सुनाई।अनादोलु ने बताया कि कम से कम 21 प्रतिवादियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई जिनमें पायलट और कमांडर भी शामिल हैं। अन्य प्रतिवादियों की सजा अभी नहीं सुनाई गई है।अदालत ने कहा कि गुलेन और चार अन्य प्रतिवादियों पर आरोपों को लेकर अलग मुकदमा चलेगा।अभियोजकों ने आरोप लगाया कि तख्तापलट के षड्यंत्रकारियों ने अकिंसी हवाई अड्डे का इस्तेमाल अपने मुख्यालय के तौर पर किया। तख्तापलट की रात को तुर्की के तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल हुलिसी अकार और अन्य कमांडरों को कई घंटे तक हवाई अड्डे पर बंधक बनाकर रखा गया। हुलिसी वर्तमान में देश के रक्षा मंत्री हैं।तख्तापलट के बाद कार्वाई के तहत मुकदमे की शुरुआत एक अगस्त 2017 को हुई थी, जिसके तहत करीब 77 हजार लोगों को कैद में डाला गया और एक लाख 30 हजार लोगों को सरकारी नौकरियों से निकाला गया।

# अबू धाबी के राजकुमार के साथ भारत-यूएई संबंधों को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने की चर्चा

**भाषा**। अबू धाबी

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने खाड़ी देश की यात्रा के दौरान अबू धाबी के शाहजादे शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नाहयान के साथ कोविड महामारी के बाद भारत और यूएई के बीच रणनीतिक सहयोग और संबंधों के बेहतर होने पर चर्चा की।दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी बातचीत की। जयशंकर बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सेशेल्स के छह दिवसीय दौरे के दूसरे पड़ाव में बुधवार रात को यहां पहुंचे। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बीच जयशंकर की बहरीन की पहली यात्रा काफी महत्वपूर्ण समझी जा रही है।जयशंकर ने बुधवार देर रात ट्वीट किया, अबू धाबी आने पर मेरा स्वागत करने के लिए मोहम्मद बिन जाएद का धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुभकामनाएं दी हैं। यूएई के भारतीय समुदाय की तरफ यूएई का देखभाल भरा रवैया सराहना योग्य है। उन्होंने कहा, कोविड के बाद के दौर में हमारे रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत हुई। कोरोना वायरस के कारण यूएई में अब तक कुल 1,63,000 लोग संक्रमित हो चुके हैं और 563 लोगों की मौत हो चुकी हैं। विदेश मंत्री के दौरे से पहले ही विदेश मंत्रालय ने कहा था कि यूएई में 30 लाख से अधिक भारतीय रहते हैं और रोजगार करते हैं।अबू धाबी में भारतीय दूतावास की वेबसाइट के अनुसार, लगभग 30.4 लाख का भारतीय प्रवासियों का समुदाय संयुक्त अरब अमीरात में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है और देश की कुल आबादी का 30 प्रतिशत है। अपने दौरे के अंतिम चरण में विदेश मंत्री 27 और 28 नवंबर को सेशेल्स की यात्रा करेंगे। सेशेल्स में जयशंकर वहां के नेतृत्व से वार्ता करेंगे।



सिओल के राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मून जेई इन व चीन के विदेश मंत्री वांग यी समझौते के बाद मिलते हुए

## क्विक न्यूज

### ऋषि सुनक ने आतंकवाद निरोधक संचालन केंद्र बनाने के लिए बजट आवंटित किया

**लंदन**। ब्रिटेन के चांसलर ऋषि सुनक ने लंदन मे आतंकवाद निरोधक संचालन केंद्र (सीटीओसी) बनाने के लिए लाखों पाउंड आवंटित करने की घोषणा की है। बुधवार को संसद में पेश अगले साल की बजटीय योजनाओं के लिए खर्च की समीक्षा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि वे 2021-22 में 6,000 नए अधिकारियों के साथ 2023 तक 20,000 और पुलिस अधिकारियों की भर्ती में मदद करने के लिए अतिरिक्त 40 करोड़ पाउंड, आर्थिक अपराध से निपटने के लिए 6.3 करोड़ पाउंडअ और सीओटीसी सहित आपराधिक न्याय प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए 33.7 करोड़ पाउंड अतिरिक्त धन आवंटित करेंगे। सुनक ने कहा कि हमारी पुलिस और खुफिया एजेंसियां हम सभी को आतंकवाद से बचाने के लिए लगातार काम करती है।उन्होंने कहा कि इन सभी को एक साथ लाने के उद्देश्य से एक विश्व अग्रणी संचालन केंद्र उन्हें सरकार के सथ मिलकर काम करने की अनुमति देगा।ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने कहा, हम अपनी पुलिस, खुफिया एजेंसियों और आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रति ऋणी है जो हमें आतंकवाद से सुरक्षित रखने के लिए हर दिन अथक परिश्रम करते है। यह विश्व-अग्रणी केंद्र सभी को मिलकर काम करने के लिए एकीकृत करेगा ताकि हम राष्ट्र के सामने आने वाले खतरों का जवाब दे सकें।

### पाकिस्तान ने संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघन पर भारतीय राजनयिक को तलब किया

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा संघर्ष विराम समझौते के कथित उल्लंघन पर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए बृहस्पतिवार को भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया।विदेश कार्यालय ने कहा कि बुधवार को एलओसी के बगसार सेक्टर में अंधाधुंध और बिना किसी उकसावे के की गई गोलीबारी के कारण गढ़ी गांव के निवासी 33 वर्षीय अंसार की मौत हो गई। विदेश कार्यालय ने कहा कि भारत से 2003 के संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने, इस घटना की तथा संघर्ष विराम उल्लंघन की ऐसी ही कुछ अन्य घटनाओं की जांच कराने तथा एलओसी और कामकाजी सीमा पर शांति बनाए रखने का आह्वान किया गया।

### पाकिस्तान : बिलावल भुट्टो कोरोना वायरस से संक्रमित

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान मे विपक्षी पार्टी पीपीपी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के 32 वर्षीय अध्यक्ष और देश की दो बार प्रधानमंत्री रही बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके संक्रमित होने की पुष्टि होने के बाद से वह पृथक-वास में चले गए है। बिलावल ने ट्वीट किया, मै कोविड-19 से संक्रमित पाया गया हूं और स्वयं पृथक-वास मे हूं। मुझमे बीमारी के मामूली लक्षण है। मै घर से काम करना जारी रखूंगा और वीडियो लिंक के माध्यम से पीपीपी स्थापना दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करूंगा। उनके राजनीतिक सचिव जमील सूमरो के संक्रमित पाए जाने के बाद, उन्होंने बुधवार को खुद को राजनीतिक गतिविधियों से दूर रखने का फैसला किया था। इस बीच पाकिस्तान में बीते 24 घंटे मे कोरोना वायरस के 3,306 नए मरीजो की पुष्टि हुई जिसके बाद बृहस्पतिवार को कुल मामले बढ़कर 3,86,198 पहुंच गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीमारी के कारण 40 और लोगो ने दम तोड़ दिया है। मृतक संख्या 7,843 पहुंच गई है। उसने बताया कि देश में संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजो की संख्या 43,963 है।

### पाकिस्तान 26/11 हमलों के 12 साल बाद भी लश्कर के 19 वांछित आतंकवादियों को पकड़ने में नाकाम

**लाहौर**। मुंबई में हुए 26/11 हमलो के 12 वर्षो बाद, पाकिस्तान ने प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के 19 आतंकवादियो को इस वारदात को अंजाम देने के लिए सर्वाधिक वांछित आतंकवादियो की सूची मे रखा तो जरूर लेकिन उन्हे पकड़ने के लिए उसने कोई गंभीर प्रयास नही किए और न ही उन सात आतंकियो को दंडित करने की कोई कोशिश की जो यहां मुकदमे का सामना कर रहे है। सुरक्षा एजेंसियो को यहां इन 19 सर्वाधिक वांछित आतंकवादियो के पते-ठिकाने की कोई जानकारी नही। उनमे से कुछ पाकिस्तान में छिपे है और अन्य के बारे मे माना जाता है कि वे देश छोड़कर भाग गए है। ये आतंकवादी या तो हमलावरो द्वारा इस्तेमान नावो के चालक दल के सदस्य थे या फिर 26I11 हमले के लिए आर्थिक मदद करने वाले। लश्कर के इन 19 आतंकवादियो को सूची मे शामिल करने का कदम संभवतः पेरिस स्थित वैश्विक धन शोधन व आतंकी वित्त पोषण निगरानी संस्था के पाकिस्तान को फरवरी 2021 तक ग्रे सूची मे रखने के फैसले के बाद किया गया। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने पाकिस्तान के छह प्रमुख दायित्वो को पूरा करने मे विफल रहने पर यह फैसला किया था। पाकिस्तान जिन दायित्वो को पूरा करने मे विफल रहा उनमे भारत के दो सर्वाधिक वांछित आतंकवादी- जमात-उद-दावा के प्रमुख हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के खिलाफ कार्रवाई करना भी शामिल था। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के अधिकारियो ने पीटीआई को बताया कि सुरक्षा एजेंसियो ने पाकिस्तान में 1200 सर्वाधिक वांछिता प्रमुख आतंकवादियो की सूची तैयार की है जिससे उन्हे पकड़ने मे विभिन्न प्राधिकारो के बीच बेहतर समन्वय रहे।

# भारत और नेपाल ने आपसी सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई

● नेपाली विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह एक वक्तव्य जारी कर कहा था कि यह दौरा दोनों पड़ोसी देशों के बीच जारी उच्च स्तरीय बातचीत का एक हिस्सा है

**भाषा**। काठमांडू

**भारत के** विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला और उनके नेपाली समकक्ष भरत राज पौडयाल के बीच बृहस्पतिवार को एक बैठक हुई। बैठक के दौरान भारत और नेपाल आपसी सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम करने पर सहमत हुए।

श्रृंगला नेपाल की अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। नेपाली विदेश सचिव भरत राज पौडयाल के आमंत्रण पर पहुंचे श्रृंगला का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

काठमांडू में भारतीय दूतावास की ओर से ट्वीट किया गया, विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला और भरत राज पौडयाल के बीच सकारात्मक बातचीत हुई। बैठक के दौरान उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

एक अन्य ट्वीट में दूतावास ने कहा, दोनों पक्षों ने विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहल पर हुई प्रगति की सराहना की। आपसी सहयोग को बढ़ाने के दिशा में काम करने पर सहमति जताई गई।

श्रृंगला बृहस्पतिवार की सुबह त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय संवाददाताओं से कहा, मैं यहां पहले भी आना चाहता था लेकिन कोविड-19 के चलते नहीं आ सका था। यहां आकर मैं बहुत खुश हूं। मैं काठमांडू पहले भी आया हूं, हालांकि विदेश सचिव के तौर पर यह मेरी पहली नेपाल यात्रा है। हमारे सबंध बहुत मजबूत हैं। इस रिश्ते को और प्रगाढ़ करने का हमारा प्रयास होगा। उन्होंने कहा, मैं नेपाल की सरकार और विदेश सचिव को गर्मजोशी से किए गए इस स्वागत के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। हम महत्वपूर्ण मुद्दों पर बैठक करने वाले हैं। मेरी पहली मुलाकात नेपाल के विदेश सचिव से होगी और उसके बाद मैं विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली से भेंट करूंगा। मैं काठमांडू में गणमान्य व्यक्तियों से भी मुलाकात करूंगा।

नेपाली विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह एक वक्तव्य जारी कर कहा था कि यह दौरा दोनों पड़ोसी देशों के बीच जारी उच्च स्तरीय बातचीत का एक हिस्सा है।मंत्रालय के अनुसार श्रृंगला बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली और राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी से भी मुलाकात करेंगे।

शुक्रवार को वह काठमांडू में स्थित होटल सोल्टी क्राउन प्लाजा में भारत-नेपाल संबंधों पर एक व्याख्यान देंगे और गोरखा में भारत की सहायता से निर्मित हुए तीन स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। शुक्रवार को यात्रा के समापन से पहले श्रृंगला, नेपाली सरकार को कोविड-19 से मुकाबले के लिए सहायता सामग्री सौंपेंगे।

वर्ष 2015 में आए भूकंप के केंद्र गोरखा में पचास हजार घरों का निर्माण कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया था जिनमें से चालीस हजार घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। श्रृंगला, तिब्बत सीमा पर स्थित मनंग जिले में एक बौद्ध मठ का उद्घाटन भी करेंगे जिसका पुनर्निर्माण भारत की सहायता से किया गया है।

इस बीच, श्रृंगला के भारत लौटने के कुछ समय बाद ही चीन के रक्षा मंत्री जनरल वेई फेंगे के नेपाल दौरे पर आने का कार्यक्रम निर्धारित है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने यहां जानकारी दी। वेई रविवार को यहां चार दिवसीय दौरे पर आ सकते हैं, हालांकि यात्रा की तारीख की आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं की गई है।

## 26/11: भारत के साथ है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति दृढ़ : अमेरिका

**भाषा**। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** कहा है कि वह भारत के साथ है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए दृढ़ है। साथ ही मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए दोषियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को भीषण आतंकवादी हमला हुआ था।अमेरिकी विदेश मंत्रालय की उप प्रवक्ता काल ब्राउन ने बुधवार को कहा, न्याय के लिए इनाम योजना के जरिए हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि इस जघन्य हमले के सभी दोषियों को न्याय के दायरे में लाया जाए। ब्राउन ने कहा, मुंबई 26I11 हमले की 12वीं बरसी पर अमेरिका दोषियों को न्याय के दायरे में लाने और अमेरिका के छह नागरिकों सहित सभी पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। अपने भारतीय साझेदारों के साथ खड़े रहते हुए हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति दृढ़ हैं। गौरतलब है कि पकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दस आतंकवादियों ने पूरे मुंबई में चार दिन तक 12 आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया था। 26 नवंबर 2008 को हुए इन हमलों में छह अमेरिकियों और नौ आतंकवादियों सहित कम से कम 166 लोग मारे गए थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे।ताजमहल होटल, ओबेरॉय होटल, लियोपोल्ड कैफे, नरीमन (चबाड) हाउस और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन आदि को निशाना बनाया गया था। विदेश मंत्रालय ने बताया कि न्याय के लिए इनाम कार्यक्रम इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों के संबंध में सूचना देने पर 50 लाख डॉलर तक का इनाम देने की पेशकश करता है। इस बीच भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों ने मुंबई आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।


## ट्रेंड बाजार

### कभी न भूलें- क्यों की थी शुरुआत?

**अभिनेता** राजकुमार राव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से कुछ ज्ञान की बातें साझा की हैं। इंस्टाग्राम पर एक फोटो साझा करते हुए उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'आपने प्रारंभ क्यों किया था, इसे कभी विस्मृत न कीजिये।' राजकुमार राव की फिल्म लूडो हाल ही में रिलीज़ हुई है। अनुराग बसु निर्देशित इस फिल्म में चार कहानियां हैं और इसमें एक अलग प्रकार के हास्य को चित्रित करने का एक अनूठा प्रयास किया गया है। उनके साथ फिल्म में अभिषेक बच्चन, फातिमा सना शेख, रोहित सर्राफ, आदित्य रॉय कपूर, पंकज त्रिपाठी तथा सान्या मल्होत्रा आदि ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। उनकी आने वाली फिल्मों के नाम हैं 'बधाई दो तथा रूहीअज़ा।




### सानिया मिर्जा ने दिया मिथ्या धारणाओं से मुक्ति का संदेश



**प्रख्यात** टेनिस खिलाड़ी सान्या मिर्ज़ा का कहना है, 'हमारे देश में टीबी आज भी सावर्जनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा मानी जाती है। इसके आज तक केवल 40 प्रतिशत प्रकरणों का पता चल सका है और यही कारण है कि हमें इस संबंध में किसी भी प्रकार की मिथ्याधारणाओं से मुक्ति पानी होगी। एमटीवी निषेध अलोन टुगेदर, कार्यक्रम इस संदेश को अनूठे एवं प्रभावी ढंग से लोगो तक पहुंचाने में लगा है।'

### शाकाहारी भोजन प्रिय है मानुषी छिल्लर को



**मिस** वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर अपना बॉलिवुड पदार्पण फिल्म पृथ्वीराज के माध्यम से कर रही हैं जिसमें उनके सामने अक्षय कुमार हैं उनका कहना है कि वो शाकाहारी हैं और उन्हें ये प्रिय है। अंतर्राष्ट्रीय मांसरहित दिवस पर उन्होंने अपने संदेश में कहा, 'मेरे लिए शाकाहारी होना एक व्यक्तिगत चयन का विषय था। मैं सदा ही शाकाहारी थी और आगे भी रहूंगी क्योंकि मेरे माता-पिता शाकाहारी हैं और ये मैंने उनसे ही सीखा है। लेकिन उन्होंने ये मुझपर थोपा नहीं है। मैंने ही इसे चुना है जब मैंने ये अनुभव किया कि ये मुझे अच्छा लगता है और मैं इसके माध्यम से अधिक फिट, स्वस्थ तथा पौधा आधारित भोजन मुझे अच्छा पड़ता है। मुझे इसमें पूरा विश्वास भी है।

### ग्रैमी से कुपित हुए जस्टिन बीबर

**गायक** जस्टिन बीबर को इस बार उनके एलबम चेंजेज़, के लिए चार ग्रैमी नामांकन मिले हैं। उन्हें बेस्ट पॉप परफॉर्मेंस, बेस्ट पॉप डुओ/ग्रुप परफॉर्मेंस, बेस्ट पॉप वोकल एलबम तथा बेस्ट कंट्री डुओ/ग्रुप परफॉर्मेंस श्रेणियों में ये नामांकन प्राप्त हुए हैं।

बीबर ने इस घोषणा के बाद अकादमी को इंस्टाग्राम पर एक पत्र लिखा जिसमें उन्होंने एक आरएंडबी एलबम बनाने के अपने एक मिशन को उचित सम्मान न मिलने के बारे में बताया।

उन्होंने लिखा, 'टू द ग्रैमी, अपनी कला के लिए सम्मान दिये जाने पर मैं अत्यधिक हर्षित हूं। अपने संगीत के संबंध में मैं बहुत चयनशील और सटीक रहना चाहता हूं। लेकिन मैंने एक आरएंडबी एलबम बनाया था। चेंजेज़ एक आरएंडबी एलबम है लेकिन दुख है कि इसे वो मान्यता नहीं दी जा रही।'



# ओटीटी शो 'दिल्ली क्राइम' को मिला एमी पुरस्कार

**फिल्म 'दिल्ली क्राइम को 48वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवार्ड से विभूषित किया गया है। इससे पता चलता है कि ओटीटी प्लेटफार्म पर कहानियों की गुणवत्ता में आए हालिया बदलाव को पूरी दुनिया मान्यता प्रदान कर रही है। विदित हो कि हमारे मुख्यधारा के सिनेमा को ये सम्मान कभी प्राप्त नहीं हो सका।**



**धीर-धीरे** ही सही भारत और भारतीयता को पश्चिम के शो बिजनेस में उचित स्थान मिलने लगा है। ओटीटी स्पेस पर देश की बढ़ती उपस्थिति के चलते ही ऐसा संभव हो सका है। नेटलिक्स पर चल रही सीरीज़ दिल्ली क्राइम को 48वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवार्ड समारोह में 'सर्वश्रेष्ठ ड्रामा श्रेणी' में ये पुरस्कार दिया गया। जैसा कि शेफाली शाह ने कहा भी है, 'इससे हमारे प्रयासों को चार चांद लग गए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कहानियों की गुणवत्ता में आए हालिया बदलाव को पूरी दुनिया मान्यता प्रदान कर रही है लेकिन हमारे मुख्यधारा सिनेमा को ये स्थान और सम्मान कभी प्राप्त नहीं हो सका।

ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी भारतीय शो को कोई अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कार प्राप्त हुआ हो। लेखक और निर्देशक रिची मेहता की सात एपिसोड वाली इस सीरीज़ में शेफाली शाह को डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी का मुख्य चरित्र निभाने को मिला है। वो इसमें दिसंबर 2012 में दिल्ली में हुए वीभत्स सामूहिक बलात्कार की जांच कर रही हैं। शेफाली का कहना है, 'मैं अभिभूत हूं और हर्षोन्माद जैसा कुछ अनुभव कर रही हूं। ये अद्भुत अनुभूति है। मैं इस सीरीज़ का हिस्सा बनने पर गर्व का अनुभव कर रही हूं। ये हमारे प्रयासों को एक महान स्वीकृति जैसी है और मेरे बिना भी दिल्ली क्राइम अपने प्रारंभ से ही विजेता शो रहा है। पहले दिन से ही मुझे पता था कि ये एक विशेष शो होने वाला है। एमी से हम वैश्विक मानचित्र पर अंकित हो गए हैं ये सम्मान प्राप्त कर हमें गर्व है।' उन्होंने आगे बताया, 'हमारे देश और हमारे लिए ये महान विजय जैसी है। इस शो को दर्शकों का जो स्नेह मिला उसके लिए उन्हें हार्दिक धन्यवाद। हम इससे जुड़कर सम्मानित अनुभव कर रहे हैं ये एक ऐसा प्रयास था जिसने हमें वैश्विक मानचित्र पर अंकित कर दिया है। एमी आपके नामांकन और अनुभव के लिए आपका धन्यवाद। दिल्ली क्राइम की सुयोग्य टीम को बहुत बहुत बधाई।'

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद के अपने संबोधन में लेखक और निर्देशक मेहता ने निर्माता, ओटीटी प्लेटफार्म नेटलिक्स जिसपर ये शो दिखाया जा रहा है, कास्टिंग टीम तथा कलाकारों तथा विशेष रूप से शेफाली शाह अपने माता-पिता तथा पत्नी तथा सनडांस फिल्म फेस्टिवल तथा दिल्ली पुलिस की टीम जिसके प्रमुख थे नीरज कुमार छाया शर्मा का विशेष उल्लेख किया जिनके कारण ये शो संभव हो सका।

मेहता ने कहा, 'इस परियोजना को महिलाएं ही नेतृत्व प्रदान कर रही थीं, इसके वित्तपोषण तथा रिलीज़ का पूरा काम महिलाओं ने किया, इस अपराध को सॉल्व भी महिलाओं ने ही किया था। ये पुरस्कार इन्हीं महिलाओं के साहस के लिए है तथा उनके लिए भी जो हिंसा सहते हुए भी ऐसे अपराधों का पटाक्षेप भी करने में सफल रहती हैं।' उन्होंने पीड़ित लड़की तथा उसकी मां को श्रद्धांजलि प्रदान करते हुए कहा, 'अंततः एक निडर मां और उसकी बेटी का उल्लेख आवश्यक है। एक दिन भी नहीं गुजरता जब मैं आप दोनों तथा दुनिया द्वारा आपके साथ किये गए घृणित अपराध के बारे में नहीं सोचता हूं। आशा है कि हम इस अपराध को कभी विस्मृत न करें।' इस कल्पना आधारित अपराध ड्रामा सीरीज़ में रसिका दुग्गल, आदिल हुसैन, राजेश तेलंग, अविजित दत्त तथा गोपाल दत्त एवं जया भट्टाचार्य, डेंज़िल स्मिथ, यशश्विनी दायमा जैसे कलाकारों ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं। रसिका ने बताया, 'दिल्ली क्राइम हमेशा हमारे हृदय के निकट रहेगी क्योंकि इसमे पितृसत्तात्मक समाज में वर्तिका, नीति, चांदनी जैसी महिलाओं का योगदान रेखांकित किया गया है। साथ ही इसमें ये भी बताया गया है कि एक समाज के रूप में हम सभी इस 2012 के बलात्कार के घटने के लिए कहीं न कहीं दोषी हैं।'

## बॉलीवुड ने 26/11 के पीड़ितों और शहीदों को किया याद



**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, उर्मिला मातोंडकर और कई अन्य बॉलीवुड हस्तियों ने मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों व नागरिकों को बृहस्पतिवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि राष्ट्र अपने जवानों के बलिदानों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के 10 आतंकवादी 26 नवंबर 2008 को समुद्र के रास्ते मुंबई में घुस आए थे और उन्होंने 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 166 लोगों की हत्या कर दी थी। करीब साठ घंटे तक चली जवाबी कार्वाई में लगभग 300 लोग घायल भी हो गए थे। अक्षय कुमार ने ट्वीट कर कहा, मुंबई के लोग 26।11 को कभी नहीं भुलेंगे। मुंबई आतंकी हमले के शहीदों और पीड़ितों को मेरी श्रद्धांजलि। हम जवानों के सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेंगे। मुंबई पुलिस के एक ट्वीट पर जवाब देते हुए 46 वर्षीय अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने शहीदों की तस्वीरों का एक कोलाज साझा किया और लिखा, 26।11 के शहीदों और पीड़ितों को श्रद्धांजलि। मुंबई शहर के लोगों की मजबूती और खुले दिल को सलाम। आपके बलिदानों के लिए हम सब हमेशा ऋणी रहेंगे और आप हमारे दिलों में रहेंगे। अभिनेता रणवीर शौरी और अभिनेत्री रवीना टंडन ने भी हमले के पीड़ितों और शहीदों के लिए दुआ करते हुए कहा कि वे उनकी कुर्बानी को कभी नहीं भूल पाएंगे। अभिनेता रणदीप हूडा ने 26।11 हमले के बम निरोधी श्वान दस्ते का एक वीडियो साझा किया है जिसने हमलों के दौरान कई बमों तथा आरडीएक्स का पता लगाने में मदद की थी। हूडा ने ट्वीट किया मुंबई हमले के बाद 12 साल बीत गए। शहीद और पीडति हमेशा यादों में रहेंगे। आतंकवादियों ने ताजमहल होटल, ओबेरॉय होटल, लियोपोल्ड कैफे, नरीमन (चबाड) हाउस और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन आदि को निशाना बनाया था। इस हमले में आतंकवाद रोधी दस्ते के प्रमुख हेमंत करकरे, एनएसडी कमांडो मेजर संदीप उन्नीकृष्णन, मुंबई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अशोक कामटे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय सालस्कर और सहायक उप निरीक्षक तुकाराम ओम्ब्ले शहीद हो गए थे। सुरक्षाबलों की कार्वाई में नौ आतंकवादी मारे गए थे। अजमल कसाब नामक एकमात्र आतंकी जीवित पकड़ा गया था जिसे 21 नवंबर 2012 को फांसी दे दी गई थी।

## नसीरुद्दीन शाह को नहीं है कोई खेद



**जिस प्रकार** की कला का परिचय उन्होंने फिल्म पार, स्पर्श, पेस्टनजी, जुनून, मिर्च मसाला, जाने भी दो यारो में दिया और इसके बाद मासूम, अ वेडनेसडे, जलवा, द डर्टी पिक्चर या फिर इश्किया में उनका मंझा अभिनय रहा हो। इन सभी भूमिकाओं में हमें नसीरुद्दीन शाह का हर बार एक नया रूप देखने को मिला है। आज वो 70 वर्ष के हैं लेकिन कहना ही होगा कि वो टीवी के छोटे परदे से लेकर अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उतने ही सफल अभिनेता साबित हो रहे हैं। उनकी सीरीज़ बंदिश बैंडिट में उनका अभिनय देखते ही बनता है। अपने चार दशक के फिल्मी कॅरियर में ऐसा कम ही रहा है जब उनके अभिनय का जादू न चला हो लेकिन उनका कहना है कि ऐस अवसरों का भी उन्हें किसी प्रकार का पछतावा नहीं है, 'जीवन में मुझे किसी प्रकार का पछतावा नहीं हैं। मुझसे त्रुटियां हुई हैं लेकिन मैंने उन्हें सुधारा भी है। मैंने उनसे कुछ सीखकर जीवन में आगे बढ़ने को प्राथमिकता दी। यदि मुझे किसी प्रकार का खेद हो तो मैं एक मूर्ख से अधिक कुछ नहीं हूं। मैंने कई भयानक फिल्मों में भी काम किया। कुछ को तो मैं ही खा गया। उन फिल्मों में काम करने हुए मुझे अच्छा नहीं लगा होगा लेकिन मुझे उन्हें करने का भी किसी प्रकार का खेद नहीं है। मेरे हर निर्णय ने मुझे कुछ न कुछ तो सिखाया ही है।'

## आर्या धरमचंद एण्डटीवी के शो येशु में निभाएंगे जोसेफ की भूमिका



**टेलीविजन** की दुनिया में दमदार किरदार निभाने वाले लोकप्रिय अभिनेता आर्या धरमचंद एण्डटीवी के आगमी शो येशु में येशु के पिता जोसेफ की भूमिका में नजर आएंगे। आर्या को सोनाली निकम (मेर) और बाल कलाकार विवान शाह (येशु) के साथ मुख्य भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा। मेरी की येशु को बड़ा करने और उसे जिन्दगी के सही मायने समझाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अपने इस नए रोल पर टिप्पणी करते हुएए आर्या धरमचंद ने कहाए ष्मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस शो में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। मैंने अपने पूरे कॅरियर में कई तरह के किरदार निभाए हैंए लेकिन ये किरदार वाकई में बहुत खास है। इस शो का हिस्सा होने पर मुझे वाकई गर्व और खुशी महसूस हो रही है। इस भूमिका की तैयारी के लिएए मैंने बहुत सारी पठन सामग्रियों को खंगालना शुरू किया जिसमें स्क्रिप्ट और रिसर्च के पीसेस भी शामिल हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि दर्शक मुझे इस नए अवतार में बहुत पसंद करेंगे। मैं इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।ष्हिंदी के सामान्य मनोरंजन चैनलों में एण्डटीवी पहली बारए येशु की अनकहीए अनसुनी कहानी को लेकर आ रहा है जिसे अरविन्द बब्बल प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रोड्यूस किया गया है। येशु विशेष रूप से एक परोपकारी बच्चे की कहानी है जो सिर्फ अच्छी चीजें करता है और अपने आसपास खुशियां फैलाता है। सभी के लिए उसका प्यार और करुणा बुराई के बिलकुल विपरीत हैए शैतानी शक्तियां उनके जन्म और बचपन के समय जोरों पर थीं। अपने परिवार और समाज पर होने वाले अत्याचारों को देखकर उनके मन पर गहरा असर पड़ा। दूसरे लोगों की मदद करने और उनके दर्द को कम करने की कोशिश अक्सर उन्हें ऐसी राह पर ले जाती थी जहां वह निश्चित रूप से आहत होते थे और न सिर्फ उत्पीड़कों बल्कि भारी संख्या में लोगों द्वारा उनकी निंदा की जाती थी। लेकिन इन सब बातों ने भी येशु को उनके मार्ग से हटने नहीं दिया। यह सिर्फ अच्छाई और बुराई के बीच के सिर्फ सबसे अच्छी कहानी ही नहीं है बल्कि इसमें येशु और उसकी मार्गदर्शक और सहयोगी उसकी मां की खूबसूरत कहानी को बयां किया गया है। अधिक जानने के लिए देखिये येशु जल्द आ रहा है एण्डटीवी पर!


## दूल्हा निकला कोरोना संक्रमित नव-दंपति गए गृह पृथकवास में

**भाषा।** पिथौरागढ़

**दूल्हे** की जांच रिपोर्ट में उसके कोविड-19 से पीड़ित होने का पता चलने के बाद नवविवाहित दंपति को विवाह समारोह के तुरंत बाद घर में पृथक कर दिया गया। दूल्हे की कोविड जांच रिपोर्ट विवाह की रस्मों के दौरान ही मालूम हुई। विवाह के लिए दिल्ली से पिथौरागढ़ के चेरा गांव आते समय रास्ते में चंपावत में दूल्हे की कोविड जांच की गई थी। दूल्हे की कोविड जांच रिपोर्ट लेकर विवाह स्थल पर पहुंचे पिथौरागढ़ के तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि यह घटना बुधवार रात सामने आई। उन्होंने बताया कि विवाह की बची हुई रस्मों को कोविड-19 संबंधी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पूरा किया गया और समारोह समाप्त होते ही दंपति को पृथक कर दिया गया। विवाह में शामिल हुए सभी ग्रामीणों के नमूने भी कोविड जांच के वास्ते लिए जा रहे हैं।

## कोविड-19 से प्रभावित अधिकतर लोगों के फेफड़े ठीक हो गए : अध्ययन

**भाषा।** लंदन



**कोविड-19** से बुरी तरह प्रभावित रोगियों के फेफड़ों के उत्तक अधिकतर मामलों में ठीक हो गए। एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। नीदरलैंड के रेडबाउंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि अस्पतालों के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती रोगी ज्यादा अच्छे तरीके से ठीक हो पाए। क्लीनिकल इन्फेक्शियस डिजीजेज़ पत्रिका में यह अध्ययन प्रकाशित हुआ है। कोविड-19 से बुरी तरह संक्रमित होने के बाद ठीक हो चुके 124 रोगियों को इस अध्ययन में शामिल किया गया। रोगियों की जांच सीटी स्कैन से की गई और उनके फेफड़ों की भी जांच की गई। तीन महीने के बाद शोधकर्ताओं ने जायजा लिया और पता चला कि रोगियों के फेफड़ों के उत्तक अच्छी तरह से ठीक हो चुके हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि फेफड़े के उत्तक में क्षति सामान्य तौर पर सीमित थी और उन रोगियों में ज्यादा थी जिनका इलाज आईसीयू में हुआ। अध्ययन के मुताबिक, तीन महीने के बाद सबसे सामान्य शिकायत थकान, सांस फूलना और सीने में दर्द की थी। फेफड़ा रोग विशेषज्ञ ब्रैम वान डेन बॉर्स्ट ने कहा, निमोनिया या एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (एआरडीएस) से ठीक हुए मरीजों की भांति लक्षण इन रोगियों में भी दिखे, जिनमें फेफड़ों में तरल पदार्थ जम जाता है। अध्ययन में रोगियों को तीन श्रेणियों में विभक्त कर दिया गया -- एक समूह जो आईसीयू में भर्ती था, दूसरे समूह में अस्पताल के नर्सिंग वार्ड में भर्ती रोगी थे और ऐसे लोग तीसरे समूह में थे जिनमें लक्षण थे लेकिन वे घर पर ही रहे। अध्ययन में आकलन किया गया कि तीन महीने के बाद रोगियों पर क्या प्रभाव रहा।

## सिने सितारों ने कहा, बहुत शीघ्र छोड़कर चले गए माराडोना



**मुंबई लंदन।** बॉलीवुड सितारों शाहरुख खान, अजय देवगन, निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी और आसिफ कपाड़िया सहित कई फिल्मी हस्तियों ने दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अर्जेंटीना के इस महान फुटबालर को हमेशा याद किया जाएगा। दुनिया के महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की जीत के नायक डिएगो माराडोना का बुधवार को निधन हो गया। पिछले लंबे समय से वह कोकीन की लत और मोटापे से जुड़ी कई परेशानियों से जूझ रहे थे।

खेल के लिए अपने शैक के लिए मशहूर अभिनेता शाहरुख खान ने माराडोना की विश्वकप पकड़े एक तस्वीर साझा की और लिखा, आपको हमेशा याद रखा जाएगा और उम्मीद है कि आप जन्नत का उसी तरह से मनोरंजन करेंगे जैसे आपने इस दुनिया को रिझाया है।ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे। अपनी आगामी फिल्म मैदान में फुटबाल कोच का किरदार निभा रहे अजय देवगन ने ट्वीट किया, फिल्म मैदान के कारण मैं खेल को समझ पाया। वह एक दिग्गज फुटबॉलर और जुनूनी खिलाड़ी थे। उनके जाने से बहुत दुखी हूं। मोटवानी ने कहा कि माराडोना पहले फुटबॉल के खिलाड़ी थे जिसके बारे में उन्होंने सुना था। उन्होंने ट्वीट किया, 1986 का फाइनल मैच देखने के बाद मैंने फुटबॉल देखना शुरु कर दिया। विश्वास नहीं हो रहा कि वह इतनी जल्दी चले गए। फिल्मकार ने लोगों से भारतीय मूल के ब्रिटिश फिल्मकार आसिफ कपाड़िया द्वारा दिवंगत स्टार पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म डिएगो माराडोना देखने के लिए भी कहा। फुटबॉल और माराडोना के प्रशंसक, कपाड़िया ने कहा कि माराडोना की मौत को स्वीकार करना उनके लिए काफी मुश्किल है।ऑस्कर विजेता कपाड़िया ने ट्वीट किया, मैंने उनके साथ 10 घंटे बिताए थेउ मैंने उनके बाएं पैर को छुआ। हमने उनके असल व्यक्तित्व को दुनिया के सामने लाने की पूरी कोशिश की।